# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 261, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 556 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन सेंसेक्स 555 .95 अंक टूटकर 81,159 .68 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भाजपा ने धर्मेन्द्र प्रधान को नियुक्त किया बिहार का प्रभारी

भाजपा ने दो प्रमुख ओबीसी चेहरों और पार्टी के सबसे अनुभवी चुनाव प्रबंधक केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव को क्रमश: बिहार और बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना प्रभारी नियुक्त किया। } 16

### चतुर्थ-कूष्माण्डा



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥

दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद हल्की हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है।

## राष्ट्रपति ने वृन्दावन के मंदिरों में की पूजा-अर्चना

### सुदामा कुटी में संस्थापक स्वामी सुदामा दास महाराज की जन्मशती पर उनकी भजन स्थली का किया लोकार्पण

**मधुसूदन शर्मा**



मथुरा (उप्र)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को वृन्दावन के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची और विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति ने अपने दौरे के दौरान ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन किये और निधिवन पहुंच राधारानी की प्राकट्य स्थली निहारी एवं स्वामी हरिदास की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।

मुर्मू ने सुदामा कुटी में संस्थापक स्वामी सुदामा दास महाराज की जन्मशती पर उनकी भजन स्थली का लोकार्पण किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ आयीं उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मु, दामाद और दोनों नाती भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति विशेष ट्रेन से अपराह्न 10 बजे मथुरा के वृन्दावन रोड स्टेशन पहुंची। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण की अगुवाई में एक दल ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति सबसे पहले ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचीं, जहां मंदिर की समिति की ओर से अध्यक्ष अशोक कुमार एवं सदस्य दिनेश गोस्वामी ने उनका स्वागत किया। यहां राजभोग सेवाधिकारी शैलेंद्र गोस्वामी, गौरव गोस्वामी एवं फ्रैंकी गोस्वामी ने उन्हें देहरी पूजन एवं अष्टक पूजन कराया। राष्ट्रपति ने मंदिर में भेंट स्वरूप एक लिफाफा चढ़ाया।

इस मौके पर मंदिर को देश-विदेश से मंगाए गए विशेष फूलों से सजाया गया था और प्रांगण में कन्नौज से मंगाए गए गुलाब के इत्र का छिड़काव किया गया था, जिसकी खुशबू से सम्पूर्ण मंदिर परिसर महक उठा था। इस बीच, पिछले अनुभवों को देखते हुए जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति एवं उनके प्रियजनों को बंदरों की चपेट में आने से बचाने के लिए मंदिर एवं आसपास की छतों पर वन विभाग के लोगों को गुलेल तथा एयरगन देकर तैनात किया था, जिससे कोई भी अप्रिय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रेन से मिसाइल का सफल परीक्षण

### अग्नि प्राइम की 2,000 किलोमीटर तक मार करने की क्षमता

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। भारत ने रेल आधारित मोबाइल प्रक्षेपण प्रणाली से 2,000 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जिससे देशभर में इस मिसाइल को तैनात करने की इसकी क्षमता प्रदर्शित हुई है। अगली पीढ़ी की मिसाइल के परीक्षण के एक दिन बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि इससे भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल प्रक्षेपण करने की क्षमता है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सामरिक बल कमान (एसएफसी) के सहयोग से बुधवार को मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। इसने हथियार प्रणाली के प्रक्षेपण के स्थान का खुलासा नहीं किया है। सिंह ने कहा कि विशेष रूप से तैयार रेल-आधारित मोबाइल प्रक्षेपण प्रणाली से किया गया यह अपनी तरह का पहला प्रक्षेपण है। उन्होंने कहा कि इसमें रेल नेटवर्क पर चलने की क्षमता है, जिससे उपयोगकर्ता समूचे देश में कहीं भी बेहद कम समय में कम दृश्यता में भी प्रतिक्रिया करने में सक्षम होंगे। उन्होंने एक्स पर कहा इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास रेल नेटवर्क से प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है। मंत्रालय ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

#### मरीज के पेट से निकाले पेन, टूथब्रश व चम्मच

हापुड़। हापुड़ के एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने नशे की लत का इलाज करा रहे एक व्यक्ति के पेट से दो पेन, 19 टूथब्रश और 29 चम्मच निकाले हैं, जिससे उसकी जान बच गई। देवनंदनी अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि बुलंदशहर निवासी और वहां एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती सचिन नामक मरीज को पेट में तेज दर्द की शिकायत पर इस अस्पताल में लाया गया था। अस्पताल के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि अल्ट्रासाउंड के बाद डॉक्टरों ने उसके पेट में कुछ असामान्य चीजें देखीं। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. श्याम कुमार और डॉ. संजय राय ने हाल में ऑपरेशन करने वाली सर्जिकल टीम का नेतृत्व किया।

#### बैंक शाखा प्रबंधक समेत दो गिरफ्तार

बलरामपुर। पंजाब नेशनल बैंक के एक शाखा प्रबंधक और एक अन्य व्यक्ति को जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर 12 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हड़पने के आरोप में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीएनबी के अयोध्या मंडल कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक ने शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि बैंक की नहर बालागंज शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक महेश त्रिपाठी ने अपने आठ सहयोगियों के साथ मिलकर सक्षम अधिकारियों की मंजूरी के बिना कई फर्जी ऋण खाते खोले।

#### नेपाल में वोट देने की आयु 16 साल

काठमांडू। नेपाल में जेन-जी आंदोलन के बाद चुनी गईं अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने देश के नाम संबोधन दिया। इसमें अंतरिम पीएम ने नेपाल में पांच मार्च तक चुनाव कराने का वादा किया। साथ ही युवा मतदाताओं को मताधिकार देने के लिए उम्र सीमा में बदलाव का एलान किया। उन्होंने कहा कि एक अध्यादेश के जरिये चुनाव कानून में बदलाव किया गया। इसके बाद नेपाल में अब 16 साल के युवा भी मतदान कर सकेंगे। पहले यहां उम्र सीमा 18 वर्ष थी। राष्ट्र के नाम संबोधन में सुशीला कार्की ने कहा कि सरकार ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर पांच मार्च तक स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने के लिए काम शुरू कर दिया है।

# जीएसटी पर झूठ फैला रही है कांग्रेस : मोदी

### पीएम मोदी ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का किया उद्घाटन

**एजेंसी**



ग्रेटर नोएडा (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती पर लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और टूथपेस्ट से लेकर ट्रैक्टर तक सभी चीजों की कीमतों में कमी का उदाहरण देकर उनके बयान को गलत ठहराया।

मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान कर लूट होती थी और लोगों पर भारी करों का बोझ डाला जाता था। प्रधानमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (यूपीआईटीएस) का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि तीन दिन पहले (22 सितंबर) माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू किए गए। ये संरचनात्मक बदलाव भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। उन्होंने कहा कि ये सुधार जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई के लिए रिफंड में तेजी लाएंगे। इससे हर क्षेत्र को लाभ होगा। इसके बावजूद, कुछ राजनीतिक दल देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में कर की लूट मची थी। उन्होंने कहा नये जीएसटी सुधारों से गरीब, नव मध्यम वर्ग, मध्यम वर्ग सब की बचत हुई है लेकिन इसके बावजूद कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, कांग्रेस और उसके साथी दल 2014 से पहले के अपने शासनकाल की नाकामियां छुपाने के लिए जनता से झूठ बोल रहे थे। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकारों के समय कर की लूट मची हुई थी और लूटे हुए धन में से भी लूट होती थी। मोदी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

#### अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का विशिष्ट अवसर है यूपी ट्रेड शो : सीएम

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) के मंच पर अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पावन जयंती पर उन्हें याद किया। कहा कि उन्होंने अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में 70 वर्ष पहले नया चिंतन दिया था। उन्होंने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का विशिष्ट अवसर है। यह अवसर केवल ट्रेड शो का नहीं, बल्कि वर्तमान आर्थिक चुनौतियों का सामना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम ने राजस्थान को दी 1.22 लाख करोड़ की परियोजनाओं की सौगात



बांसवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में केंद्र एवं राज्य सरकार की 1,22,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत

### विदेश मंत्री ने एट द हार्ट ऑफ डेवलपमेंट ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी को किया संबोधित

**एजेंसी**



न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आज की बदलती दुनिया को वैश्विक कार्यबल की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस वास्तविकता से बच नहीं सकते कि राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के कारण कई देशों में वैश्विक कार्यबल की मांग पूरी नहीं की जा सकती।

उनकी यह टिप्पणी व्यापार और शुल्क चुनौतियों के साथ-साथ आव्रजन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रुख के बीच आई है, जिसमें एच-1बी वीजा पर 100,000 अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क भी शामिल है, जो मुख्य रूप से भारतीय पेशेवरों को प्रभावित करता है। भारतीय इन अस्थायी कार्य वीजा के लाभार्थियों में अधिसंख्यक हैं। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम एट द हार्ट ऑफ डेवलपमेंटः एड, ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक ऐसे वैश्विक कार्यबल के निर्माण का आह्वान किया जो अधिक स्वीकार्य, समकालीन और कुशल हो जिसे फिर एक विकेन्द्रित, वैश्विक कार्यस्थल में स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा उस वैश्विक कार्यबल को कहां रखा जाए और उसकी तैनाती ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रामलीला पर रोक संबंधी इला. हाईकोर्ट का आदेश पलटा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में स्कूल के मैदान में रामलीला उत्सव के आयोजन पर रोक संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस शर्त पर उत्सव जारी रखने की अनुमति दी कि इससे छात्रों को कोई असुविधा न हो। पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के उस पैराग्राफ पर रोक लगाते हुए कहा, वैसे तो हम स्कूल के मैदान में धार्मिक उत्सव के आयोजन की अनुमति नहीं देते हैं, लेकिन यह रामलीला पिछले 100 वर्षों से चली आ रही है और इस वर्ष उत्सव 14 सितंबर से शुरू हुआ है। पीठ ने श्री नगर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भर्ती प्रक्रिया को बाधित करने की हो रही साजिश : धामी

### एक शिकायत के आधार पर पूरे राज्य में भ्रम फैलाने का प्रयास : सीएम



**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेपर लीक प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि राज्य की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को बाधित करने के लिए सुनियोजित साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग युवाओं की सफलता से असहज हैं इसलिए अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम धामी ने नानूरखेड़ा स्थित एससीईआरटी सभागार में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- एशिया की सबसे बड़ी नारायणपुर पंप नहर बनी मॉडल (पृष्ठ-02)
- केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के चुनाव के सह प्रभारी (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 88.68 पर बंद (पृष्ठ-14)
- चांदी 1,000 चढ़कर 1.40 लाख रुपये किलो (पृष्ठ-14)
- कोयला मंत्रालय आज रोड शो करेगा आयोजित (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर**

### लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन की संस्तुति को सर्वसम्मति से मंजूरी

## विराज सागर दास बने लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष

**विशेष संवाददाता**




लखनऊ। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन (यूपीओए) के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास को लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन का अध्यक्ष चुन लिया गया है।

यह निर्णय यूपीओए की हाल ही में हुई साधारण सभा की बैठक में लिया गया, जहाँ लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन की संस्तुति को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। अध्यक्ष पद संभालने के बाद विराज सागर दास ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि लखनऊ में खेलों को नई दिशा दी जाए और शहर के ओलंपिक मूवमेंट की एक अलग पहचान मिले। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि कि विराज सागर दास खेलों के प्रति निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता दिखा रहे हैं, जो अनुकरणीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन और अधिक सशक्त होकर नई ऊँचाइयाँ हासिल करेगा।

## सोनम वांगचुक की संस्था का लाइसेंस हुआ रद्द

लेह। केंद्र सरकार ने लद्दाख के जाने-माने पर्यावरणविद और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक के नेतृत्व वाली संस्था स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत मिला लाइसेंस रद्द कर दिया है। सरकार के आदेश के अनुसार, संस्था अब विदेश से चंदा या किसी भी तरह की आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं कर सकेगी। लाइसेंस रद्द किए जाने के पीछे क्या कारण हैं, इस बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है।

गौरतलब है कि स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख की स्थापना 1988 में सोनम वांगचुक ने की थी। यह संस्था लद्दाख में शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए काम करती रही है। सरकार के इस कदम के बाद लद्दाख में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। सोनम वांगचुक पहले से ही लद्दाख की पर्यावरणीय और संवैधानिक मांगों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में वांगचुक ने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर 10 सितंबर से भूख हड़ताल शुरू की थी।

## सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत, नौ अन्य घायल

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। इटावा, मेरठ, बदायूं और अलीगढ़ में हुए सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 9 अन्य घायल हो गए। आगरा-इटावा मार्ग पर एक ऑटोरिक्शा के खड़े ट्रक से टकरा जाने से दो महिलाओं की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह दुर्घटना बृहस्पतिवार को आगरा-इटावा मार्ग पर पछायांगांव थाना क्षेत्र में कोरिकुआं गांव के पास हुई। ऑटोरिक्शा मध्यप्रदेश के भिंड जिले के रायपुरा गांव से यात्रियों को आगरा जिले में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ले जा रहा था, तभी उसकी ट्रक से टक्कर हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी जिनकी पहचान भिंड के रायपुरा गांव की अनीता देवी (50) और भिंड के चक्रपुरा गांव की वीरनश्री (55) के रूप में हुई है।

जिला अस्पताल के डॉ. राहुल ने बताया कि टक्कर में छह अन्य यात्री घायल हो गए और उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन महिलाओं समेत पांच घायलों को उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सैफई पीजीआई अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी। मामले की जांच चल रही है। वहीं, मेरठ-करनाल ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा 2025 विशेष कार्यक्रम का आयोजन





विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में आज एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत राष्ट्रव्यापी विशेष स्वच्छता कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा 2025 का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजना स्वामी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं सहकर्मी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने एक घंटे का सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता को केवल एक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना है। बच्चों ने नारे, पोस्टर और छोटी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश फैलाया। वहीं, शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार का ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर भारत का निर्माण संभव है।

# पीएम से महिला उद्यमियों ने सुनाई बदलाव की कहानी

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। कभी लचर कानून-व्यवस्था के कारण महिलाओं के लिए असुरक्षित माने जाने वाला उत्तर प्रदेश आज महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुका है। साल 2017 से पहले, प्रदेश में उद्यम लगाने की बात तो दूर, महिलाएं घर से बाहर निकलने में भी हिचकिचाती थीं। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में विगत साढ़े 8 वर्ष में आए बदलावों ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में भी इसकी झलक दिखाई दी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यमियों से मुलाकात की।

इन महिलाओं के लिए यह क्षण किसी सपने के सच होने जैसा था। इन पांच महिलाओं की कहानियां सिर्फ उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि यह पूरे उत्तर प्रदेश में आए क्रांतिकारी बदलाव की तस्वीर पेश करती हैं। ये कहानियां बताती हैं कि योगी सरकार की नीतियों से अब महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक सुरक्षित माहौल मिला है।



### मेरठ की विद्युत सखी संगीता ने मेहनत से लिखी सफलता की दास्तां

मेरठ की रहने वाली संगीता एक विद्युत सखी हैं। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ प्रधानमंत्री को बताया कि वह हर महीने लोगों के बिजली बिल जमा करके अच्छी कमाई कर लेती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी कहानी को बड़े ध्यान से सुना और उनसे पूछा कि आपको फील्ड में काम करते हुए कोई दिक्कत तो नहीं होती? इस पर संगीता ने गर्व से जवाब दिया कि अब हमें कोई दिक्कत नहीं होती। लोग हमें सम्मान से पहचानते हैं।

### लखनऊ की बैंकिंग सखी सरला घर-घर पहुंचा रही हैं बैंकिंग सुविधाएं

लखनऊ से आई बैंकिंग सखी सरला ने प्रधानमंत्री को बताया कि वह लोगों के बैंक खाते खुलवाती हैं और इस काम से अच्छी कमाई कर लेती हैं। पीएम ने उनसे भी उनके काम के अनुभव के बारे में पूछा। सरला ने बताया कि शुरूआत में लोगों को समझाना मुश्किल था, लेकिन अब लोग भरोसा करते हैं। सरला ने बताया कि वो अबतक 2000 से अधिक जनधन खाते, 700 से अधिक सुरक्षा बीमा, 200 से अधिक जीवन ज्योति बीमा खाते और 200 से अधिक अटल पेंशन योजना के तहत खाते खोल चुकी हैं।

### ●डर नहीं, अब योगी राज में उड़ान भर रही हैं यूपी की 'दीदियां'

### वाराणसी की नमो ड्रोन दीदी नीतू सिंहः तकनीक और उद्यमशीलता का बेजोड़ संगम

वाराणसी की नीतू सिंह की कहानी प्रेरित करने वाली है। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि वह एक नमो ड्रोन दीदी हैं और उन्होंने ड्रोन चलाना सीखा है। नीतू ने बताया कि वह ड्रोन से खेतों में खाद छिड़कने का काम करती हैं और एक बीघे के लिए 200 लेती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कभी-कभी वह एक दिन में 20 से 25 एकड़ खेतों में छिड़काव कर लेती हैं। नीतू ने बताया कि पिछले डेढ़ साल में वो 1000 एकड़ से अधिक खेतों में ड्रोन से छिड़काव कर चुकी हैं।

### बिजनौर की जूली देवीः 15,000 महिलाओं की आवाज

बिजनौर की जूली देवी ने प्रधानमंत्री से मिलकर 15,000 महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया, जो विदुर पेड़ा समिति से जुड़ी हैं। यह समिति साबुन, मसाला, मल्टीग्रेन आटा, बेसन समेत करीब 150 उत्पाद बनाती है। जूली कहतीं हैं कि 2017 से पहले यूपी में महिलाएं उद्यम कर सकती हैं, यह सोचना भी मुश्किल था। घर से बाहर निकलने में डर लगता था। कानून व्यवस्था की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने आगे कहा कि अब हम न केवल घर चलाती हैं, बल्कि बेखौफ होकर अपना उद्यम भी करती हैं। गोरखपुर में डेयरी उद्यम से जुड़ी कौशल्या ने भी पीएम से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि वह एक सफल डेयरी चलाती हैं और हर महीने अच्छी कमाई कर लेती हैं।

# यूपीआईटीएस में एशिया की सबसे बड़ी नारायणपुर पंप नहर बनी मॉडल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार संबंधी शक्तियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए। इनमें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के स्टॉल पर जल प्रबंधन और सिंचाई के क्षेत्र में नवाचार को प्रदर्शित किया गया, जहां बड़ी संख्या में विजिटर्स हाल ही के महाकुंभ प्रयागराज में किए गए परिवर्तनकारी कार्यों और कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए स्थायी सिंचाई के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे। एक्सपो में बाढ़ से संबंधित कार्यों, परियोजना कार्यों और प्रमुख परियोजनाओं के वर्किंग मॉडल ने प्रदेश में जल संसाधन प्रबंधन में क्रांति ला दी, जिसकी विजिटर्स बारीकी से जानकारी ले सकेंगे। विभाग ने हाल के प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान अपने सराहनीय प्रयासों का प्रदर्शन किया है, जिसमें गंगा नदी की तीन अलग-अलग धाराओं को एक एकल सुसंगत प्रवाह में विलय करके काम को दिखाया गया। एक्सपो का एक प्रमुख आकर्षण नारायणपुर पंप नहर का एक मॉडल भी है, जो एशिया की सबसे बड़ी पंप नहरों में से एक है। यह मॉडल दिखाएगा कि कैसे यह परियोजना मीरजापुर और चंदौली में 250,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि की सिंचाई के लिए गंगा नदी से पानी उठाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करती है, जिससे कृषि उत्पादकता और स्थानीय किसानों की आजीविका में काफी वृद्धि होती है। यह मॉडल रियल-टाइम निगरानी और पूर्वानुमानित रखरखाव के लिए उन्नत आईओटी आधारित समाधानों को अपनाने की विभाग की पहल पर भी प्रकाश डाल रहा है। नारायणपुर पंप कैनाल के लिए भी आई ओ टी का इस्तेमाल किया गया है। जिसे मुख्यालय पर बैठकर भी पंप कैनाल में लगे प्रत्येक पंप के संचालन और निगरानी रख सकते है। मुख्य अभियंता ने बताया गया कि सिंचाई विभाग आई ओ टी के साथ साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग की तरफ भी बढ़ रहा है।

### पीएम मोदी और सीएम योगी ने किया यीडा पवेलियन का अवलोकन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपोमार्ट एग्ज़िबिशन सेंटर में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉल नंबर-03 का भ्रमण कर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, हैवेल्स ग्रुप, मिंडा स्पार्क ग्रुप और इंटरनेशनल फिल्म सिटी के स्टॉल्स का अवलोकन किया। हॉल नंबर-03 के प्रभारी अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण/नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, राकेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान फिल्म अभिनेता एवं निमार्ता बोनी कपूर, अर्जुन कपूर, आशीष भूटानी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ शेलमैन, उद्योगपति शेखर अग्रवाल, प्रियागोल्ड ग्रुप की डायरेक्टर, डीएस ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एमएल जायसवाल, हैवेल्स ग्रुप के कार्यकारी प्रेसिडेंट राजीव गोयल, वरुण बेवरेज ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी और एसएएलई ग्रुप के सीओओ हर्षवर्धन गोविल समेत कई प्रमुख उद्योगपतियों ने सीईओ राकेश कुमार सिंह से भेंट कर प्राधिकरण की पहल और कार्यों की सराहना की। प्राधिकरण के स्टॉल पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र है। साथ ही एयरपोर्ट से संबंधित जानकारियां, मेडिकल डिवाइसेज पार्क की प्रगति, इंटरनेशनल फि ल्म सिटी, प्रस्तावित फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क, एजुकेशनल हब और हेरिटेज सिटी परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया।

# गाइडेड टूर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को देंगे यात्रा का नया अनुभव

## नैमिषारण्य और अयोध्या के लिए शुरू की गई सुविधा, आस्था पर्यटन को मिलेगी मजबूती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) के अवसर पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए नई सौगात लेकर आयी है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से लखनऊ से नैमिषारण्य और अयोध्या के लिए एक दिवसीय गाइडेड टूर शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति और सुविधा दोनों एक साथ उपलब्ध कराना है। खासतौर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती पैकेज और सरल ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रद्धालुओं और पर्यटकों की पौराणिक स्थलों पर यात्रा सुगम करने के लिए विभिन्न कदम उठाये जा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी के नेतृत्व में नैमिषारण्य और अयोध्या के लिए गाइडेड टूर प्रदेश में आस्था पर्यटन को और मजबूती प्रदान करने के लिए कदम उठाया गया है। इसमें हमारी प्राथमिकता है सुरक्षित, किफायती और सार्थक यात्रा, जो सभी के लिए सुलभ हो।

नैमिषारण्य टूर का संचालन शुक्रवार, रविवार, सोमवार को सुबह 8:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक होगा। इसका किरायाः 1,700 रुपये, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,000 रुपये निर्धारित किया गया है। श्रद्धालुओं को दर्शनीय स्थलः चक्रतीर्थ, व्यास गद्दी, ललिता देवी मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। इसी तरह अयोध्या टूर का संचालन दिवस शनिवार और रविवार को सुबह 8:00 बजे से रात 8:30 बजे तक होगा। जबकि किरायाः 2,000 रुपये, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,000 रुपये। रुपये होगा। इस दौरान दर्शनीय स्थल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, राम की पैड़ी का भ्रमण कराया जाएगा। निगम की प्रबंध निदेशक ईशा प्रिया ने बताया कि प्रत्येक पैकेज में गाइड की ओर से पौराणिक कथाओं और किंवदंतियों का रोचक वर्णन, भोजन-जलपान तथा एक स्मृति चिह्न शामिल है। इन टूर पैकेजों में वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इस नये प्रयास से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक धरोहर से जोड़ते हुए उन्हें भक्ति, ज्ञान और अविस्मरणीय यादों का अनुभव कराने के लिए नए द्वार खोल रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि ये यात्राएं केवल आस्था का अनुभव नहीं देंगी, बल्कि संस्कृति और सामूहिकता का भी संदेश फैलाएंगी। यह यात्रियों के बीच सामुदायिक बंधन को और मजबूत करेंगी।

# विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को बतायी विधायिका की भूमिका और महत्ता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कानपुर के महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं का एक दल गुरुवार को विधानसभा भ्रमण के लिए लखनऊ पहुंचा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनसे आत्मीय संवाद किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था की गहन जानकारी साझा की।



महाना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक विधायक अपनी जनता से सबसे निकट जुड़ा होता है। उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान की दिशा में काम करना होती है। उन्होंने कहा कि पहली बार चुनाव जीतना अपेक्षाकृत सरल हो सकता है, किंतु लगातार जनता का विश्वास अर्जित करना कहीं अधिक कठिन कार्य है। यही किसी जनप्रतिनिधि की असली पहचान है। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को विधायिका की भूमिका और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायिका ही वह सर्वोच्च मंच है जहां जनता की आवाज उठती है, समस्याओं पर चर्चा होती है और उनके समाधान के लिए कानून बनाए जाते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका कभी खराब नहीं हो सकती, केवल उससे जुड़े व्यक्ति यदि अपने कर्तव्यों से विमुख हो तो उसकी छवि प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में जनता से जुड़े प्रतिनिधि ही प्रदेश की दिशा और गति तय करते हैं। विधायक अपने क्षेत्र की नब्ज पहचानता है और उसी अनुभव के आधार पर प्रदेश व देश के लिए नीतियां तैयार होती हैं। छात्रों से संवाद करते हुए महाना ने उनसे आग्रह किया कि वे इस अनुभव को केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि अपने घर-परिवार और मित्रों के साथ भी साझा करें। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था और प्रतिबद्धता को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# अलसी का निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर आवेदन करें किसान

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के तहत संचालित राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत अलसी फसल का दो किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा आनॅलाइन आवेदन के लिए 24सितम्बर से 12 अक्टूबर तक किया जायेगा, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। आनॅलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में आनॅलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगा। चयनित कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज मिनीकिट वितरित कराया जायेगा। अतः इच्छुक कृषक निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए विभाग के पोर्टल Agridarshan.up.gov.in पर अपना ऑनलाइन आवेदन करें। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वह योगी सरकार चलाई जा रही इस स्कीम का लाभ उठाएं।

# केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के चुनाव के सह प्रभारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस विधानसभा चुनाव में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला होने जा रहा है। इस चुनाव में दोनों गठबंधन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। दोनों ही गठबंधन के नेता अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इसी बीच, भाजपा ने बिहार चुनाव को लेकर अपनी टीम की घोषणा कर दी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी है। केशव मौर्य को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है।



बिहार चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी जीत का दावा ठोक रही हैं। भाजपा ने भी बिहार में सरकर बनाने का दावा किया है। फिलहाल, भाजपा बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी के साथ चुनावी मैदान में है। इसी बीच, भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी टीम का ऐलान किया है। भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटील को प्रदेश चुनाव का सह प्रभारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लंबे समय तक संगठन में काम किया है। केशव मौर्य ने 2017 विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। उस चुनाव में भाजपा ने न केवल सत्ताधारी पार्टी सपा को सत्ता से बाहर किया था, बल्कि रिकॉर्ड सीटों के साथ सूबे में सरकार भी बनायी थी। केशव प्रसाद मौर्य गृहमंत्री अमित शाह के बेहद करीबी माने जाते हैं। एक समय पर केशव प्रसाद मौर्य और अमित शाह ने साथ में काम भी किया है। केशव प्रसाद मौर्य का नाम समय-समय पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए भी चलता रहा है। फिलहाल केशव प्रसाद मौर्य दो बार से लगातार यूपी के उपमुख्यमंत्री बने हुए हैं।

# 1.91 लाख बालिकाओं ने सीखी बैंकिंग की बारीकियां

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए चल रहे मिशन शक्ति विशेष अभियान वर्ष 2025-26 के पांचवे चरण ने गुरुवार को एक नया इतिहास रचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 सितम्बर को शुभारम्भ किए गए इस चरण के अंतर्गत गुरुवार को प्रदेशभर के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की कक्षा 6 से 8 की कुल 1.91 लाख बालिकाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न बैंक शाखाओं का भ्रमण किया।

बता दें कि यह कार्यक्रम केवल एक भ्रमण नहीं रहा, बल्कि भविष्य की आत्मनिर्भर नारी शक्ति की सशक्त नींव रही, जहां छात्राओं को बैंकिंग व्यवस्था, वित्तीय सेवाओं और डिजिटल बैंकिंग की बारीकियों से रूबरू कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को बचत, बैंकिंग प्रक्रिया और डिजिटल सेवाओं से परिचित कराना था। इस दौरान बचत और निवेश योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया, जिससे छात्राएं समझ सकें कि छोटी-छोटी बचत भविष्य में बड़े लाभ का आधार बन सकती है। बैंक अधिकारियों ने उन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा जैसी बुनियादी निवेश योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही वित्तीय सुरक्षा और ऑनलाइन सतर्कता के उपाय भी समझाए गए, ताकि वे सुरक्षित तरीके से लेन-देन कर सकें। बैंक भ्रमण के दौरान बालिकाओं में गजब का उत्साह देखा गया। बैंक की शाखाओं में पहुंची बालिकाएं, बैंक अधिकारियों के साथ संवाद कर अपनी जिज्ञासाएं शांत करती नजर आई। छात्राओं ने उनसे उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे। बैंक अधिकारियों ने भी उनके प्रश्नों का उत्तर सरल भाषा में दिया।

### बैंक भ्रमण के दौरान सीखा

- बचत खाता खोलने की प्रक्रिया क्या है और इसमें कौन-कौन से दस्तावेज लगते हैं।
- पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड का उपयोग किस तरह से किया जाता है।
- जमा और निकासी की पर्ची कैसे भरी जाती है और बैंकिंग लेन-देन की प्रणाली कैसे चलती है।
- मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं कैसे काम करती हैं।
- बचत और निवेश योजनाओं का महत्व और उनका दीर्घकालिक लाभ क्या है?
- ऑनलाइन धोखाधड़ी और एटीएम सुरक्षा से संबंधित सावधानियां क्यों जरूरी हैं।

इस बाबत स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने कहा कि नवरात्रि के पावन दिनों में 1.91 लाख बालिकाओं का बैंक भ्रमण के आयोजन को केवल एक गतिविधि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह आने वाले कल की आर्थिक महिला सशक्तिकरण यात्रा की नींव है। मिशन शक्ति का उद्देश्य बेटियों को ज्ञान के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की शक्ति देना है और यह पहल उसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# सपा सरकार बनने पर दाम बांधो नीति करेंगे लागू : अखिलेश

## सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर कहा, जीएसटी कम करने के नाम पर जनता को धोखा दिया जा रहा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई कम करने का संकल्प लेते हुए कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश में दाम बांधो नीति लागू करेंगे। जरूरत की वस्तुओं को सस्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया, नेताजी मुलायम सिंह यादव दाम बांधों नीति की बात करते थे। समाजवादी सरकार में इसका प्रयास हुआ था। भविष्य में इसे लागू करेंगे।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार काम नहीं कर रही है। आज कल बाजारों में गंजिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जीएसटी लगाकर महंगाई बढ़ाकर जनता को लूटा। अपना खजाना भरा। अब भाजपा के लोग जनता को धोखा दे रहे हैं। इस सरकार को नौ साल बाद पता लगा कि दूध, दही, किताबें, खाने-पीने की चीजें, कपड़े और अन्य सामान महंगे हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार मुनाफाखोरी करा रही है। जब तक मुनाफा कमाना बंद नहीं होगा तब तक महंगाई कम नहीं होगी। जीएसटी कम करने के नाम पर जनता को धोखा दिया जा रहा है। भाजपा सरकार जिन चीजों की कीमतों को दो-चार रुपये कम करने का प्रचार कर रही है, उससे किसानों को क्या लाभ हुआ है।



### कई नेताओं ने ली सपा की सदस्यता

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए गुरुवार को शोहरतगढ़ के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, गौतमबुद्धनगर-नोएडा के किसान नेता सुधीर चौहान, खजनी विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी विद्या सागर और बसपा के गोरखपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गोरखपुर मंडल के पूर्व कोआर्डिनेटर लालजी भारती अपने-अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गये। अखिलेश यादव ने पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इन सभी नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए उम्मीद जतायी कि इन साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

संक्षेप

## चौकी इंचार्ज सम्मानित



प्रतापगढ़। लीलापुर थाने में सगरा सुंदरपुर चौकी में प्रभारी पद पर प्रोन्नति को लेकर गुरूवार को यहां उप निरीक्षक सुमित वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ताओं तथा सभासदों व व्यापारियों ने उप निरीक्षक सुमित के लालगंज कोतवाली में तैनाती के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर किये गये कार्यो की सराहना की। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने विभागीय सहयोगियों की ओर से उप निरीक्षक सुमित वर्मा को माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन एसएसआई अरूण सिंह ने किया। इस मौके पर रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज विवेक यादव, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, धीरेन्द्र मिश्र, व्यापारी नेता दिनेश सिंह, सभासद पन्नेलाल पाल आदि रहे।

## नन्हें-मुन्नों को निशुल्क वितरित की गयी स्टेशनरी




प्रतापगढ़। लालगंज ब्लाक के बेलहा ग्राम में विभिन्न विद्यालयों में नन्हें-मुन्हों को गुरूवार को निशुल्क स्टेशनरी का वितरण किया गया। सेवा प्रथम फाउंडेशन के द्वारा प्राथमिक विद्यालय कालूराम का पुरवा, प्रा0वि0 बाबूराम का पुरवा, कम्पोजिट विद्यालय बेलहा खास आदि में नन्हें मुन्हों को स्टेशनरी प्रदान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में इं0 अतुल शुक्ल ने शिक्षा के परिवेश को भविष्य निर्माण के लिए सुदृढ़ बनाने की बात कही। इस मौके पर अभिनव शुक्ल, अवनीश सिंह, रामप्रकाश यादव, शीतला प्रसाद तिवारी, कंचन सिंह, अवशेष शुक्ल, विवेक सिंह आदि रहे।

## अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना में युवक के घायल होने तथा बाइक क्षतिग्रस्त को लेकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। दिलीपपुर थाना के कोठियाही निवासी जयप्रकाश दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेईस सितंबर को दोपहर अज्ञात कार चालक ने बाइक सवार उसके बेटे अभिषेक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में अभिषेक को गंभीर चोटें आ गयी। वहीं पीड़ित की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दो भाइयों पर धारदार हथियार से किया वार, आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज थाना क्षेत्र में 11 सितंबर को दो सगे भाइयों पर हमले का मामला सामने आया है। ग्राम अल्लापुर के अंकुर त्रिपाठी और संदीप त्रिपाठी अपने दोस्त को छोड़कर लौट रहे थे। नेबुआ के पास एक नशे में धुत व्यक्ति उनकी गाड़ी से टकरा गया। घटना के बाद पीड़ित भाई दवा कराने की बात कहकर वहां से निकल गए। खीरा मंडी पहुंचने पर कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली। आरोपियों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और दोनों भाइयों की पिटाई की। इसके बाद उन्हें मोटरसाइकिल पर नेबुआ गांव ले जाया गया। वहां धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला किया गया। संदीप त्रिपाठी के गले पर वार किया गया, जिससे वे बेहोश हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि अन्य आरोपी अभी भी खुले में घूम रहे हैं और उन्हें मुकदमा वापस लेने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना का ज्ञापन मिला है। मामले में कठोर कार्रवाई के लिए सीओ डुमरियागंज को निर्देश दिए गए हैं।

# डीएम-एसपी ने बालिकाओं को किया जागरूक



सिद्धार्थनगर ।मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन ने तहसील इटवा एवं डुमरियागंज मे जागरुकता रैली निकालकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया। जिलाधिकारी डॉ राजा 0गणपति आर 0 ₹महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु मिशन शक्ति फेज-05 अभियान₹ के तहत मिशन शक्ति टीम के जागरुकता रैली निकालकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करते हुए मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और स्वास्थ्य/एम्बुलेंस सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या समस्या के समय वे बिना किसी झिझक के इन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों को गोपनीय रखा जाएगा और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उक्त अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, संबंधित उपजिलाधिकारी, व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पुलिस बल के जवान आदि उपस्थित रहे।

## छात्राओं को मिली सुरक्षा, पुलिस ने बताये हेल्पलाइन नंबर



सिद्धार्थनगर-डुमरियागंज में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन जागरूकता अभियान चला रहा है। गुरुवार को भड़रिया बाजार स्थित एस.आर. पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, एंबुलेंस सेवा 108 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का तुरंत इस्तेमाल करें। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर माता-पिता और शिक्षकों से खुलकर बात करें। अधिकारियों ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से सवाल पूछे। छात्राओं का कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम उनका आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। स्कूल प्रबंधन ने इस पहल की सराहना की। उनका मानना है कि ऐसी गतिविधियां छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाती हैं ! क्षेत्रवासियों के अनुसार, यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। इससे बेटियां निडर, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी।

## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में 150 रोगियों को मिला परामर्श



प्रतापगढ़। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरूवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में रोगियों की भीड़ देखी गयी। चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम द्वारा एक सौ पचास रोगियों को परामर्श प्रदान किया गया। अधीक्षक डा0 अरविंद गुप्ता ने शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। उन्होनें शिविर में आये लोगों को अवसाद, चिन्ता, निराशा, हताशा, विभ्रम आदि के रोगों के लक्षण की जानकारियां दी। अधीक्षक डा0 अरविन्द ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहने से ही व्यक्ति में रचनात्मक विचारधारा मजबूत बना करती है। मनोरोग विशेषज्ञ डा0 ज्ञानेन्द्र मौर्या ने तनाव तथा नशा से मुक्ति के लिए शिविरार्थियों को जागरूकता प्रदान की। शिविर में शासन द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभागीय योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मुकेश कुमार मौर्या, डा0 राहुल गुप्ता, डा0 पंकज मिश्र, डा0 उवेद अंसारी, बीपीएम बृजेश पाण्डेय, असदउल्ला, देवकुमार दुबे, मान सिंह, अरविंद शुक्ला आदि रहे।

## स्वच्छता अभियान को लेकर दी गई जागरूकता



प्रतापगढ़। स्वच्छता अभियान के तहत गुरूवार को लालगंज नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था द्वारा विशेष साफ सफाई अभियान की शुरूआत की गयी। वहीं स्वच्छ परिवेश के लिए पौधरोपण भी हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में नेशनल हाइवे के किनारे ओपन जिम एवं पार्क में सभासदों व स्वच्छताकर्मियों ने सफाई अभियान की शुरूआत कर नगर के लोगों को जागरूकता संदेश दिया। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि एवं सभासदों ने पार्क में छायादार एवं फलदार पौध भी रोपित किये। कार्यक्रम का संचालन अनिकेत दुबे ने किया। इस मौके पर सभासद हरिशंकर सरोज, सभासद अनुराग पाण्डेय, सभासद सुरेश गुप्ता, प्रतिनिधि धर्मपाल गौतम व कैलाशनाथ तिवारी, विकास तिवारी, अरविंद मिश्र, रोहित मिश्र आदि रहे।

## अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर गूंजा अभिनंदन



**श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू अगली पीढ़ी जीएसटी सुधार आज समूचे देश में आर्थिक परिवर्तन की गाथा लिख रहे हैं। यह अभिनव निर्णय व्यापार, उद्योग, कृषि, निर्माण, नवउद्यम एवं लघु उद्यमिता को नई दिशा प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में विधायक राम फेरन पाण्डेय की उपस्थिति में विकासखंड इकौना एवं गिलौला में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान जीएसटी बचत उत्सव को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। बैठक में ग्राम प्रधानों एवं सदस्यों ने ध्वनि मत से एक अभिनंदन प्रस्ताव पारित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह क्रांतिकारी सुधार किसानों को सहारा, युवाओं को अवसर, व्यापारियों को सुरक्षा तथा उपभोक्ताओं को राहत उपलब्ध करा रहा है। विधायक राम फेरन पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि अगली पीढ़ी जीएसटी सुधार आर्थिक आत्मनिर्भरता की ठोस नींव है। इससे नवाचार, पारदर्शिता, नियमन, विश्वास, सहभागिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल स्थानीय बाजार बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की साख को मजबूत करेगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधी प्रेरणा मिल रही है। उद्योगपति, किसान, कर्मचारी, उपभोक्ता, निर्यातक और शिल्पकार सभी वर्गों के लिए यह नीति संतुलन, सुव्यवस्था एवं सुविकास का द्वार खोलेगी। ध्वनि मत से पारित अभिनंदन प्रस्ताव में कहा गया कि अगली पीढ़ी जीएसटी सुधार भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में अग्रसर करने वाला ऐतिहासिक कदम है। यह सहकारिता और समानता के भाव को सुदृढ़ करता है। बैठक के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि इस सुधार की जानकारी जन-जन तक पहुँचाई जाएगी और सभी को लाभान्वित किया जाएगा।

## स्वच्छता अभियान में सामूहिक श्रमदान



**श्रावस्ती।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत एक तारीख, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम का आयोजन अशोक तिराहा, भिनगा पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमरेंद्र कुमार वर्मा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ हुआ, जिसके पश्चात सामूहिक श्रमदान किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है। यदि हर व्यक्ति प्रतिदिन एक घंटा स्वच्छता को दे तो नगर को स्वच्छ बनाया जा सकता है। उन्होंने गीला और सूखा कचरा अलग रखने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा खुले में कचरा न फेंकने की अपील की। इस श्रमदान कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भिनगा इरफान अहमद, अधिशाषी अधिकारी डा. अनीता शुक्ला, सभासदगण, कर्मचारीगण एवं नगर के जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर स्वच्छता के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## महिलाओं-बच्चों को दी सेफ टच और अनसेफ टच की जानकारी



श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा में सोशल मीडिया कैंपेन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम ने बालिकाओं को लिंगानुपात, बाल विवाह, लैंगिक शोषण और महिलाओं-बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा के विषय में जागरूक किया। साथ ही सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श (सेफ टच एवं अनसेफ टच) की जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 और 1090 आदि की विस्तृत जानकारी भी छात्राओं को प्रदान की गई। कार्यक्रम में डीएमसी सरिता मिश्रा, जेंडर स्पेशलिस्ट संजय कुमार वर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट कुसुम श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी (लीगल एंड डिफेंस काउंसिल), दिनेश वर्मा, अरुण श्रीवास्तव, दयाराम सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## इटवा में 50 लाख की विकास परियोजना का शुभारंभ



सिद्धार्थनगर- नगर पंचायत इटवा के वार्ड परशुराम नगर (पिपरी महरी) में विकास कार्यों की शुरूआत हो गई है। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल के साथ 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क और नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां भी सौंपी गईं। पूर्व मंत्री ने बताया कि नगर पंचायत इटवा में कई विकास कार्य एक साथ चल रहे हैं। मुख्य बाजार में सड़कों के दोनों तरफ नालियों का निर्माण तेजी से हो रहा है। डॉ. द्विवेदी ने जीएसटी की नई दरों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पुरानी चार-स्तरीय कर प्रणाली को अब दो मुख्य स्लैब 5प्रतिशतऔर 18 प्रतिशत में बदल दिया गया है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे हेयर ऑयल, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और कुछ डेयरी उत्पादों पर जीएसटी कम कर दी गई है। कुछ जीवन रक्षक दवाओं और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर को शून्य कर दिया गया है।चेयरमैन विकास जायसवाल ने आदर्श नगर पंचायत बनाने के प्रति कटिबद्धता जताई। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष इटवा दीप नारायण त्रिपाठी, सभासद प्रमोद पांडेय, पप्पू गौंड, अजय पांडेय, विजय पांडेय, पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता परमात्मा प्रसाद सहित स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पोर्टल पर फर्जी निस्तारण की शिकायत, आजाद अधिकार सेना ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

सिद्धार्थनगर- आजाद अधिकार सेना (एएएस) ने विभिन्न सरकारी पोर्टल पर हो रही अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिलाध्यक्ष उपेन्द्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से यह ज्ञापन सौंपा। संगठन का आरोप है कि जनसुनवाई, आईजीआरएस, पीजी पोर्टल और एंटी भू-माफिया पोर्टल पर फर्जी निस्तारण किए जा रहे हैं। लेखपाल और तहसीलदार बिना मौके पर जांच किए फर्जी रिपोर्ट दे रहे हैं। इससे शिकायतकताओं को कोई राहत नहीं मिल रही है। पीजी पोर्टल पर शिकायतें सिर्फ कागजों में बंद की जा रही हैं। जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस बनी हुई है। एंटी भू-माफिया पोर्टल पर भी अवैध कब्जों के मामलों में झूठी रिपोर्ट अपलोड की जा रही हैं। ज्ञापन में बताया गया कि कई बार शिकायत उसी अधिकारी को भेज दी जाती है, जिसके खिलाफ शिकायत की गई है। इससे निष्पक्ष जांच नहीं हो पाती और भ्रष्टाचार बढ़ता है। पोर्टल की निगरानी का अभाव जनता को परेशान कर रहा है। संगठन ने इन अनियमितताओं की जांच के लिए स्वतंत्र समिति बनाने की मांग की है। साथ ही शिकायत निस्तारण में पारदर्शिता के लिए मौके की जांच का दस्तावेजीकरण और तीसरे पक्ष से ऑडिट कराने की मांग की है। फर्जी रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ितों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है। जिलाध्यक्ष उपेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि पोर्टल की खामियां दूर किए बिना जनता का सरकार और प्रशासन पर विश्वास नहीं बन सकता।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह हुआ संपन्न



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह 2025 मेडिकल कालेज सभागार में संपन्न हुआ। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को बुके, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर0 ने कहा कि फार्मासिस्ट का दायित्व केवल दवाओं का वितरण करना ही नहीं, बल्कि अस्पताल में उपलब्ध औषधियों का वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रबंधन करना भी है। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि मरीजों को सही दवा, सही खुराक और सही समय पर उपलब्ध हो। इसके साथ ही स्टॉक की निगरानी, जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता और उनकी समयबद्ध सप्लाई की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर होती है। फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ होते हैं। मरीजों के इलाज में डॉक्टरों और नर्सों की भूमिका जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही अहम जिम्मेदारी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत फार्मासिस्ट भी निभाते हैं।

## लालगंज व सांगीपुर में छात्राओं को किया जागरूक



प्रतापगढ़। मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरूवार को लालगंज कोतवाली तथा सांगीपुर थाने में छात्राओं को सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता दी गयी। लालगंज कोतवाली में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं को उपनिरीक्षक दीपिका सिंह ने सुरक्षा तथा सम्मान व स्वावलंबन को लेकर शासन एवं विभाग द्वारा संरक्षण से जुड़े प्राविधानों की जानकारियां दी गयी। सीओ आशुतोष मिश्र ने बालिकाओं का हौंसला आफजाई करते हुए कहा कि निर्भय समाज के निर्माण में बालिकाओं तथा महिलाओं की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालय की वार्डेन वंदना पाण्डेय ने कौशल विकास योजना तथा कन्या सुमंगला योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने किया। विद्यालय की छात्रा प्रियंका, श्रेया तिवारी, स्नेहा, दीपांशी, प्रांजलि, रविता आदि ने मनमोहक राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया। वहीं सांगीपुर थाना में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नौगीर की छात्राओं को प्राध्यापिकाओं के साथ महिला हेल्प डेस्क व थाना परिसर का भ्रमण कराया गया।

## जीएसटी में सुधार गरीब-मध्यवर्ग के हित में : नितिन अग्रवाल




श्रावस्ती। प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद पहुंचे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने जीएसटी 2.0 को नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म बताया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इससे करदाताओं को अधिक सुविधा मिलेगी और व्यापारियों के लिए पारदर्शी व्यवस्था विकसित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का संकल्प ईमानदार करदाताओं को पूर्ण सुविधा देना तथा कर चोरी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करना है। उन्होंने बताया कि जीएसटी बचत उत्सव का उद्देश्य गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी राहत पहुंचाना है। इसके तहत जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, डेयरी उत्पाद, शैक्षिक सामग्री और जीवन रक्षक दवाओं को करमुक्त श्रेणी में शामिल किया गया है। जीएसटी स्लैब में कमी से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, छोटी कारें और बाइकें सस्ती होंगी। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित प्रदेश का संकल्प अवश्य पूरा होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार उपस्थित रहे।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. स. | मूल आवंटी का नाम | भवन / भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री कृपा शंकर श्रीवास्तव | भवन संख्या बी-10, सेक्टर-एल | कानपुर रोड योजना | 14.05.2010 | 1. श्री नवीन श्रीवास्तव-पुत्र | 1. श्रीमती सीमा श्रीवास्तव 2. श्रीमती रीचा श्रीवास्तव | मृतक की वि. पुत्री मृतक की वि. पुत्री |
| 2 | स्व. उषा सिंह (आवंटी) | भवन/भूखण्ड संख्या एच-71 | सेक्टर-ई. अलीगंज | 07.06.2025 | 1. श्री सुनील सिंह 2. श्री दीप सिंह | – | पुत्र पुत्र |
| 3 | स्व. शान्ती देवी (क्रेता) | भूखण्ड संख्या 4/ 18 | विजयन्त खण्ड गोमती नगर | 16.01.2024 | 1. श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह (पुत्र) | 1. श्री अरविन्द कुमार सिंह पुत्र | पुत्र |
| 4 | स्व. उमेश प्रसाद रस्तोगी (क्रेता) | भवन संख्या 3/ 56 | विराट खण्ड गोमती नगर | 13.08.2016 | 1. श्रीमती मीना रस्तोगी 2. श्रीमती निधि रस्तोगी 3. श्री शाश्वत रस्तोगी 4. श्री सर्वग्य प्रसाद | उत्तराधिकार के आधार पर | पत्नी पुत्रवधु पौत्र पौत्र |
| 5 | स्व. राधे श्याम पाठक (आवंटी) | भूखण्ड संख्या एल.-6-129 | सेक्टर-एन, अलीगंज | 14.08.2017 | श्री निखिल कुमार पाठक | वसीयत के आधार पर। | पौत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होते हैं फार्मासिस्ट्स



चरगांवा, गोरखपुर । विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर गुरुवार को फातिमा हॉस्पिटल परिसर गोरखपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में फार्मासिस्ट्स के अमूल्य योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर फातिमा हॉस्पिटल के निदेशक फादर डॉ संतोष सेबास्टियन ने कहा कि फार्मासिस्ट्स स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, जो न केवल मरीजों को दवाइयाँ उपलब्ध कराते हैं, बल्कि उन्हें सुरक्षित, सही और विश्वसनीय परामर्श भी प्रदान करते हैं। फादर शिजो सहायक निदेशक ने कहा कि फार्मासिस्ट्स सेवा व समर्पण की मिसाल हैं। इस कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक, समस्त विभागाध्यक्ष, डॉक्टर्स, स्टाफ, मरीज बन्धु एवं उनके साथी आदि उपस्थित रहे।

## दंपती घायल

इकदिल, इटावा। गांव मड़ैया मुसावली निवासी 50 वर्षीय प्रकाश चन्द्र और उनकी 45 वर्षीय पत्नी श्रीदेवी मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे ददोरा एसबीआई से पैसे निकालने के जा रहे थे। तभी मानिकपुर-पृथ्वीपुर रोड पर संतोष चैधरी की बगिया के सामने पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी।

### सूचना

मैं साबिरा पत्नी मुन्नू निवासिनी ग्राम बाजूडीह पोस्ट निजामपुर निकटी जिला खीरी जिसका नाम पहले जाफरी था जिसे बदल कर साबिरा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

### बेदखली सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र नारेन्द्र सिंह व बहू ऊषा सिंह पत्नी नारेद्र सिंह को उनके गलत चाल-चलन, बुरे कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। राम मोहन सिंह पुत्र स्व. गुरु प्रसाद सिंह नि. ग्रा. टिकुआपुर, पो.-गहरौली, जिला रायबरेली।

### बेदखली सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र योगेश कुमार व बहू शकुन्तला देवी पत्नी योगेश कुमार को उनके गलत चाल-चलन, बुरी संगत के कारण एवं परिवार में मार पीट करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। राजेश कुमार पुत्र स्व. रामपाल व शारदा देवी पत्नी राजेश कुमार नि. ग्राम-दिस्तापुर मजरा साहबगंज ग्रंट परगना अटवा पिपरिया तहसील व थाना मोहम्मदी, जनपद-खीरी।

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना नगराम कमिश्रेरट लखनऊ में निलामी की प्रकिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित है जिस क्रम में थाना स्थानीय पर दाखिल वाहन माल मुकदमाती, सीज, लावारिस सूरक्षार्थ वाहन चारपहिया दो पहिया व अन्य बडे वाहन थाना परिसर में खड़े है जिनके सम्बन्ध उपरोक्त वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन को वैधानिक तरीके से प्राप्त करने में रूचि नहीं ली जा रही है। ऐसे वाहन जो लम्बे समय से थाना परिसर में खुले आसमान से नीचे खडे होने के कारण उनके इंजन नम्बर चेसिस नम्बर स्पष्ट नहीं हो पा रहा है तथा जिनकी पहचान नहीं हो पा रही है तथा नोटिस प्रदान करना सम्भव नही है एवं जिनके वाहन स्वामियों का पता तस्दीक हुआ है उनको नोटिस जारी की गयी है तथा पम्पलेट के माध्यम से सूचना दी जा रही है। अतः सम्बन्धित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है 15 दिवस के अन्दर अपना वाहन नियमानुसार अवमुक्त करा ले अन्यथा उपरोक्त वाहनो की नीलामी कराकर पैसा राजकीय कोश में जमा कर दिया जायेगा। जिसका दायित्व वाहन स्वामी का होगा।

**थानाध्यक्ष थाना नगराम लखनऊ**

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना झ बंथरा कमिश्नरेट लखनऊ में नीलामी की प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित है जिस क्रम में थाना स्थानीय पर दाखिल वाहन माल मुकदमाती, सीज, लावारिस सुरक्षार्थ वाहन चार पहिया,दो पहिया व अन्य बडे वाहन थाना परिसर में खडे है जिनके संबंध में उपरोक्त वाहन स्वामी व्दारा अपने वाहन को वैधानिक तरीके से प्राप्त करने में रुचि नही ली जा रही है। ऐसे वाहन जो लम्बे समय से थाना परिसर में खुले आसमान के नीचे खडे होने के कारण उनके इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर स्पष्ट नही हो पा रहा है तथा जिनकी पहचान नही हो पा रही है तथा नोटिस प्रदान करना सम्भव नही है एंव जिनके वाहन स्वामियो का पता तस्दीक हुआ है उनको नोटिस जारी की गयी है तथा पम्पलेट के माध्यम से सूचना दी जा रही है। अतः सम्बन्धित वाहन स्वामियो को सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के अन्दर अपना वाहन नियमानुसार अवमुक्त करा ले अन्यथा उपरोक्त वाहनो की नीलामी कराकर पैसा राजकीय कोष में जमा कर दिया जायेगा जिसका दायित्व वाहन स्वामी का होगा।

**प्रभारी निरीक्षक थाना बंथरा कमिश्नरेट लखनऊ**

# सीएम के विजन से चमकी किस्मत, पीएम से मिला संवाद का मौका

- ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में गोरखपुर की कौशल्या देवी से भी पीएम मोदी ने किया संवाद
- श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ से जुड़कर लखपति दीदी बन चुकी हैं कौशल्या
- गोरखपुर मंडल की 31 हजार महिलाएं हैं एमपीओ की शेयरहोल्डर्स, डेढ़ साल का टर्नओवर 115 करोड़ रुपये



गोरखपुर। डेढ़ साल पहले एक गांव की भौगोलिक सीमा और चंद हजार रुपयों की आमदनी तक सिमटी कौशल्या देवी की किस्मत सीएम योगी के विजन से चमक गई है। अब उनकी पहचान देशव्यापी होने जा रही है। इसका जरिया बना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ)। इस एमपीओ से जुड़कर पशुपालक कौशल्या देवी ने महज डेढ़ साल में करीब चौदह लाख रुपये की आमदनी अर्जित कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख डाली है। उनकी सफलता को जुलाई माह में मुख्यमंत्री से सराहना मिली थी तो गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी सक्सेस स्टोरी सुनी और खूब शाबासी दी। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखने वाली जिन महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने और उनसे अपनी सफलता की दास्तां सुनाने का अवसर मिला, उनमें गोरखपुर के चौरीचौरा तहसील क्षेत्र की पशुपालक कौशल्या देवी भी शामिल रहीं। कौशल्या, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन की शेयरहोल्डर हैं। बकौल कौशल्या देवी, पीएम मोदी ने बड़ी सहजता से उनका नाम, पता और कार्य के बारे में पूछा। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई है। उन्होंने एमपीओ से जुड़ने के बाद पशुपालन/दुग्ध संग्रह के काम से मिली आर्थिक कामयाबी का जिक्र करने के साथ बताया कि डेढ़ साल में ही वह करीब 14 लाख रुपये का आय अर्जित कर चुकी हैं। संस्था से जुड़ने से पहले उनके पास मात्र दो पशु थे, इनकी संख्या बढ़कर 14 हो चुकी है। कौशल्या के अनुसार, एमपीओ ने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से करीब छह माह पहले उनके घर गोबर गैस यूनिट भी लगवा दिया है। जब से यह यूनिट लगा है, तबसे उन्होंने गैस सिलिंडर नहीं भरवाया है। रसोई का काम अब इसी से हो जा रहा है। इसके पहले कौशल्या देवी को 12 जुलाई को लखनऊ में पशुपालन से जुड़े एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला था।

महिला सशक्तिकरण के लिए श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ का गठन बुंदेलखंड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हुआ है। इस एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि क्रियाशीलता के महज डेढ़ साल में गोरखपुर मंडल की 31 हजार महिलाएं इससे जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर चल पड़ी हैं। डेढ़ साल में इस एमपीओ का टर्नओवर 115 करोड़ रुपये का है। संस्था से जुड़ी महिलाएं प्रतिदिन करीब 65 हजार लीटर दूध का संग्रह करती हैं। अब तक कुल मिलाकर 93 करोड़ रुपये का भुगतान महिला शेयरहोल्डर्स को किया जा चुका है। एमपीओ से जुड़ी 1841 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इस एमपीओ का कार्यक्षेत्र मंडल के चार जिलों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर है। एमपीओ द्वारा 500 से अधिक मिल्क पूलिंग पॉइंट्स के माध्यम से संग्रहित दूध की आपूर्ति मदर डेयरी को की जाती है। लखपति दीदियों के अलावा एमपीओ से जुड़ी अन्य महिलाएं भी औसतन महिलाओं प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपये की आय घर बैठे प्राप्त कर रही हैं। एमपीओ की महिला शेयरहोल्डर को कंपनी की तरफ से पशु आहार और खनिज मिश्रण, पशुओं के थनैला रोग जांच, पशुओं के कृत्रिम गभार्धान पंजीकरण की भी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा उन्हें पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर करने और अधिक दूध उत्पादन से जुड़ी जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

# लंबे अरसे बाद मिली सौगात, तो जनता बोली थैंक्यू योगी जी व थैंक्यू विधायक जी

- गोला से जिला मुख्यालय के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू
- विधायक राजेश त्रिपाठी व आरएम लव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बस सेवा संचलन की किया शुरूआत
- विकास के पायदान पर तेजी से आगे बढ़ रहा चिल्लूपार : राजेश
- क्षेत्रीय जनता को कम किराया में सुगम यात्रा का मिलेगा लाभ : लव कुमार




गोला, गोरखपुर। जिला मुख्यालय गोरखपुर से सुदूर दक्षिणांचल के अंतिम छोर पर बसे उपनगर गोला व क्षेत्र के लोगो के लिए आज का दिन किसी सौगात से कम नहीं, जब राजकीय परिवहन निगम ने दक्षिणांचल के लोगों के सुगम यातायात के लिए रोडवेज बसों का बेड़ा लगा दिया हो। जिससे अब यहां के लोगो का जनपद मुख्यालय जाना आसान हो गया हो। और रोडवेज की बसों से अब पहले से ज्यादा सुगम व आरामदायक सफर का आनंद उठा सकेंगे। जनमानस की वर्षो की माग पूरी हुई तो जनता ने भी बोल दिया थैंक्यू योगी जी व थैंक्यू विधायक जी। गुरूवार को गोला बाजार चौराहे पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज गोरखपुर लव कुमार ने फूलों से सजी बस के सामने नारियल तोड़कर तथा रिबन काटकर रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ किया। तदुपरांत हरी झंडी दिखाकर फूलों से सजी बस को रवाना किया। विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा जनपद के दक्षिणांचल का यह हिस्सा गोला बाजार क्षेत्र एक लंबे अर्से से सरकारी परिवहन सेवा से अछूता रहा। इस क्षेत्र के लोगों को यातायात के लिए तमाम कठिनाईयों का सामना करना पड़ताथा। लेकिन योगी जी सरकार में चिल्लूपार क्षेत्र के समग्र विकास का खाका खिंचा जा रहा है। इस क्षेत्र को औद्योगिक गलियारा देने के साथ ही गोला-हाजीपुर पुल व रामजानकी मार्ग समेत तमाम बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस क्षेत्र को रोडवेज बस सेवा की सौगात भी है। और इसके साथ ही विकास के पायदान पर चिल्लूपार तेजी से आगे बढ़ रहा है।

राजकीय परिवहन निगम गोरखपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार ने कहा कि यूपीएसआरटीसी जनता को सुगम व आरामदायक यात्रा सुविधा देने लिए प्रतिबद्ध है। यहां से रोडवज बस सेवा शुरू होने से अब यहां के लोगों को भी कम किराया में सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। इस अवसर रोडवेज के सेवा प्रबंधक मुकेश कुमार, पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार, जिपंस बालचंद सोनकर,

पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्याम नारायण दूबे, वरिष्ठ भाजपा नेता नित्यानंद मिश्र, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, अनिल भट्ट, ग्राम प्रधान संजय राय व शिव कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष संदीप सोनकर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष संतोष तिवारी व देवेश निषाद, विद्याधर पांडेय, रामललित तिवारी, आलोक पांडेय, आलोक तिवारी, दीपक राय, जयशंकर तिवारी, हेमंत मिश्रा, शुभम तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, अमरमणि त्रिपाठी, आनंद चंद, उमेश यादव, अजय राजभर, सिप्पू राय, विनित राय आदि उपस्थित रहे।

# कार ने स्कूटी में मारी टक्कर महिला ने कहा चेन लूट लिया

चरगांवा, गोरखपुर ।शाहपुर इलाके के जेल बाईपास पर बृहस्पतिवार की सुबह कार ने महिला की स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे महिला सड़क पर गिरकर जख्मी हो गई। एक राहगीर ने महिला की मोबाइल से पुलिस को चेन लूट की सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची आसपास सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखा तो कहीं भी लूट की बात सामने नहीं आई। वहीं एक कैमरे में कार से महिला की स्कूटी में टक्कर दिखाई दे रहा है, पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के जेल बाईपास स्थित सरस्वती पुरम कॉलोनी लेन पांच निवासी बृजेश सागर सिंह लेखपाल हैं। उनकी पत्नी श्रेया सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित एक अस्पताल में फिजियोथेरेपिस्ट हैं। वह बृहस्पतिवार की सुबह 9:45 बजे के करीब घर से स्कूटी से स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित अस्पताल जाने के लिए निकली थी। अभी वह जेल बाईपास फोरलेन पर पहुंच कर सड़क के बाएं लेन में पहुंची थी कि इसी दौरान कौवाबाग की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे महिला सड़क पर गिरकर जख्मी हो गई। वहीं घटना के बाद कार सवार पादरी बाजार की तरफ फरार हो गये। महिला को सड़क पर जख्मी देखकर राहगीर जूटे तो महिला ने लोगों को बताया उन्हें कार ने टक्कर मार कर उनकी चेन लूट ली जिसके बाद एक राहगीर ने महिला की मोबाइल लेकर पुलिस को चेन लूट की सूचना दे दी। लूट की सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास कैमरे की फुटेज देखा तो एक कैमरे में कार से स्कूटी में टक्कर मारते दिखाई दे रहा है। चेन लूट की घटना सामने नहीं आई। महिला ने कहा कि मैं हमेशा चेन पहनी रहती हूं और चेन गायब हो गई है। उन्हें पता नहीं चेन कौन लिया है। फिलहाल, पुलिस मामले कि जांच कर रही है।

# ग्राम बीरमपुर में युवक की हत्या से सनसनी



जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम बनकटी बुजुर्ग के मजरा बीरमपुर में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 42 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र एवरन सिंह का रक्तरंजित शव उनके घर के अंदर बरामदे में पड़ी टीन शेड के नीचे पड़ी चारपाई पर मिला। गाव में इस घटना को लेकर यह चर्चा फैली हुई है कि मृतक का पड़ोस की रहने वाली एक महिला के साथ मेलजोल था और काफी करीबी संबध थे, कही इसको लेकर तो हत्यारो ने इस घटना को अंजाम दिया है, या फिर शराब पीकर किसी विवाद के बाद उसकी हत्या की गई है। पुलिस सभी पहलुओ को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। तत्काल पुलिस को सूचना दी। प्रदीप कुमार अविवाहित थे और कई वर्षों से गांव में अकेले ही रह रहे थे।

गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे पड़ोसी डीलर नरोत्तम सिंह जब अपनी साईकल उठाने गए तो उन्होंने सबसे पहले शव देखा और चैकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से शराब की बोतलों की पैकिंग, खून से सनी ईंट, बेलन पत्थर और तवा बरामद किया। शव चारपाई पर खून से सना पड़ा था और पास ही जमीन पर खून जमा हुआ मिला। उनकी भाभी अंजली देवी ने कहा कि प्रदीप नशे के आदी थे। उनके पास एक बीघा जमीन और मकान था, जिसे कुछ समय पहले ही बेच दिया था। अब वे मजदूरी करके जीवन यापन कर रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि बुधवार की सुबह 10 बजे तक उन्हें घर पर देखा गया था उसके बाद गुरुवार को सुबह ही उनका शव मिला। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि इस घटना की गहनता से जांच करे और सही तरीके से इसका खुलासा करे। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि यह स्पष्ट रूप से हत्या का मामला है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच जारी है। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही दो लोगो को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

# डंपर व ऑटो की भिड़ंत में दो महिलाओं की मौत

## आधा दर्जन घायल



उदी, इटावा। थाना पछायागांव की चैकी कोरी का कुआं के समीप उदी-वाह मार्ग पर गुरुवार प्रातः हुए ऑटो एवं डम्फर की टक्कर हादसे में ऑटो सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी जबकि छह लोग गंभीर घायल हुए हैं। घायलों को उदी सीएचसी व जिलाचिकित्सालय इटावा में प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मध्यप्रदेश के जनपद भिंड निवासी पांच महिलाओं सहित लगभग दस लोग कस्वा उदी मोड़ से किराये का ऑटो करके थानां जैतपुरा-आगरा क्षेत्र में चल रही रामायण कथा श्रवण को जा रहे थे कि तभी प्रातः लगभग 9 बजे जैसे ही ऑटो उपरोक्त कोरी कुआं पुलिस चैकी के समीप पहुंचा की तभी सामने खड़े डम्फर में भिड गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का अगला हिस्सा छोड़ पूरा ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होगया। ऑटो में सवार सभी यात्री दब गए।चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी तथा पुलिस के सहयोग से सभी लोगो को बाहर निकाला गया। जिसमें अनीता पत्नी भारत सिंह 50 निवासी रैपुरा भिंड एवं वीरन श्री पत्नी केशव सिंह 55 निवासी चकरपुरा भिंड की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि सुग्रीव बाबाजी पुत्र फूलसाहाय 50 निवासी रातनुपुरा-भिण्ड, सरोज पत्नी बलवीर 46 निवासी रैपुरा भिण्ड, सरस्वती पत्नी सुरेंद्र 59 निवासी बरोही भिण्ड, आशा देवी पत्नी सत्यभान 48 निवासी रैपुरा भिण्ड, छोटे सिंह पुत्र उमेश 18 निवासी उपरोक्त, नरसिंह पुत्र महाराज 40 निवासी उपरोक्त आदि घायलो को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया उसके बाद सभी गंभीर घायलो को जिला चिकित्सालय इटावा रेफर किया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया गया। थानां पछायागांव पुलिस द्वारा मृतकों के शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही के बाद पोस्टमॉर्टम हेतु भेज गया तो वहीं घटना स्थल पर खड़े डम्फर व ऑटो को कब्जे में लिया गया।

# डीएम से मिले सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

बांसगांव, गोरखपुर। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशवंत सिंह श्रीनेत ने जिलाधिकारी दीपक मीणा से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपकर तहसील में व्याप्त समस्याओं के निराकरण कराने की मांग किया। एडवोकेट श्री सिंह ने जिलाधिकारी को सौंपे गए मांग पत्र में बताया कि तहसील में



उपजिलाधिकारी तथा नायब तहसीलदार न्यायालय पेशाकर विगत कई महीनों से रिक्त चल रहा है, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) का पद तो तहसील में स्वीकृत है किंतु उन्हें बैठने या न्यायिक कार्य करने एवं रहने का कोई आवास उपलब्ध नहीं है पोस्टिंग के बाद जैसे तैसे काम चलाते है। तहसील परिसर में वादकारियों के लिए किसी प्रकार से न तो पेय जल की व्यवस्था है न ही उनके लिए शौचालय या मूत्रालय की व्यवस्था है जिस कारण वादकारी तहसील परिसर में खुले में मूत्र त्यागते है जिससे गंदगी का आंबार लगा हुआ है तहसील में बना हुआ शौचालय में हमेशा ताला लगा रहता है, तहसील में सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार रोकने के लिए सी सी टी वी कैमरा तो लगा है किंतु काफी समय से बंद पड़ा है। तहसील परिसर में कई बिल्डिंगे जर्जर एवं निष्प्रयोज्य पड़ी हुई है जिसका कोई उपयोग नहीं है उसे नीलम कर हटवाने की मांग किया है। श्री सिंह ने बताया कि डीएम ने समस्याओं को जल्द निराकरण करने का आश्वासन भी दिया है।

# स्वच्छता ही मानव जीवन का आधार : डॉ. हरीशंकर



इटावा। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्योति संटू गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा की देखरेख में तथा ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय डॉ. हरीशंकर पटेल एवं स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के डीपीएम सुनील कुमार के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं शोरावाल बालिका इन्टर कालेज के सहयोग से शोराबाल वालिक इन्टर कालेज में विद्यालय के बच्चे ने स्वच्छता ही सेवा का सार्टफार्म में एसएचएच की मनमोहक आकृति बनाकर लोगों का मन मोह लिया। डॉ. हरीशंकर पटेल ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए सोर्स सेग्रीगेशन और निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया स्वच्छता ही मानव जीवन का आधार है। सुनील कुमार डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ने विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन यादव, उप प्रधानाचार्य अनामिका वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कूडें के प्रथिकिकरण एवं जल के महत्त्व पर चार्चा की। अनामिका वर्मा, उपप्रधानाध्यापक शोरावाल वालिका इंटर कालेज ने स्वच्छ व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है इसलिए हम सभी को मिलकर स्वच्छता के अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से आईटीसी से सुजीत कुमार, जिओ स्टेट से विवेक सिंह, अंशुल, आसिफ तथा सफाई नायक शेखर तथा शोरावाल बालिक इण्टर कालेज के अध्यापिकाएं, छात्राएं एवं स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

# अष्टमी के दिन निकलेगी भव्य शोभायात्रा



इटावा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थानीय पुरियाटोला स्थित दुर्गा महोत्सव समिति द्वारा विगत 41 वर्षों से अष्टमी के दिन भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है समिति के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में बताया कि 30 सितंबर दिन मंगलवार सायंकाल 5 बजे यात्रा का केके इंटर कॉलेज से कोतवाली चैराहा से तिकोनिया नगर पालिका चैराहा राजा गंज चैराहा से छैराहा आदि मार्गों होते काली वाहन मंदिर तक जायेगी यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए दुर्गा महोत्सव समिति के सभी वरिष्ठ व युवाओं का सहयोग दिन-रात मेहनत करके यात्रा में शामिल होने वाली झांकियो को अंतिम रूप में लगे हैं इस बार अपने आर्कषण झांकियो का प्रदर्शन किया जायेगा जिन्हें भव्य और सुसज्जित रूप से सजाया जा रहा है यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर स्वागत हेतु तोरण द्वार बनाये जाये जा रहे हैं पुरबिया टोला कुर्मी समाज में नारी शार्वतं के द्वारा अनेक स्थानो पर यात्रा मार्ग मे मंगल आरती व स्वागत की तैयारी की जा रही है तथा कुर्मी समाज के सहयोग से यात्रा मार्ग से प्रसाद वितरित आदि भी किया जायेगा दुर्गा महोत्सव समिति के नगर के सभी साभ्रांत नागरिकों व वरिष्ठ नागरिकों से इस बार भी यात्रा मे शामिल होने का अनुरोध किया गया है। वार्ता के दौरान राकेश वर्मा, योगेश कुमार, अमन पटेल, राजीव कुमार, सचिन वर्मा, अतुलेश पटेल, जयन्त वर्मा, श्रीकृष्ण वर्मा, प्रमेन्द्र कुमार, ईशान्त वर्मा, अतुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी टैक्स स्लैब में एतिहासिक बदलावः प्रभारी मंत्री




इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी टैक्स स्लैब में किए गए ऐतिहासिक बदलाव के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा व जनपद प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सिचाई विभाग गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि व आगामी त्योहारों के पहले जीएसटी में कटौती से पूरे देश में उत्सव का माहौल बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मध्यमवर्गी जनता को त्योहारों के सीजन में राहत देने के उदेश्य से जीएसटी में बड़े बदलाव किए हैं जो बीती 22 सितंबर से लागू हो चुके हैं। जीएसटी काउंसिल ने पूर्व के 12 और 28 प्रतिशत टैक्स दरों को समाप्त कर टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव किए हैं। अब केवल दो मुख्य स्लैब (5ः और 18ः) हैं, और लक्जरी एवं सनि वस्तुओं पर 40ः की दर से टैक्स लगेगा। रोजमर्रा की कई वस्तुएं जैसे कि साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, बिस्किट, नमकीन, दूध, घी, पनीर, बच्चों की नैपकिन आदि 5ः या टैक्स फ्री की श्रेणी में आ गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस श्आकांक्षी भारतश की बात की है, उसकी झलक कार बाजार में साफ दिखाई दे रही है। मारुति ने कार बुकिंग का अपना 35 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और हुंडई शोरूम्स ने भी अपना 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मारुति, हुंडई, महिंद्रा, टाटा और अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियों में बिक्री के रिकॉर्ड टूट रहे हैं, जबकि बाइक और छोटे वाहनों की भी भारी मांग है। कुछ जरुरी दवाओं और हेल्थकेयर उत्पादों पर भी अब टैक्स या तो घटाया गया है या पूरी तरह से हटा दिया गया है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, जिलामहामंत्री प्रशांत राव चैबे, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य आदि उपस्थित रहें।

# शरद बाजपेयी ने धूमधाम से मनाया प. दीनदयाल का जन्मदिन



इटावा। प. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर बूथ संख्या 279 पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में भाजपा नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने दीप प्रज्जवलित करके प. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की। शरद बाजपेयी ने कहा कि प. दीनदयाल उपाध्याय जी सरलता की प्रतिमूर्ति थे वे सदैव अंत्योदय की बात किया करते थे व उनके विकास के लिए प्रयासरत रहते थे, आज मोदी सरकार उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर उन्हीं के आदर्शो पर काम कर रही है और देश के अंतिम पायदान तक प्रभावी योजनाएं बनाकर उन्हें विकसित व मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी उनके आदर्शों पर चलकर जन-जन की सेवा का भाव अपनाते हुए कार्य करेंगे और जन-जन की सेवा करेंगे, मैं आज उनकी जन्म जयंती पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। इस अवसर पर भाजपा नेता सोमेश अवस्थी, सेक्टर संयोजक प्रमेन्द्र तिवारी, हरिओम दुबे, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56255740 | HIGH REACH PANTOGRAPH FOR AC ELECTRIC LOCOMOTIVES AS PER RDSO SPECN. NO. RDSO/2007/EL/SPEC.0054, REV '3' Amend. 2 dated 17.01.2025. | 17 Nos | 24.10.2025 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/56/2025

ईमेल पताः dycmmcb15@gmail.com

2962/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम ने महिलाओं को दिया सशक्त होने का संदेश

## आयोग सदस्य संग बांटी 101 मिशन शक्ति स्पेशल सीएसआर किट, खिले चेहरे



**लखीमपुर खीरी।** हक की बात, जिलाधिकारी के साथ। मिशन शक्ति 5.0 के तहत गुरुवार को वन स्टाफ सेंटर में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके हक अधिकारों की चर्चा हुई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, राज्य महिला आयोग सदस्य सुजाता कुमारी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने महिलाओं को उनके हक और आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई। टूटते रिश्तों को जोड़ने की प्रेरक दास्तानें सुनाई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीपीओ लवकुश भार्गव ने किया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं, निराश्रित महिलाओं, सुलह समझौते के बाद सुखचैन से रहने वाले परिवार की महिलाओं और वन स्टाफ सेंटर की संवासिनियों को ह्लमिशन शक्ति स्पेशल सीएसआर किटह्व वितरित की गई। इस दौरान डीएम ने स्वयं महिलाओं से संवाद भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मिशन शक्ति 5.0 की अहमियत पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्पॉन्सरशिप योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के जरिये निराश्रित बच्चों को शिक्षा व सहारा उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएम मातृत्व वंदना योजना के तहत बालिकाओं के जन्म पर पोषण के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है, जबकि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कन्याओं को 6 चरणों में ?25 हजार की मदद प्रदान की जा रही है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा, ह्लनारी सशक्त होगी तो परिवार, समाज और देश मजबूत होगा। सरकार हर बेटी और महिला को उसके हक और अधिकार दिलाने के लिए कटिबद्ध है। योजनाओं का लाभ उठाइए और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाइए। यही असली मिशन शक्ति है। कार्यक्रम में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, काउंसलर कुसुम गुप्ता, नीति गुप्ता और अधिवक्ता अंजना पांडे ने भी उपस्थित महिलाओं को कानूनी जानकारी दी।

### केंद्र-प्रदेश की योजनाएं दे रहीं नारी को नई ताकत : सुजाता कुमारी

राज्य महिला आयोग सदस्य सुजाता कुमारी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 महिला सशक्तिकरण का बड़ा अभियान है। केंद्र व प्रदेश की मातृत्व वंदना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला, वन स्टॉप सेंटर, कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप व बाल सेवा योजनाएं महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता दे रही हैं। महिलाओं से आह्वान किया कि अपने हक और कानूनी अधिकार जानें, योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

## प्रशासन की सुलह ने जोड़ दी रोशनी लालू की टूटी डोर, रोशनी ने खुद सुनाई पूरी दास्तान

कुछ दिन पूर्व कपड़े प्रेस करने को लेकर हुए मामूली झगड़े ने रोशनी और लालू के रिश्ते को संकट में डाल दिया था। दोनों अलग हो गए थे, लेकिन प्रशासन की सुलह पहल ने उनके रिश्ते को फिर से जोड़ दिया। हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष रोशनी ने पूरी दास्तान सुनाई। रोशनी ने कहा कि आज हम हंसी-खुशी साथ हैं। सभी से यही कहना चाहती हूं कि पत्नी के साथ कभी दुर्व्यवहार या झगड़ा न करें। हमेशा प्यार और समझदारी से रहिए।

संक्षेप

## वन चेतना केंद्र में किया पौधरोपण और सफाई



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) वन चेतना केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विधायक अमन गिरि ने साथियों के साथ सफाई अभियान चलाया और एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधा रोपण किया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडे, विनोद स्वर्णकार, सत्यप्रकाश अग्रवाल, रामकुमार सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गिरी मोंटी भैया, अनूप साहनी, राजन साहनी, शिवम कश्यप, धीरज बाजपेई, विश्वनाथ सिंह, रेखा मिश्रा, राजेश सिंह, अवधेश सिंह, सतेंद्र मिश्रा सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## ई-रिक्शा की चादर गिरने से वृद्ध की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर के मोहल्ला नीचीभूड़ घोसियाना में ई-रिक्शा पर लगी चादर गिरने से एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला समेत दो लोग गंभीर घायल हो गए उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। मोहल्ला तीर्थ में रह रहे 60 वर्षीय मुन्ना पुत्र फारूक अली हर रोज साइकिल से ब्रेकरी माल की दुकान दुकान जाकर सप्लाई देते थे। गुरुवार को वह मोहल्ला घोसियाना गए थे बताते हैं कि उधर से टिन सेट लादे एक ई रिक्शा जब उनके करीब पहुंचा और वहीं पर टीनें नीचे जा गिरी जिससे मुन्ना गंभीर हो गए और जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया जाता कि उन्होंने दम तोड़ दिया। टीन की चपेट में आकर मोहल्ला घोषियाना निवासी 35वर्षीय नगमा पुत्री सादिक और एक सब्जी विक्रेता गंभीर घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची पर शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया है।

## पूर्व महिला थाना प्रभारी का निधन

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में तैनात परिवार परामर्श प्रकोष्ठ की प्रभारी शकुंतला उपाध्याय का बीमारी के चलते लखनऊ के निजी अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर आते ही पुलिस विभाग में अशोक की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि शकुंतला उपाध्याय जनपद खीरी में पिछले करीब 4 वर्षों से तैनात हैं। तैनाती के दौरान उन्हें महिला थाना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। इसके बाद पुलिस विभाग के परिवार परामर्श केंद्र का प्रभारी बनाया गया। शकुंतला उपाध्याय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के निजी अस्पताल में गुरुवार को उनका निधन हो गया।

## युवक चाकू समेत गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम गोपियापुरा में गस्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को चाकू सहित गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी विपिन मलिक ने बताया कि उपनिरीक्षक विनय कुमार पुलिस टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्र में गस्त पर थे गांव गोपियापुरा पहुंचने पर मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक गलत इरादे से चाकू अपनी कमर में खुर्स कर गुलाबपुरा की ओर जा रहा था।

## युवती के 14 हत्यारोपियों पर गैंगस्टर की बड़ी कार्रवाई

### धर्मांतरण न करने पर उत्तराखंड में हुई थी हत्या

धौरहरा खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर उत्तराखण्ड ले जाकर हत्याकर दी गई थी।मामले में 14 आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हुई।एसपी के आदेश पर पुलिस ने 14 आरोपियों के विरुद्ध गैगेस्टर की कार्रवाई करते हुए तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पढुआ थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहलाफुसला का शादी का झांसा देकर दूसरे समुदाय का आरोपी पहले उत्तराखण्ड ले गया।वहां उससे दुष्कर्म के बाद उसे धर्म परिवर्तन का दबाव डाला जब युवती ने मना किया तो आरोपी ने अपने अन्य 13 साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस 14 हत्यारोपियो के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था।पढुआ प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर महिला अपराध मामले में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सभी 14 आरोपियों के विरुद्ध गैगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। मामले में पुलिस ने जमानत पर छूटकर आए मकबूल, मजलूमा ? व गफूर को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष भेज किया। जबकि आसिफ उर्फ छोटू, शमशाद, जुबेर, जिब्राइल, रज्जब, चंदा पत्नी रज्जब निवासी गण मोहल्ला मेहवाला मदीना मस्जिद के पास पटेल नगर देहरादून, उत्तराखण्ड, दिलशाद, सलमान, पुत्तू, मकबूल मजलूमा पत्नी मकबूल, गफूर, सफीक, गुलिस्तान पत्नी सलमान निवासी गण ग्राम गौरिया थाना पढुआ अभी जेल में बंद है, जिनका रिमांड भेजा गया है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन पर हुई संगोष्ठी



लखीमपुर खीरी। बी.एड विभाग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन और एकात्म मानववाद पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और बी.एड विभाग की छात्राओं स्वाती तथा विभा द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बी.एड विभाग से विभा, श्रद्धा मिश्रा, सुयश शुक्ला, पल्लवी, अनूप रस्तोगी, शिवांश मिश्रा, उपासना शर्मा, विनीत कुमार, विजय आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन सतीश कनौजिया और प्रणव अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

इसमें प्राचार्य द्वारा एकात्म मानववाद की प्रासंगिकता पर उद्बोधन दिया गया तथा विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल द्विवेदी द्वारा जीव मात्र की एकात्मता तथा परम तत्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में राष्ट्रगान तथा पंडित जी के विचारों को जीवन में आत्मसात करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रोफेसर सत्यनाम और प्रोफेसर मनोज मिश्रा तथा विभाग के वरिष्ठ जमुना प्रसाद जी उपस्थित रहे।

## सातवें दिन कांग्रेस का अनशन जारी



लखीमपुर खीरी। एफ आई आर दर्ज न किए जाने के विरोध में सातवें दिन कांग्रेस का क्रमिक अनशन जारी। आज सातवें दिन भी कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन जारी है जब तक सत्ता पक्ष का समर्थन प्राप्त उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होता है अनशन जारी रहेगा। अनशन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की निकम्मी सरकार का निकम्मा प्रशासन दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने से बच रहा है। आज हम सभी लोग विगत 19 तारीख से हम सभी लोग क्रमिक अनशन पर बैठे हैं ' पुलिस प्रशासन के कानून में जू नहीं रेंग रहा है ' जनपद की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है ' कानून नाम की कोई चीज नहीं रही आए दिन हत्या चोरी डकैती बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो रहे। अनशन पर बैठे प्रमुख 11 सदस्यीय गणों में मोहन चंद्र उप्रेती, अब्दुल मजीद, मंजू मिश्रा, नागेंद्र चौहान इनायत अली, उद्देश्य गिरी, धर्मेंद्र सिंह, फिरासत अली, प्रदीप कुमार वर्मा, गौरव दीक्षित, संतोष कुमार, रजनी, रामपाल शाक्य, पूजा पांडे, खूबचंद भास्कर आदि मौजूद रहे। उक्त अनशन के समर्थन में सैकड़ो लोग मौजूद रवि तिवारी, डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी, तरुण शालू, रामकुमार मिश्र, रामजीवन राज, श्रीमती शाहजहां, अब्दुल रहीम, कमल जीत सिंह, नरेश सिंह भदौरिया, महताब आलम, लतीफ आजम, दिनेश कश्यप, जगजीत सिंह, नंदकिशोर, गजेन्द्र, चरन सिंह संजय गोस्वामी, रामकुमार वर्मा, पंकज शुक्ला, नरेंद्र कुमार पांडे, पंकज शुक्ला, कोमल सिंह आदि शामिल रहे।

## नजूल की भूमि पर नयी बस्ती में किया जा रहा अवैध निर्माण




लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर में नजूल की भूमि पर एक के बाद एक नए अवैध निर्माण रोक पाने में एसडीएम सदर नाकाम दिखाई दे रहे हैं। लखीमपुर शहर के मोहल्ला नई बस्ती में रातों-रा एक नजूल की भूमि पर स्लिप डालकर अवैध निर्माण कर लिया गया। हैरान करने वाली बात यह है कि अवैध निर्माण करता के पास नक्शा पास नहीं है फ्री होल्ड तक नहीं कराया गया है। तहसील प्रशासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया। एक के बाद एक हो रहे अवैध निर्माण के मामले में एसडीएम सदर की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही है। इस संदर्भ में जानकारी करने पर विजय सेठ ने बताया यह हमारी पैतृक संपत्ति है। इसमें बांसवार प्रिंटिंग प्रेस चलती थी। कोर्ट के आदेश पर खाली करवाकर निर्माण करवाया है। जब नक्शा पास नहीं हो सकता, फ्री होल्ड हो नहीं सकता आखिर क्या करें हां हमने नजूल पर निर्माण किया है।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन और चिन्तन विषय पर हुई संगोष्ठी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) केन ग्रोवर्स नेहरू डिग्री कालेज में विकसित भारत की संकल्पना में पं.दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन एवं चिन्तन विषय पर संगोष्ठी पं.दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक अभिषेक तथा प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने माँ सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पार्चन एवं दीपप्रज्ज्वलन के साथ किया। हिन्दी विभाग के प्रभारी डॉ. प्रशान्त सिंह ने मुख्य वक्ता तथा अन्य गणमान्यों का परिचय कराया तथा कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का ध्येय था राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है, अन्त्योदय हमारा लक्ष्य है। प्राचार्य पंकज सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि एकात्म मानववाद प्राचीन ऋषि परम्परा का आधुनिक स्वरूप है। जिसमें व्यष्टि का समष्टि तथा समष्टि का व्यष्टि में विलय हो जाता है। मुख्य वक्ता अभिषेक ने एकात्मवाद पर चर्चा करते हुए विकसित भारत की संकल्पनाओं में भारतीय मूल्यों के महत्व को स्पष्ट किया। अन्त में प्राचार्य ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया। राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. विवेक कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने पंच परिवर्तनों के माध्यम से भारत के विकसित राष्ट्र बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, गणमान्य प्रबुद्धजन एवं छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन विद्यालय का विधायक ने किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गोला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुड़ापासी में निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज आवासीय छात्रावास का विधायक अमन गिरि ने औचक निरीक्षण कर सबंधित लोगों को आवाश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक अमन गिरि ने भवन निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए बनाए जा रहे छात्रावास में गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। जिससे क्षेत्र की बालिकाओं को अच्छा रहन-सहन व अच्छी शिक्षा मिल सके। इस मौके पर केके शुक्ला, रामगुलाम पांडे, भोली गिरि आदि मौजूद रहे।

## गुरुकुल एकेडमी से राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल खेलने के लिए तमिलनाडु रवाना हुई टीम



पलियाकलां खीरी। वालीबाल प्रतियोगिता में बरेती जोन का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम गुरुकुल से कुलजीत सिंह, अनमीत सिंह, गुरवीर सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए किया गया था। तमिलनाडु के कोटा ? गिरि में आयोजित प्रतियोगिताओं के लिए आज तीनों खिलाड़ियों को रवाना किया गया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने खिलाडियों को शुभकामनाएं दीं। टीम कोच बृजमोहन मिश्रा ने खिलाड़ियों की तैयारी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों ने अथक परिश्रम से खुद को तैयार किया है तथा वे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आश्वस्त हैं।

## सीएचसी में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधायक अमर गिरि ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। सेवा पखवाडा के तहत गुरूवार को विधायक अमन गिरि ने रक्तदान शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान कई लोगों ने रक्तदान किया। विधायक अमन गिरि ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने इसे मानवता की सच्ची सेवा बताया और कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। विधायक ने कहा कि उनके प्रयास से विधायक अमन गिरि ने टीवी की जांच व इलाज के लिए आधुनिक मशीन उपलब्ध हो चुकी हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों को बाहर जाना नहीं पड़ेगा। इससे पैसे के साथ-साथ समय की बचत भी होगी। रक्तदान शिविर में 10 युनिट ब्लड एकत्र किया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष रिंकू शुक्ला, सीएचसी अधीक्षक डा0 गनेश कुमार, डा0 अजय वर्मा, डा0 अशोक बिहारी, जेई मनीष गिरि, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, सुरेंद्र शर्मा, अवधेश मिश्रा, राजन साहनी, सभासद भोली गिरी, राजू रावत, पूर्व सभासद संजय वर्मा, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, विजय मिश्रा, धीरज बाजपेई, विनोद स्वर्णकार, शिवम्-कश्यप आदि मौजूद रहे।

## एफटीई इंजीनियर बने विद्या निकेतन के पूर्व छात्र अभिषेक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के पूर्व छात्र अभिषेक कुमार ने एनटीपीसी द्वारा आयोजित एफटीई इंजीनियर भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर 8 जून 2025 को आयोजित हुई थी। अभिषेक 13 अक्टूबर को कर्नाटक राज्य के बेल्लारी में एफटीई इंजीनियर के पद पर कार्यभार ग्रहण करेगें। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभिषेक कुमार शुरू से ही मेधावी व कक्षा 9 से इण्टरमीडिएट तक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के नियमित छात्र रहें हैं। इन्होने हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2015 में 85.9 प्रतिशत एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2017 में 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे इसके पश्चात डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक में इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने बताया कि कानपुर देहात के मातीनगर निवासी अभिषेक कुमार के पिता उज्जियारे लाल प्रजापति डीसीएम श्रीराम शुगर मिल हरदोई में इलेक्ट्रीशियन एवं माता सुनीता प्रजापति गृहणी हैं।

## शिक्षकों को मिला एफएलएन का विशेष प्रशिक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र कंजा में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण का गुरुवार को अंतिम बैच के साथ सफल समापन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम के निर्देशन में 18 अगस्त से सितम्बर तक कुल छह बैचों में लगभग 620 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। बीआरसी भवन कंजा में आयोजित इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम बैच में दो प्रशिक्षण कक्षों में कुल 100 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में सुगमकर्ता एआरपी हिमांशु वर्मा, विनोद कुमार गौतम, आदेश शुक्ला, गुरबक्श सिंह तथा एआरपी सुरेन्द्र कनौजिया ने विशेष भूमिका निभाई। प्रशिक्षण के दौरान कक्षा 3 की एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक वीणा 1, गणित मेला और संतूर पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, संशोधित निपुण लक्ष्य, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका, ट्रैकर भरने की विधि तथा गणित की चारों मूल अवधारणाओं जोड़, घटाव, गुणा और भाग पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अतिरिक्त, भाषा एवं गणित शिक्षण कौशल, फोर ब्लॉक मॉड्यूल, अंग्रेजी शिक्षण की रणनीतियाँ, जीआरआर मॉडल तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर भी जानकारी दी गई। बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति पर बल दिया गया। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग विकास वर्मा एवं नवनीत वर्मा ने प्रदान किया। समस्त प्रतिभागी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।

## नगर पालिका द्वारा मानक विहीन घटिया सामग्री से कराया जा रहा निर्माण

लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद लखीमपुर नवागत अवर अभियंता के कार्यभार संभालते ही पालिका में किए जा रहे निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ठेकेदारों की मनमानी के चलते पालिका के जिम्मेदार अधिकारी गोता लगा रहे हैं। न तो विकास कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है ना ही गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य किया जा रहा है। ठेकेदारों को अवर अभियंता समझकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज के पास इंटरलॉकिंग उखाड़ कर आर सीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। सड़क के दोनों और नाली का निर्माण किया जाना है। नाली निर्माण में साफ देखा जा सकता है कि घटिया क्वालिटी का मसाला लगाया जा रहा है। अव्वल ईट की जगह पीला ईट का प्रयोग किया जा रहा है। खराब इंटरलॉकिंग को उखाड़ कर बेहतर क्वालिटी की सीमेंट एवं मोरंग गिट्टी डालकर आर सी सी सड़क को बनाए जाने का प्रावधान है। यहां तो अत्यधिक कमीशन के चक्कर में नाली एवं आर सी सी का निर्माण घटिया क्वालिटी का किया जा रहा है। तकनीकी स्वीकृत एवं वित्तीय स्वीकृत की रिपोर्ट देखने के बाद पता चल सकेगा की कितने की कार्य योजना बनी क्या एस्टीमेट में दिया है कितने रुपए का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

**पत्रांकः 668/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/ई-टेण्डर/2025-26** **दिनाँक 23 सितम्बर, 2025**

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-667/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक 23 सितम्बर, 2025 द्वारा रा.वि.आ./पा.नि. के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत कार्यों में से रु. 10.00 लाख से अधिक के 01 निर्माण कार्य हेतु जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 02:30 बजे से दिनांक 14 अक्टूबर, 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों /फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं.-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर./ एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/ निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत / चरित्र प्रमाण-पत्र / पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 14 अक्टूबर, 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी । अपलोड की गयी ई -निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहराइच।**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बहराइच।**

संक्षेप

## युवक ने फांसी लगायी

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के मंगरा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण पता नही चल सका है। लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के 23 वर्षीय विशाल पटेल पुत्र विजय पटेल बुधवार की रात में परिवार संग खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह देर तक नही उठा तो परिजन देखने गए तो वह फांसी पर लटक रहा था। यह देख परिजनो के होश उड़ गये। घटना की जानकारी पिता ने पुलिस को दी। मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने शव को नीचे उतरवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसने यह कदम क्यो उठाया परिजन भी इस बात से परेशान है। घटना के बाद से माता पिता का रोरो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## युवक गोमती में कूदा

**जौनपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुक्खीपुर निवासी एक युवक किसी बात को लेकर तनाव के चलते शाही पुल से कूद गया। उसके इस कदम से परिवार वाले और उसके आस पड़ोस वाले स्तब्ध हैं। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय नमन सोनकर पुत्र मिठाई लाल सोनकर ने गुरुवार की तड़के किसी बात को लेकर काफी तनाव की हालत में अपनी बाइक से सद्भावना पुल पहुंचा और परिवार वालों को शाही पुल पर बुला कर मिलने की ख्वाहिश जाहिर किया। परिवार वाले शाही पुल पर पहुंच कर उसे समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे थे और घर वापस चलने की बात कर रहे थे लेकिन वह सब बातों को अनसुना कर शाही पुल से कूद गया। परिजनों ने उसे बचाने के लिए शोरगुल किया और स्थानीय मल्लाहों से उसे बचाने की गुहार लगाई लेकिन तब तक वह नदी में समा चुका था। घटना की जानकारी पुलिस को हुयी तो पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजवाने की कोशिश की लेकिन काफी देर तक नमन सोनकर का कोई पता नहीं चल पाया। गोताखार उसकी तलाश में लगे हुए है।

## फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अक्टूबर तक पूरा करें

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में एग्री स्टैक (फार्मर रजिस्ट्री) कार्य के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।उन्होने ने सभी लेखपालों से कहा कि आज से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रारंभ करे दे, उनके द्वारा स्वयं भी निरीक्षण किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री में पिछले दिनों बहुत अच्छा कार्य हुआ है। शासन के द्वारा निर्णय लिया गया है कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अक्टूबर तक पूर्ण कर लेना है विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी कैम्प लगाकर किया जाना है। आगामी किसान सम्मान निधि उन्ही किसानों को मिलेगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री बन जाएगी, इसलिए इस महत्वपूर्ण कार्य मे कोई लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। जिलाधिकारी के द्वारा लेखपाल नीलेश सिंह और प्रवीण कुमार का अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल नागरिकों के प्रति निष्ठा रखते हुए कार्य करे और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुचाने का कार्य करेंगे। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ठ, एसडीएम सदर संतवीर सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गांव में काम हुआ नहीं और लाखों का भुगतान

## कुओं के कायाकल्प के नाम पर कागजों में करा दिया खर्च



**मीरजापुर।** एक तरफ राज्य की योगी आदित्यनाथ की सरकार गांव के तालाब, कुओं का कायाकल्प करते हुए उनके जीर्णोद्धार का कार्य करते हुए उन्हें संरक्षित कर रही है। इसके लिए सरकार द्वारा भारी भरकम धन भी खर्च करती आई हैं, लेकिन आश्चर्य की बात है कि सरकार की मंशा पर पानी फेरते हुए ग्राम प्रधान और सचिव ने जमकर सरकारी धन का बंदरबांट करते हुए कागजों में लाखों का खर्च दिखाकर सरकारी धन को हजम कर लिया है, जबकि मौके पर हकीकत देख ग्रामीणों की आंखें फटी की फटी रह जा रही है। घोर आश्चर्य की बात तो यह है कि कि तमाम शिकायतों और कार्रवाई की गुहार के बाद भी गांव में जाकर किसी भी अधिकारी और कर्मचारी ने मौके की हकीकत को देखने की जहमत नहीं उठाई है, अलबत्ता शिकायत होने और ग्रामीणों को मुखर होता देख एकाध ग्रामीण को खड़ा कराकर फोटो खींच फजीवाड़े को दबाने का कुचक्र शुरू कर दिया गया है। दरअसल, जिले के हलिया ब्लाक के मनिगढ़ा गांव में प्रधान और सचिव की मिलीभगत से बिना कार्य कराए लाखों रुपये का भुगतान करा लिया गया। इतना ही नहीं प्रधान ने बिना कार्य किए अपने चहेतों को मनरेगा का भुगतान भी कर दिया। यह आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सम्पूर्ण मामले की जांच कराने की मांग की है, ताकि सरकारी धन का गबन करने और गांव के विकास के नाम आने वाले धन का बंदरबांट करने वालों पर कार्रवाई हो सकें। जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को सौंपे गए पत्रक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान द्वारा कागज पर विकास कार्य किए गया हैं और लाखों का भुगतान करा लिया गया है। गांव में पेयजल के लिए पानी से लेकर सड़क, बिजली तथा तालाब कुएं से लेकर अन्य के नाम पर लंबा गबन किया गया है, हैंडपंप मरम्मत तथा टैंकर से पानी आपूर्ति करने के नाम पर भी जबरदस्त गड़बड़झाला किया गया है। हलिया विकास खंड क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव में विकास कार्य के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की परत दर परत खुलने पर ग्रामीणों में भी इस बात को लेकर चर्चा तेज हो चली है कि आखिरकार विकास कार्यों के नाम पर खर्च होते आए भारी भरकम धनराशि को किसके सह पर हजम किया जाता रहा है। क्यों नहीं अधिकारियों ने जांच करने की जहमत उठाई है। गांव में बिना कार्य कराए हुआ लाखों के भुगतान की जांच की मांग अब तेज होने लगी है। ग्रामीण बताते हैं कि जमीन पर कुओं के कायाकल्प के नाम पर कागजों में लाखों खर्च दिखा दिया गया है, लेकिन जमीन पर कुओं की दशा देख सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। गांव निवासी अब्दुल, अवधनारायण, दीपक तिवारी इत्यादि ग्रामीण बताते हैं कि मनिगढ़ा गांव में विकास कार्य के नाम पर जबरदस्त गड़बड़झाला किया गया है।

## मजदूर की हाई वोल्ट करंट से मौत

**दुद्धी, सोनभद्र।** दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के धोरपा गाँव में माइनर नहर में काम कर रहे एक मजदूर की हाई वोल्ट करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई, जिससे मौके पर मजदूरों में हड़कंप मच गई। आनन-फानन में संबंधित ठेकेदार के आदमी मजदूर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गए, जहाँ डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर द्वारा मृत घोषित करते ही तत्काल मृतक मजदूर की शव पीएम हॉउस भेज दिया गया। कनहर सिंचाई परियोजना अमवार द्वारा ठेकेदार के माध्यम से धोरपा गाँव में माइनर नहर का निर्माण कराया जा रहा हैं, जिसमें पुलिया निर्माण के लिए सरिया सेटरिंग का काम किया जा रहा था कि चक बैरखड़ गाँव का एक मजदूर सरिया मोड़ने व रखने का काम कर रहा था कि जैसे ही मजदूर ने सरिया उठाया तो वह हाई वोल्ट बिजली की करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह गंभीर हो गया।बुरी तरह गंभीर मजदूर उपेंद्र पुत्र रामप्रसाद गौड़ उम्र करीब 18 वर्ष निवासी चक बैरखड़ को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान उदय पाल, बीडीसी महफूज आलम सहित अन्य ग्रामीण पीएम हॉउस पहुंच कर मृतक के पिता को संतावना देते हुए धीरज बधाया। इस संबंध में जानकारी के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से सेल फोन पर सम्पर्क किया गया तो वे एक दूसरे अधिकारी का नाम बताते रहे।

## डंपर की टक्कर से होमगार्ड की मौत

**सोनभद्र।** जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। इस बार खाकी ही इसकी भेंट चढ़ गई। सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत के बाद न सिर्फ पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई, बल्कि मृतक के घर में कोहराम मच गया। गुस्से में स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क हादसों पर लगाम लगाने की मांग उठाई है। राबर्ट्सगंज क्षेत्र के उरमौरा में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने बाइक सवार होमगार्ड शिवमोहन चौबे को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि होमगार्ड ट्रक के पहिए के नीचे आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान कुसुमहा गांव निवासी शिवमोहन चैबे के रूप में हुई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हो गए। पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा है। वहीं, स्थानीय लोगों ने किलर रोड कहे जाने वाले इस मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों पर सवाल खड़े किए हैं।

# एकात्म-मानववाद के प्रणेता थे पं. दीनदयाल उपाध्याय



**जौनपुर।** दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर कार्यालय पर एक संगोष्ठी आयोजित की ,जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की एव मुख्य अतिथि के रूप मे काशी क्षेत्र के पूर्व महामंत्री एव पूर्व विधायक प्रयागराज प्रभाशंकर पाण्डेय उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डेय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गौरवशाली राष्ट्रनिर्माण के लिए सिर्फ 21 वर्ष की अवस्था में वह संघ के प्रचारक बने थे उन्होंने अपने चाचा को पत्र लिखा था कि ईश्वर ने हमारे परिवार को सब कुछ दिया क्या हम अपने परिवार का एक सदस्य भी राष्ट्र की सेवा के लिए अर्पण नही कर सकते पण्डित दीनदयाल ने यह सब सिर्फ पत्र में ही नही लिखा था बल्कि उसे जीवन में पूरी दृढ़ता से उतारा भी था उन्होंने सारी निजी महत्वाकांक्षाओं को तिलांजलि देकर राष्ट्रयज्ञ में सम्मिलित हुए जो बोला और कहा वह जिया 11 फरवरी 1968 की रेल यात्रा ने उनकी जीवन यात्रा पर पूर्ण विराम लगा दिया उनका शव मुगलसराय की रेल लाइन पर मिला उन जैसे संत का कोई कैसे शत्रु हो सकता था उनकी मृत्यु की गुत्थी कभी नही सुलझी।उन्होंने आगे कहा कि ग्वालियर चिंतन शिविर में उन्होंने अपनी मशहूर ह्लएकात्म-मानववादह्व की अवधारणा पेश की उन्होंने व्यक्ति-समाज के भीतर शांति-सदभावना पैदा करने पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो अपने अतीत की यशोगाथाओं से भी अधिक गौरवशाली होगा। राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये। सुनील तिवारी अमित श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय नगर पालिका चेयरमैन मनोरमा मौर्य ब्लाक प्रमुख गण अजय सिंह बृजेश यादव सुनील यादव रविन्द्र सिंह राजू दादा राज पटेल एव मंडल अध्यक्ष एव मंडल महामंत्री गण आदि उपस्थित रहे।

## भारत 2027 में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर दिखायेगा : केंद्रीय राज्यमंत्री

**मीरजापुर।** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल मीरजापुर पहुंची। उन्होंने शाहिद उद्यान पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं की साफ सफाई करते हुए माल्यार्पण किया। इसके बाद जीएसटी बचत उत्सव पैदल यात्रा में शिरकत करते हुए दुकानदारों से बात की। नए जीएसटी लागू होने को लेकर प्रेसवार्ता की इस दौरान विपक्ष पर निशाना साधा कहा हमारे देश की अर्थ व्यवस्था दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था है। भारत 2027 में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर दिखाएगा। अर्थव्यवस्था की ऊंची उड़ान पूरी दुनिया को दिखाई दे रही है इसके बावजूद भी विपक्ष के नेता कहते हैं भारत की इकोनामिक डेड इकोनामी है। ऐसे लोगों के लिए जीएसटी बचत उत्सव के पहले दिन जो हमारे देश में ऑटोमोबाइल की सेल हुई है उसको उठा कर देख ले तो उनकी आंखें खुल जाएंगी इस जीएसटी बचत उत्सव का कितना बड़ा असर हुआ है। जिले की सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल गुरुवार को शहीद उद्यान नारघाट पहुंची थीं उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शाहिद उद्यान पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं की साफ सफाई करते हुए माल्यार्पण किया इसके बाद जीएसटी बचत उत्सव पैदल यात्रा में शिरकत करते हुए दुकानदारों से बात की। जीएसटी बचत उत्सव पैदल यात्रा नारघाट त्रिमुहानी होते हुए बसनही बाजार मुकेरि बाजार चौक तक पैदल चली। नए जीएसटी लागू होने को लेकर प्रेसवार्ता की इस दौरान विपक्ष पर निशाना साधा कहा हमारे देश की अर्थ व्यवस्था दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था है. भारत 2027 में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर दिखाएगा। अर्थव्यवस्था की ऊंची उड़ान पूरी दुनिया को दिखाई दे रही है इसके बावजूद भी विपक्ष के नेता कहते हैं भारत की इकोनामिक डेड इकोनामी है। ऐसे लोगों के लिए जीएसटी बचत उत्सव के पहले दिन जो हमारे देश में ऑटोमोबाइल की सेल हुई है उसको उठा कर देख ले तो उनकी आंखें खुल जाएंगी इस जीएसटी बचत उत्सव का कितना बड़ा असर हुआ है। पहले ही दिन देश के अंदर 50000 से ज्यादा गाड़ियों की खरीदी हुई है। जीएसटी बचत उत्सव का हर आदमी को लाभ मिल रहा है जीएसटी बचत उत्सव का लाभ उठवाने के लिए हम नेता और कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर वार्ता कर उन्हें फायदा बता रहे हैं।

# एनटीपीसी विंध्याचल के नन्हें सितारों ने बिखेरा जलवा




**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल के होनहार विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए राष्ट्रीय फाइनल मेधा प्रतियोगिता 2025 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। यह प्रतियोगिता 24 सितंबर 2025 को नोएडा में आयोजित की गई। सीनियर वर्ग के फाइनल में मास्टर तन्मय वर्मा और मास्टर शौर्य दीप ने शानदार बढ़त बनाकर सभी कोरोमांचित कर दिया। दोनों प्रतिभागियों ने धैर्य, आत्मविश्वास और अदम्य साहस का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया। जूनियर वर्ग में मिस सान्वी सरदेश पांडेय एवं मिस काव्या सूद ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, वहीं मिडिल वर्ग से मिस प्राण्वी सिंह और मास्टर प्रतीक सिंह ने भी तृतीय पुरस्कार हासिल कर विंध्याचल का मान बढ़ाया। एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली मेधा प्रतियोगिता कर्मचारियों के बच्चों की प्रतिभा को निखारने और प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच है। यह प्रतियोगिता न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करती है, बल्कि एनटीपीसी परिवार में सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास की संस्कृति को भी मजबूत बनाती है। विंध्याचल के इन नन्हें सितारों की अद्वितीय उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि नगर के विद्यालयों में उच्चस्तरीय शिक्षा और प्रोत्साहित वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही यह सफलता एनटीपीसी विंध्याचल की इस प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है कि आने वाली पीढ़ी में प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की भावना का सतत विकास हो।

### प्रतियोगिताएं आयोजित

**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में दुर्गा पूजा 22 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- फैन्सी ड्रेस, नृत्य, कहानी सुनाना, सुंदर कांड, भजन गाना, शंखनाद, रंगोली, चित्रकला, पूजा थाली एवं दिया सजावट प्रतियोगिता, तोरण मेकिंग, रामायण एवं कथक डांस, डांडिया, देवी जागरण, धनुची डांस, गेम, दुर्गा बिंगो आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पूजा समिति द्वारा 22 एवं 23 सितंबर को सायं 7 बजे से फैन्सी ड्रेस,सुंदर कांड, कहानी सुनाना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या मे ज्यादा संख्या में बच्चों नें विभिन्न परिधानों में सज-संवरकर भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों हेतु धार्मिक गीतों पर आधारित डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## चौथे दिन मां कूष्मांडा का पूजन-दर्शन

जौनपुर। नवरात्र के चैथे दिन मां कूष्मांडा का श्रद्धालुओं ने देवी मन्दिरोकं में पूजन दर्शन किया। हिंदू धर्म में मां दुर्गा की गिनती प्रमुख देवियों में सबसे ऊपर है। उन्हें शक्ति और फेमिनिन एनर्जी का प्रतीक माना जाता है। उनके होने से यूनिवर्स की सारी व्यवस्था ठीक रहती है और समय-समय पर बुराइयों का अंत भी होता है। मां दुर्गा के नौ स्वरूप हैं। नवरात्रि में उनके इन्हीं नौ स्वरूपों की पूजा होती है। बीते सोमवार से ही शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हुई है। गुरूवार को नवरात्रि का चैथा दिन है। इस दिन मां दुर्गा के चैथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है। मां कूष्मांडा की पूजा करने के लिए साधक को सूर्योदय से पहले उठकर स्नान-ध्यान करना चाहिए. इसके बाद देवी कूष्मांडा की विधि-विधान से पूजा और व्रत करने का संकल्प लेना चाहिए. इसके बाद अपने पूजा घर में या फिर घर के ईशान कोड़ में एक चैकी पर पीले रंग का आसन बिछाकर उस पर माता की तस्वीर या मूर्ति रखें. इसके बाद उस मूर्ति या चित्र पर गंगाजल या पवित्र जल छिड़कें. इसके बाद देवी कूष्मांडा की फल-फूल, रोली-चंदन, अक्षत, धूप-दीप, वस्त्र-मिठाई आदि अर्पित करते हुए विधि-विधान से पूजा करें. पूजा में माता को पीले रंग की मिठाई का ही भोग लगाएं और उसके बाद दुर्गा सप्तशती या फिर दुर्गा चालीसा का पाठ करें. पूजा के अंत में मां कूष्मांडा की आरती का पाठ करें और पूजा में भूल-चूक की माफी मांगते हुए अपने लिए मंगलकामना करें. हिंदू मान्यता के अनुसार नवरात्रि के चैथे दिन देवी कूष्मांडा की पूजा में माता की प्रिय चीजें चढ़ाने से वो शीघ्र ही प्रसन्न होकर अपने साधक पर कृपा बरसाती हैं. मान्यता है ? कि देवी कूष्मांडा को पीला रंग अत्यंत ही प्रिय है. ऐसे में नवरात्रि के चैथे दिन देवी पूजा में पीले रंग के वस्त्र, पीला सिंदूर, पीली चूड़ियां, पीली बिंदी, पीले फल, पीली मिठाई आदि चीजें चढ़ानी चाहिए.।

## किसी व्यक्ति-वस्तु की पहचान उसकी उपयोगिता और गुणवत्ता से तय होती है : अगस्त्य द्विवेदी



**मीरजापुर।** किसी भी व्यक्ति-वस्तु की पहचान उसकी उपयोगिता और गुणवत्ता से होती है। उक्त बातें विंध्याचल देवी धाम के तीर्थ पुरोहित एवं अर्चक पंडित अगस्त्य द्विवेदी, प्रमुख समाजसेवी कारोबारी राजेश भाई पटेल एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विख्यात कजरी गायिका उर्मिला श्रीवास्तव ने मुंहकुंचवा स्थित मेधा गृहस्थी स्टोर का विधि-विधान पूर्वक हवन पूजन व फीता काटकर उद्घाटन करने के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान नगर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार दीपक त्रिपाठी ने अपने नवीन प्रतिष्ठान की उपयोगिता बताते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि एक छत के नीचे सम्पूर्ण गृहस्थी का सामान गुणवत्ता पूर्वक सुगमता से उपलब्ध हो इसके लिए होम डिलेवरी की भी सुविधा मुहैया कराई गई है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सलिल पांडेय, डिस्ट्रिक्ट बार एसो. के अध्यक्ष सुशील दुबे, मजदूर नेता मंगल तिवारी, पत्रकार जेपी पटेल, रोहित गुरु त्रिपाठी, मंगला पति द्विवेदी, रविन्द्र कुमार, सुधीर सिंह, साकेत पांडेय, अंबुज दिवेदी, रामलाल, गुफरान इत्यादि मौजूद रहे। अंत में सभी के प्रति आभार प्रकट दीपक त्रिपाठी ने किया।

# आईजीआरएस पर विद्युत से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से लें



**आजमगढ़।** आयुक्त आजमगढ़ मंडल, आजमगढ़ विवेक की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों, राजस्व एवं कानून व्यवस्था की माह अगस्त 2025 तक की शासन स्तर से जारी प्रगति एवं रैंकिंग के आधार पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मंडलायुक्त ने सभी डीएम एवं अन्य मंडलीय अधिकारियों को विकास कार्यों में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदेश में बलिया को प्रथम, आजमगढ़ को 6वां एवं मऊ जिले की 23वीं रैंक आने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि आने वाले समय में भी वर्तमान ग्रेडिंग एवं रैंकिंग को बनाए रखते हुए अन्य योजनाओं में जो विभाग पीछे रह गए हैं, इस माह के अंत में और अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि निपुण परीक्षण, मिड डे मील एवं बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि तीनों जनपद के अधिकारी सबसे अधिक उपस्थिति वाले विद्यालयों की समीक्षा करें तथा रेन्डमली निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत, 80 प्रतिशत एवं 70 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यालयों में रेन्डमली चेकिंग किया जाए तथा फर्जी उपस्थिति पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत अवशेष विद्यालयों में बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाए। मंडलायुक्त महोदय ने दैनिक विद्युत आपूर्ति, विद्युत वितरण एवं खराब ट्रांसफार्मर की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की सघन आबादी वाले क्षेत्रों का सर्वे किया जाए तथा जर्जर विद्युत पोल एवं तारों को बदलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्युत से संबंधित आईजीआरएस पर आने वाले प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए सुव्यवस्थित कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। मंडलाायुक्तने विद्युत से हुई बलिया में घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि जो भी एसडीओ/जेई या कर्मचारी दोषी हों, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग की समीक्षा में मंडलायुक्त ने कहा कि बैंकों का ब्रांच वाइज निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने बीमा लिया है, उनका रेन्डमली निरीक्षण भी करें। उन्होंने कहा किसानों से भी फीडबैक लिया जाए कि, आवेदन क्यों लंबित है एवं क्यों रिजेक्ट किया गया। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम को सुधारें तथा डायलिसिस, रेडियोलॉजी, बायोमेडिकल्स, बायोमेट्रिक उपकरण /कार्यालय के उपकरणों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। पर्यटन विभाग की समीक्षा में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

## पांडाल के पास फेंके गये पत्थर, पुलिस बल तैनात

**आजमगढ।** नगर पंचायत जहानागंज के बाजार क्षेत्र में उत्तर मोहल्ला स्थित डायमंड क्लब द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब शाम को चल रही आरती के दौरान कथित तौर पर तीन-चार पत्थर फेंके गए। डायमंड क्लब के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पत्थर पास के क्षेत्र से आए, जहां मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी इसी तरह का एक मामला सामने आया था, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई थी। हालांकि, इस मामले में एएसपी (नगर) मधुबन कुमार सिंह ने बयान जारी कर पत्थरबाजी की खबर को असत्य व निराधार बताया।

## दुर्गा पूजा पंडाल से साउंड सिस्टम चोरी, आक्रोश

**लालगंज, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत तुलसी गांव में स्थित दुर्गा पूजा समिति पंडाल से बीती रात अज्ञात चोरों ने पंडाल में लगे साउंड सिस्टम को अज्ञात चोर उठा ले गए। जिस समय यह वारदात हुई उस समय समिति के चार सदस्य वहीं पर सो रहे थे। समिति के सदस्यों ने गुरुवार सुबह लहंगपुर चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार कश्यप ने तहरीर देकर बताया कि बीती 12 बजे के करीब हम लोग दुर्गा पंडाल में बैठे थे उसके बाद दुर्गा पंडाल में समिति के चार सदस्य सो रहे थे। उसी दरम्यान पंडाल में लगे साउंड सिस्टम को अज्ञात चोर उठा ले गए। साउंड सिस्टम में आहूजा कंपनी का 800 वाट मशीन, एक 1200 वाट मशीन, 12 चैनल का मिक्सर व एक आहूजा कंपनी का माइक उठा ले गये। जिसकी कीमत लगभग 90,000 रुपए है। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई।

## एक दिन पूर्व लापता मासूम का बोरे में मिला शव

**आजमगढ़।** सिधारी थाना क्षेत्र के सिधारी हाइडिल चैराहा से थोड़ी दूर पर ही सात वर्षीय बालक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बोरे में लाश बगल के घर के गेट के ऊपर लटकी मिली। बताया जा रहा है कि सिधारी के पठान टोली निवासी मुकर्रम अली का पुत्र शाजेब अली एक दिन पूर्व से लापता था। शाम को खेलने निकला था। पुलिस को भी सूचना दी गई थी। पुलिस भी जानकारी करने में जुटी थी। परिजन खोजबीन में लगे हुए थे। इसी दौरान गुरुवार को सुबह शाजेब की लाश मिलने से सनसनी मच गई। भीड़ वाले इलाके के समीप लाश मिलने से लोगों का हुजूम जुट गया। दुकान खुलने के समय जानकारी होने पर और भी ज्यादा भीड़ हो गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार व एसपी ग्रामीण चिराग जैन के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई। लोगों को किनारे हटाया गया। पुलिस लगातार लोगों को कंट्रोल कर रही थी। जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। परिजनों से जानकारी की जा रही थी। फिलहाल मामले में जांच पड़ताल जारी थी। शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया था। इस संबंध में एसपी अनिल कुमार ने बताया कल सिधारी थाना क्षेत्र के पठान टोली मोहल्ले में यह सूचना प्राप्त हुई थी कि एक लड़का इसका नाम शाजेब है वह कहीं गुमशुदा हो गया है। तत्काल प्रभाव से थाना में केस दर्ज किया गया था। परिजनों ने बताया कि आज सुबह 7 बजे एक अज्ञात नंबर से फिरौती के लिए कॉल आई थी। पुलिस सर्विलांस टीम की मदद से कार्रवाई में जुटी थी कि इस बीच सुबह 11 बजे यह सूचना प्राप्त हुई की घर की पास से बच्चे शव मिला। इस सूचना पर तत्काल प्रभाव से पुलिस और पीएसी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। जहां से बच्चे का शव मिला था उसके बगल के छत में खून के निशान मिले हैं। जिसका फील्ड यूनिट द्वारा परीक्षण किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं आरोपी अभी फरार हैं। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थाने की फोर्स और पीएसी तैनात की गई।

# एकात्म मानववाद अंत्योदय के प्रणेता थे पं. दीनदयाल



**सोनभद्र।** एकात्म मानववाद अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवाद पथ प्रदर्शक पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के 109 वीं जयन्ती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज में पूर्व विधान परिषद सदस्य स्नातक केदार नाथ सिंह, जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की 109 वीं जयन्ती जनपद सोनभद्र के सभी मण्डल शक्ति केन्द्र व बूथ और सभी वार्डो में मनाई गयी व भाजपा जिला कार्यालय पर संगोष्ठी की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल व संचालन जिला मंत्रीध्कार्यक्रम संयोजक संतोष शुक्ला ने किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य केदार नाथ सिंह ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी कुशल संगठनकर्ता एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर वक्ता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव रखने वाले पं0 दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 एवं उनकी मृत्यु 11 फरवरी 1968 को हुई पं0 दीनदयाल जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे। उन्होने भारत के सनातन विचार धारा को अनुकुल रुप से प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी एक समाजवेसी विचार धारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। हम सभी कार्यकर्ता उनके पदचिन्हो पर चलकर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी ने देश को मजबूत किया साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके पद चिन्हों पर चलकर उत्तर प्रदेश की जनता को मजबूत करने मे पूरी ताकत लगा रहे है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि भारतमाता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं0 दीनदयाल उपाध्याय देश को समृद्ध कि राह दिखाने वाले उनके राष्ट्रवादी विचार और अन्त्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले है, यानि समाज के अन्तिम व्यक्ति को उपर उठाना आज भी भारत के विकास माडल को प्रेरित करता है। ये सिद्धांत समावेशी और राष्ट्र निर्माण के लिए अति आवश्यक है।

संगोष्ठी को मुख्यरुप से विधायक घोरावल अनिल मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चैबे, धर्मवीर तिवारी, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा, रामलखन सिंह, नागेश्वर देव पाण्डेय, शारदा खरवार ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने आये हुए अतिथियों व सभी कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हाथगाड़ी व टैंकर की खरीद में घपले का आरोप

**जौनपुर।** नगर पंचायत जफराबाद में भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष पर रिक्शा, हाथगाड़ी और पानी के टैंकर की खरीद में अनियमितता का आरोप लगा है।शिकायतकर्ता दाउद अहमद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतें नगर विकास मंत्री के निजी सचिव तक पहुँचीं। शिकायत ई-मेल के माध्यम से भेजी गई, जिसके बाद मामला जिलाधिकारी तक पहुंचा। जिलाधिकारी के आदेश पर अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र जारी कर तीन दिन के भीतर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि 25 रिक्शा, 30 हाथगाड़ी और 5 पानी के टैंकर की खरीद कब हुई? उनकी तकनीकी जांच कब कराई गई? शिकायत की कॉपी जिलाधिकारी व शिकायतकर्ता को भी भेजी गई है। जारी पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी जौनपुर को अवलोकनार्थ और शिकायतकर्ता दाउद अहमद को उनके ई-मेल पर भेज दी गई है।नगर पंचायत जफराबाद में आए दिन घोटाले और गड़बड़ी की शिकायतों से जनता में आक्रोश है। लोग मांग कर रहे हैं कि यदि जांच में भ्रष्टाचार साबित होता है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

संक्षेप

## पेंशनर संगठन का अधिवेशन सम्पन्न

अयोध्या। ऑल इंडिया बीएसएनएल डॉट पेंशनर संगठन उत्तर प्रदेश पूर्वी परिमंडल का चतुर्थ परिमंडल अधिवेशन प्रेस क्लब में संपन्न हुआ। अधिवेशन को संबोधित करते हुए सी टू के प्रदेश उपाध्यक्ष कौशलेंद्र पांडे ने बताया कि गुरूवार को प्रेस क्लब में ऑल इंडिया बीएसएनएल डॉट पेंशनर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एक अधिवेशन कराया है जिसमें लोगों को चुनकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह सम्मेलन भी ऐसे माहौल में किया जा रहा है जब सरकार की नीतियां कर्मचारियों और मजदूरों के विरुद्ध है।2020 कोरोना के समय जब पूरी दुनिया अपने घरों में बैठी हुई थी तब सरकार ने संसद भवन में कई कानूनों को खत्म किया जिससे कर्मचारी और मजदूरों को काफी समस्या हुई।

एक तरफ सरकार कह रही है कि हम न्यूनतम वेतनमान और पेंशन दे रहे हैं लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं दिख रहा है।

आउटसोर्स के नाम पर लोगों का शोषण हो रहा है 11 महीने का वेतन दे रहे हैं और फिर रिनिवल की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम इस सम्मेलन के माध्यम से मांग करते हैं कि सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए जिससे सभी को फायदा मिल सके। इस मौके पर बी एन सिंह कम रेट के जी जय राज कमरेट के आर यादव सचिव तिलक राज तिवारी कामरेड विनोद सिंह अखिल भारतीय किसान सभा कामरेड राजेश सिंह मौजूद रहे।

# त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे दीनदयाल उपाध्याय




जिला संवाददाता

देवरिया । गुरुवार, सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं

**स्वदेशी के प्रबल समर्थक थे पंडित जी : शशांक मणि**
**अंत्योदय का सपना हो रहा पूरा : डा रतनपाल सिंह**

ने दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया ।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के सभापति व जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, पत्रकार, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। उनके सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में सबसे कमजोर और सबसे गरीब व्यक्ति की चिन्ता सदैव कचोटती थी।राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, वे निश्चित ही त्याग तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे ।सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि दीनदयाल जी का मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी कतई खिलाफ नहीं थेदेवरिया कुशीनगर से विधान परिषद के सदस्य डॉ रतनपाल सिंह ने कहा कि अंत्योदय का विचार पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने दिया था, उन्होंने इस विचार को समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और उसके कल्याण पर केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य सबसे गरीब और वंचित लोगों तक विकास पहुँचाना था ।उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र का सही विकास तभी माना जा सकता है जब समाज के सबसे गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार आए ।ज वो सपना मोदी जी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है ।जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जिन्हें पंडितजी के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और भारतीय जनसंघ के महान नेता थे ।गोष्ठी को भाजपा के वरिष्ठ नेता विशंभर मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीशचंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतयार्मी सिंह ने भी संबोधित किया ।गोष्ठी का संचालन अभियान के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, संजय सिंह एडवोकेट, नीरज शाही, कृष्ण नाथ राय, प्रमोद शाही, मारकंडे तिवारी, मुकुल मणि त्रिपाठी, डा हेमंत मिश्रा, बलराम उपाध्याय, नित्यानंद पांडे, अंकुर राय, रविंद्र कौशल, ब्लाक प्रमुख छठू यादव, पिंटू जायसवाल, डा विनय राव, जितेंद्र पांडे, जयनाथ कुशवाहा, रामाज्ञा चौहान, कमलेश सिंह, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, दिवाकर मिश्रा, राधेश्याम शुक्ला, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, आराधना पांडे, सचिंद्र शाही दीपू, संतोष मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, प्रवीण प्रताप मल्ल, राजन सोनकर,शमशुद्दीन अहमद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, बूथों पर की बैठक

देवरिया ।गुरुवार, 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 25 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में शहर के दीनदयाल पार्क में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में सदर सांसद शशांक मणि, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने पार्टी पदाधिकारियों और



कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाकर साफ सफाई की तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया ।स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात बूथ संख्या 211पर बैठक की गई । बैठक को संबोधित करते हुए सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का जो सपना देखा था आज की भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वो सपना साकार हो रहा है। संस्कृत संस्कृति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ साथ पर्यावरण को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित और सुरक्षित करना हम सब का कर्तव्य है ।बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के ऐसे बहुत से हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं जिन्हें पंडित दीनदयाल जी के साथ कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ऐसे वरिष्ठ कार्यकताओं से हमे मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने हमारे महापुरुषों को इतिहास के पन्नो में उचित स्थान नहीं दिया ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों में जनता के पैसों से सैफई और इटावा में नचनिया नाच होता था लेकिन आज भाजपा सरकार में हम अपने महान नेताओं और महापुरुषों के जन्मदिवस को जनता और समाज की सेवा करके सबके साथ सबके विकास की बात करते हैं । दीनदयाल जी के आदर्शो पर चलते हुए हमने सर्व समाज को साथ लेकर अंतिम पंक्ति के लोगों तक विकास कार्यों को पहुंचाने का काम किया है । इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, राजेश कुमार मिश्रा, महामंत्री प्रमोद शाही, अजय उपाध्याय, अजय शाही, दिवाकर मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, मारकंडे तिवारी, मारकंडे शाही, डा हेमंत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



कुशीनगर। पडरौना नगर के रामकोला रोड स्थित हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज में दिनांक गुरुवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह साथ हुआ। प्रतियोगिता में जिले की छह तहसीलों की टीमों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र मणि त्रिपाठी रहे, जबकि प्रतियोगिता की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक श्री मनोज शर्मा सारस्वत ने की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।विशिष्ट अतिथियों में प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षण डॉ. गोरख राय नागेश्वरपति त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार, गोविंद मिश्रा, अरविंद सिंह अनंत कृति शिखर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे19 व 17 वर्ष से कम वर्ग मे बालक वर्ग में पडरौना तहसील, बालिका वर्ग में हाटा तहसील विजेता रही जबकि 14 वर्ष से कम आयु वर्ग मे बालक वर्ग में हाटा तहसील और बालिका वर्ग में पडरौना तहसील विजयी रही। प्रतियोगिता में सभी टीमों के कोच तथा जिलेभर से आए क्रीड़ा अध्यापक सक्रिय रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल मे विद्यालय परिवार के शिक्षक विवेक शर्मा, कैलाशपति त्रिपाठी, सचिन मद्धेशिया, मनोज मणि, अवधेश गोंड, अमित राव, उमेश चंद, प्रदीप मिश्रा, रामनिवास पाठक, जयराम सिंह आदि की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया और अतिथियों ने विजेता टीमों को शुभकामनाएँ दीं।

## रोजगार मिशन की जिला कार्यकारी समिति की बैठक

बहराइच ।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत गठित जिला कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम श्री त्रिपाठी ने जिला सेवायोजन अधिकारी को निर्देश दिया की जिन संस्थाओं/विभागों/शिक्षण संस्थानों का रोजगार संगम पोर्टल पर नियोजक के रूप में रजिस्ट्रेशन हो गया हैं और जिन संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ हैं उनका अलग-अलग विवरण उपलब्ध कराएं ताकि छूटे हुए संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन कराया जा सके।

डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत ऐसी शिक्षण संस्थानों का विवरण उपलब्ध कराएं जिनके द्वारा अन्तिम वर्ष में अध्यनरत छात्र/छात्राओं का पंजीकरण नहीं हो पाया है। डीएम ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से प्रयास कर शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराएं जिससे उन्हें निजी क्षेत्र में सेवायोजित कराया जा सके।

# फार्मासिस्ट समाज स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं: विधायक




देवरिया। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन देवरिया द्वारा आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह के साथ ए .वी.यस होटल के सभागार में मनाया गया। इस वर्ष का थीम रहा झ ह्लस्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मासिस्ट के बारे में सोचें ह्वकार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ के के गुप्ता और डॉ शिव शंकर पांडेय ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्ण कान्त सिंह ने की।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिले भर से आए सैकड़ों फार्मासिस्ट मौजूद रहे। मंच पर नीतीश रावत उपाध्यक्ष आदित्य मिश्रा जिला महासचिव, विकास यादव जिलाध्यक्ष आईटी सेल प्रेम चौरसिया जिला मीडिया प्रभार, मोहित सिंह, पुष्पेंद्र ठाकुर, खुर्शीद, दीपक यादव समेत कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।डॉ. के.के. गुप्ता ने समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका और उनकी अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत मेडिकल स्टोर और हॉस्पिटल फार्मासिस्टों के हक को मार रहे हैं। विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने उपस्थित सभी फार्मासिस्टों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फार्मासिस्ट समाज की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। दवाओं के सुरक्षित उपयोग, रोगी को सही परामर्श और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायक ने कहा कि यदि डॉक्टर रोग की पहचान करते हैं तो फार्मासिस्ट उस पहचान को दवा और उपचार के जरिए सार्थक परिणाम तक पहुंचाते हैं।वहीं, डॉ. शिव शंकर पांडेय ने विधायक से मांग की कि सदन और मुख्यमंत्री तक यह बात उठाई जाए कि जो फामेर्सी कॉलेज तय मानकों पर खरे नहीं उतरते उनकी मान्यता तत्काल खत्म की जाए, ताकि फर्जी डिग्रियों पर रोक लग सके। कार्यक्रम संचालन विकास यादव ने किया व कार्यक्रम में आये सभी लोगों का आभार ब्यक्त किया। कार्यक्रम फार्मासिस्टों के मुद्दों को उठाया, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था में उनकी अपरिहार्य भूमिका पर भी प्रकाश डाला।उक्त कार्यक्रम से आये फार्मासिस्ट अभिषेक यादव विनय विश्वकर्मा मोहित सिंह सन्दीप कुशवाहा प्रीति बरनवाल दीपक यादव सदाम हुसैन खुर्शीद अली पुष्पेन्द्र ठाकुर भगवान कुशवाहा त्रिलोकी मौर्या नागेंद यादव विवेकानंद शर्मा अवनीश सिंह आदि फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

# एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी बनीं कंपोजिट विद्यालय पगरा की छात्रा

जिला संवाददाता

देवरिया ।मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण स्वावलंबन शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा दिए जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के द्वारा संचालित कराए जा रहे मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड देवरिया सदर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया ।

इन आयोजनों में कंपोजिट विद्यालय पगरा की छात्रा कुमारी खुशी विश्वकर्मा को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है ।

कुमारी खुशी विश्वकर्मा खंड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर को पुष्प कुछ देकर खंड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा के द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी बनी कु0 खुशी विश्वकर्मा के द्वारा बीआरसी के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके कार्यों और दायित्वों की जानकारी ली गई ।

बीआरसी के कर्मचारी विवेक प्रताप से उनके कार्यों के विषय में कुमारी खुशी के द्वारा पूछा गया तथा ब्लॉक के एम आई एस सोनू विश्वकर्मा से यू डायस पोर्टल पर विकास खण्ड की प्रगति के विषय में समीक्षा की गई ब्लॉक की क्वालिटी कोऑर्डिनेटर सुमन मौर्य से ब्लॉक को निपुण बनाए जाने हेतु निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को संचालित कराए जाने तथा समस्त एआरपी की बैठक में वर्तमान में चलाए जा रहे एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण के विषय में कुमारी खुशी के द्वारा समीक्षा किया गया । कार्यक्रम में कुमारी खुशी के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधानाध्यापकों की बैठक की गई।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कु0 खुशी से अध्यापकों ने विभिन्न तरह के सवाल किया जैसे कि वे ब्लॉक को निपुण बनाने के लिए कौन सी भावी योजनाएं प्रस्तुत करेंगी ? तथा आगे चलकर उनकी क्या योजना है ? जिससे ब्लॉक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके ।

कुमारी खुशी विश्वकर्मा ने बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने हेतु अध्यापक गणों को निर्देश दिया गया।

एआरपी स्तुति पांडेय के द्वारा पूछा गया है कि आप आगे चलकर क्या बनेगी तो कुमारी खुशी विश्वकर्मा ने बताया कि वह आईएएस अधिकारी बन कर समाज की सेवा करना चाहती हैं ।

इस अवसर पर विकासखंड देवरिया सदर के एआरपी वशिष्ठ नारायण चौहान, अग्निवेश दीक्षित , धर्मेंद्र यादव, कंचन लता मिश्र, अंजनी द्विवेदी, नीलम सिंह, आलोक पाण्डेय, चंद्र भूषण सिंह, मनोज कुमार मिश्र, शैलेन्द्र चौबे समेत अनेकों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# विकास कार्यक्रमों के मुख्य बिन्दुओं की हुई समीक्षा

जिला संवाददाता



कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास कार्यक्रमों के प्रमुख बिंदुओं पर आवश्यक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने सामूहिक विवाह हेतु स्थल चयन, लाभार्थियों की संख्या, की समीक्षा करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विकास खण्ड से 50 से कम लाभार्थियों की संख्या नहीं होने एवं जिस विकास खण्ड में 50 से कम पात्र लाभार्थियों के आवेदन हैं उन्हें दो से तीन दिन के अंदर पूर्ण कर लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की समीक्षा दौरान वर्ष 2022- 23 एवं 2024-25 अंतर्गत 85 केन्द्र के निर्माण में मात्र 2 केंद्र पूर्ण किए जाने एवं 16 केंद्र अभी तक अनारंभ है, की विधिवत विकास खंडवार समीक्षा कर स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा अंतर्गत निर्देशित किया गया कि यदि ग्राम प्रधान स्तर से अवरोध है तो ग्राम प्रधान का वित्तीय पावर सीज किया जाय तथा अन्य के द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है तो एफ आई आर दर्ज कराई जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थल चेंज संबंधी प्रकरणों में सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की गाइड लाइन अनुसार निर्विवाद स्थल का चयन किया जाना था फिर बाद में स्थल चेंज क्यों हो रहा है, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु भूमि का प्रस्ताव भेजा गया है उस पर कार्यवाही किए बिना अब स्थल चेंज नहीं होगा।सीडीओ द्वारा आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा दौरान दिव्यांग शौचालय 97 प्रतिशत पूर्ण कर लिए जाने पर अवशेष को शीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश दिए। विद्यालयों के बाउंड्रीवाल की समीक्षा दौरान 96 प्रतिशत पूर्ण कर लिए जाने एवं अवशेष पूर्ण कराकर सूची उपलब्ध कराए जाने का निर्देश समस्त वीडियो को दिए गए ताकि उसकी जांच करवाई जा सके।क्रॉप सर्वे की समीक्षा अंतर्गत जनपद की स्थिति अत्यंत खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने 493 रोजगार सेवकों के सापेक्ष 446 क द्वारा ही कार्य किया जा रहा है, ऐसे में जिनके द्वारा कार्य नहीं किए जा रहे हैं उन्हें सेवा समाप्ति की कार्यवाही करना डीसी मनरेगा सुनिश्चित करें। तथा 617 पंचायत सहायकों के सापेक्ष 417 पंचायत सहायकों द्वारा ही कार्य किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीपीआरओ को प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रॉप सर्वे का कार्य 10 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है ऐसी परस्थिति में प्रत्येक ग्राम पंचायतों से 10 से 15 मोबाइल की जानकारी रखने वाले युवक/युवतियों की सूची उपलब्ध कराएं जिन्हें भुगतान भी किया जाएगा उनसे सर्वे का कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराया जा सके। अंत में विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश अंतर्गत आपका सुझाव लाएगा बदलाव अंतर्गत उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वयं के साथ अपने जानने वालों से भी 12 बिंदुओं पर फीडबैक अवश्य भरें। उन्होंने सभी ग्रामप्रधानों से सहयोग लिए जाने एवं सभी शिक्षक गण से भरवाए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर पीडी पीयूष, डीडीओ अरुण कुमार पाण्डेय, ारी श्रवण कुमार, उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## एसपी ने थाना कोतवाली का किया निरीक्षण



देवरिया ।पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने थाना कोतवाली * का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, भवन, परिसर में बने मेस तथा बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया और साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया ।माल मुकदमाती निस्तारण हेतु विशेष निर्देश दिए गए साथ ही थाना मालखाना व थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों जैसे आगन्तुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, फ्लाईशीट रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया तथा त्यौहार शारदीय नवरात्रि व दशहरा के दृष्टिगत आवश्यक पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर त्यौहार को शांतिपूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।इसी क्रम में नारी शक्ति के सम्मान व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज

5.0 * के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को मिशन शक्ति टीमों के साथ उपस्थित रहकर थाना क्षेत्र में विद्यालयों, पार्कों, धार्मिक स्थानों, बाजारों आदि पर महिलाओ/बालिकाओं/बच्चियों/छात्राओं को महिला सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा उनकी सुरक्षा हेतु पुलिस हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090, 1098, 112, 1076 आदि के विषय में विस्तार से बताते हुए जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया ।इसके साथ ही एण्टीरोमियों स्क्वाड, थाना पुलिस बल को भ्रमणशील रहकर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित रखने हेतु भी निर्देशित किया गया ।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को सख्त हिदायत किया गया कि शहर के मुख्य चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों/मार्गों पर आवश्यक पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर सतत चेकिंग करें/करायें जिससे मादक पदार्थों की तस्करी, गोवंशो की तस्करी, अवैध गतिविधि आदि पर सम्पूर्ण रुप से रोक लग सके ।

## सर्पदंश से मौत पर मिली पत्नी को दो लाख रुपये की सहायता राशि

भटनी (देवरिया)।स्थानीय क्षेत्र के ग्राम छपिया जयदेव निवासी छोटे लाल प्रसाद को कुछ दिन पूर्व सर्प दंस से हुई मृत्यु के कारण प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के अन्तर्गत स्वर्गीय छोटेलाल प्रसाद कि पत्नी राजमती देवी को बीमा दावा निपटान राशि के रूप में नगर के पंजाब नेशनल बैंक के तत्वाधान में एक कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ शाखा प्रबंधक कुमार शशि भूषण द्वारा मृतक कि पत्नी को दो लाख का डेमो चेक दिया गया ।इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक कुमर शशिभूषण ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना बेहद सस्ती एवं लाभकारी योजना है, जो आकस्मिक परिस्थितियों में पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पंजाब नेशनल बैंक सदैव अपने ग्राहकों तक सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है ।इस अवसर पर प्रबंधक जयंत कुमार आकाश जायसवाल सभासद पति लालबिहारी प्रजापति सुग्रीव कुमार रामप्रसाद यादव नवल किशोर मिश्रा राहुल कुमार मिश्रा बैंक के सभी कर्मचारी व बी सी रियाज अहमद प्रमोद गुप्ता राहुल धर्मबीर विनय तिवारी आदि उपस्थित रहें, साथ ही बैंक के उपभोक्ता भी अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभार्थी परिवार को शुभकामनायें प्रेषित किया।

## व्यवसायी के पुत्रवधू की असामयिक मौत पर लोगों ने जताया शोक

बरहज, देवरिया। कांग्रेस पार्टी के बरहज ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी के भतीजे साजिद अहमद की पत्नी व नगर के व्यवसायी मुख्तार अहमद की पुत्रवधू निकहत परवीन ( 30 ) की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लार में प्रसव के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से हुई असामयिक निधन से लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है ।तीन वर्ष की सनाया परवीन व एक दिन की जन्मी बच्ची को इस तरह अनाथ हो जाने से मृतका के परिजन दुःख व सदमे में हैं ।स्थानीय नगर के आजाद नगर उत्तरी स्थित मृतका के निवास पर पहुंच कर नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की चेयरमैन श्वेता जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन, कांग्रेस नेता रामजी गिरि, सभासद रतन सोनकर, अभिषेक उर्फ. बिट्टू सिंह, विजय नेता, चांद आलम, गुलाम रसूल, मौलाना अनीस अहमद, विनोद सोनकर, दीनदयाल प्रसाद, डा याहिया अंजुम, आदि ने गहरा शोक प्रकट करते हुए संवेदना व्यक्त किया है।

## विश्व फर्मासिस्ट दिवस के अवसर पर हुआ प्रदर्शनी का आयोजन

भटनी (देवरिया)।बहादुर यादव कॉलेज आफ फामेर्सी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया इस दौरान फामेर्सी कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा फामेर्सी जागरूकता अभियान के तरह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर मिथिलेश यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी ,विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण यादव के फार्मासिस्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी, राकेश कुमार सिंह बी के श्रीवास्तव राजेश यादव, मुसाफिर यादव उपस्थित रहे ।इस अवसर डॉ मिथिलेश यादव ने कहा कि यह दिन हमारे साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले फार्मासिस्टों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है ।विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण यादव ने कहा कि फार्मासिस्ट दवा प्रबंधन, नई दवाओं की खोज, वैक्सीनेशन, रोगी को सुरक्षित दवा देने, सलाह एवं दवा के असर-दुष्प्रभाव से अवगत कराने का महत्त्वपूर्ण कार्य करते हैं। ग्रामीण इलाकों में ये आपातकाल के समय डॉक्टर की अनुपस्थिति में भी मरीजों को राहत प्रदान करते हैं। इस दिवस का उद्देश्य फामेर्सी पेशे को आगे बढ़ाना और समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फामेर्सी कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार यादव ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी है इस दिन को मनाए जाने का मुख्य कारण फार्मासिस्ट एवं फामेर्सी की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना है ।कार्यक्रम का समापन अली सरवर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करके किया ।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आर एम यादव ने किया ।फामेर्सी कॉलेज के छात्र-छात्राओ के प्रोत्साहन और संवर्धन हेतु कॉलेज के शिक्षक डॉक्टर शैलेश यादव डॉक्टर अनूप कुमार डॉक्टर कंचन मिश्रा ,तारा ठाकुर, प्रतिभा पटेल, शिव शंकर मौर्य ,राजेश यादव ,इन्द्रजीत यादव आदि उपस्थित थे ।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित



कुशीनगर। महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को सोशल मीडिया कैंपन कार्यक्रम का आयोजन हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम के द्वारा जेडीएस पब्लिक स्कूल पड़रौना कुशीनगर में आयोजित किया गया ।जिला प्रवेशन अधिकारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं को लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉपआउट, बाल विवाह लैंगिक शोषण, संस्थागत प्रसव, साक्षरता दर तथा महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा के संबंध में जानकारी देते हुए बालिकाओं को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श सेफ टच एवं अनसेफ टच के संबंध में जागरुक करते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं 1090 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में डीएमसी श्रीमती प्रतिमा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती शालिनी सक्सेना जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती अनुपम एवं एमटीएस प्रदीप एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य सरोज यादव और सभी सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

## नपा में चला ₹एक दिन एक घंटा एक साथ सफाई अभियान



कुशीनगर। स्वच्छता ही सेवा ( एसएचएस ) कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के भरौली पोखरा परिसर में नपा अध्यक्ष श्रीमती किरन राकेश जायसवाल, ईओ अंकिता शुक्ला के नेतृत्व में एक दिन एक घंटा एक साथ₹ सफाई अभियान कार्यक्रम के तहत श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

गुरुवार को अभियान के तहत भरौली पोखरा परिसर में नपा अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल, ईओ शुक्ला, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, मंडल अध्यक्ष आद्या पाण्डेय, स्वच्छता दूत वाहिद अली, महिला मोर्चा की रूपम सिंह, विंध्यवासिनी मिश्रा, ममता, कंचन, सुमन आदि ने परिसर, मंदिर, रास्ते और पोखरे की सफाई की तथा कचरा अन्यत्र निष्पादित किया। नपा अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू सेवा पखवाड़ा में विविध कार्यक्रम चल रहे है। नगरपालिका को स्वच्छ और सुंदर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जन भागीदारी से ही स्वच्छ नगर का सपना साकार होगा। इसके लिए जन जागरूकता आवश्यक है। इस दौरान कार्यक्रम में सभासद केशव सिंह, पवन जयसवाल, शैल देवी, दुर्गेश विश्वकर्मा, बेचू चौहान के अलावा प्रधान लिपिक राजेश श्रीवास्तव, स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी, उग्रसेन कुमार, हरेंद्र यादव, संजय प्रकाश, रासबिहारी श्रीवास्तव आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित है।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थितिं में युवक का चक मार्ग के किनारे मिला शव

सीतापुर। थाना रामपुर कलां अंतर्गत एक गांव के पश्चिम चक मार्ग के किनारे गांव के ही एक युवक का शव गुरुवार सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने पड़े देखा जिसकी सूचना उन्होंने परिजनों को दी सूचना पाकर गांव में हड़कंप मच गया और देखने वालो का तांता लग गया तथा ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुबारकपुर निवासी पैंतीस वर्षीय शिवकुमार पुत्र किशोरी जो बुधवार की शाम एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था और देर रात करीब नौ बजे अपने घर वापस आया मगर गुरुवार सुबह शौच करने गए ग्रामीणों ने उसका शव गांव के पश्चिम एक चक मार्ग के पास पड़ा हुआ देखा जिसकी सूचना उन्होंने परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया तथा मौके पर फोरेंसिक टीम ने ने भी जांच की।

# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी सहायता



जिला संवाददाता

सीतापुर। तहसील लहरपुर क्षेत्रांतर्गत संविलयित विद्यालय बरेती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शिरण सिंह

● सरकार हमेशा पीड़ितों के साथ मयंकेश्वर

एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही द्वारा बाढ़ पीड़ितों को शासन द्वारा विभिन्न मदों में अनुमन्य राहत राशि एवं बाढ़ राहत सामग्री वितरित की गयी। उन्होंने सरोजिनी देवी, पम्मी देवी, रामा, ममता देवी, रामशारदा, अर्पित, सुशील, सचिन, शिवा, देवदत्त और लवकुश को राहत किट का वितरण किया। मोहिनी पत्नी रामचेत को दैवीय आपदा के अन्तर्गत अहेतुक सहायता (ग्रह अनुदान) रु0 एक लाख बीस हजार की सहायता राशि का वितरण किया गया। इसके साथ ही कृषि निवेश योजना 2025-26 के अंतर्गत फसल नुकसान की अनुग्रह राशि से सूर्यकली, कमला, जमुना देवी, राधिका, रामरानी, फूलमती, रामपती, श्यामदेवी आदि को लाभान्वित किया गया।? ?इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। सरकार हमेशा पीड़ितों के साथ है और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय से उपलब्ध कराया जाये। बाढ़ राहत योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बाढ़ से बचाव हेतु नियमानुसार कार्ययोजनाएं प्रस्तुत करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।? ?इस अवसर पर माननीय कारागार राज्यमंत्री श्री सुरेश राही ने क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के विषय में भी मा0 प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया, जिस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश माननीय प्रभारी मंत्री जी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए।? इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाढ़ कटान से पीड़ित ग्रामीणों को राहत किट व मुआवजा बांटा

तम्बौर/सीतापुर। गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह बाढ़ कटान से पीड़ित ग्रामीणों को राहत किट व मुआवजा वितरण के लिए बेहटा ब्लॉक के बरेती पहुंचे। यहां बरेती व बेलवा के दस-दस किसानों को फसल नुकसानी का मुआवजा दिया गया इसके अलावा पिपरिया के 15 परिवारों को राहत किट बांटी गई वहीं औरीशाहपुर की मोहिनी देवी को एक लाख बीस हजार रुपए की चेक दिया गया। प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए बताया कि योगी सरकार बाढ़ व कटान पीड़ितों के लिए गंभीर है कोई भी ब्यक्ति बिना सहायता के छूटेगा नही.. साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेश कुमार स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ के बाद संक्रमण बढ़ता है जिससे बुखार, उल्टी तथा पेट दर्द के मरीज अधिक होते है प्रभावित गाँवों मे प्रतिदिन कैम्प लगाया जाय इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नही की जाएगी। कार्यक्रम मे राज्यमंत्री सुरेश राही, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एडीएम नीतीश कुमार, अधिशाषी अभियंता विशाल पोरवाल, एसडीएम तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक रामलीला का मंचन देख दर्शक भावविभोर हुए



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में राजा दशरथ पुत्र प्राप्ति के लिए ऋषि मुनि के पास जाना तथा प्रभु राम के जन्म का एवं अहिल्या उद्धार का मंचन विशेष रहा। रामलीला की शुरुआत राजा दशरथ के चिंता में डूबे होने से हुई। राजा दशरथ को चिंता खाये जा रही थी कि उनके बाद उनके राज्य और कुल को आगे कौन बढ़ाएगा। पुत्र प्राप्ति को लेकर राजा दशरथ ऋषि के आश्रम पहुंचे और उनके बताए व मार्गदर्शन में पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। यज्ञ से प्रकट हुए अग्निदेव का दिया प्रसाद तीनों रानियों में बराबर बांटा जाता है। इससे उन्हें चार पुत्रों की प्राप्ति होती है। बड़े पुत्र का नाम राम, दूसरे का भरत, तीसरे का लक्ष्मण और चैथे का नाम शत्रुघ्न रखा जाता है। राम जन्म के समय पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। दर्शक जय श्री राम के जय घोष करने लगे। भगवान राम के बालावस्था को कलाकारों ने बड़े ही सुंदर रूप से प्रस्तुत किया। वही भगवान राम द्वारा अहिल्या का उद्धार भी प्रमुख मंचन रहा। रामलीला में गंगा लीला व नगर पुष्प वाटिका का भी मनोहर अभिनय कलाकारों ने किया। रामलीला प्रारंभ होने से पहले मौरावां नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने रामलीला मैदान में गणेश पूजन करके रामचंद्र भगवान की आरती की। कुँवर विवेक सेठ ने बताया कि मौरावां में होने वाली रामलीला करीब 200 वर्षों से अनवरत रूप से मंचित होती आ रही है। इस दौरान जमुना तिवारी, अवधेश दीक्षित, गौरी शंकर सिंह अतुल, धर्मेंद्र यादव राजीव सिंह, राजू समाजसेवी संतोष शुक्ला भाजपा नेता प्रदीप चैरसिया शुभम सिंह सहित हजारों की संख्या में गण मान्य लोग मौजूद रहे।

## सशस्त्र महिला पुलिस कर्मियों ने रैली निकालकर दिया सश्क्तीकरण का सदेंश

सीतापुर। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत गुरुवार को शहर में महिला पुलिस कर्मियों ने भव्य रैली निकालकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी सशस्त्रों से सुसज्जित होकर आत्मरक्षा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करती नजर आई। रैली की शुरुआत पुलिस लाइन से सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर की। जहां महिला पुलिस कर्मियों ने स्वयं वाहन चलाकर सशक्त नारी का परिचय दिया। बाइक और कार रैली के जरिए शहर की मुख्य सड़कों से गुजरते हुए उन्होंने राहगीरों और स्थानीय लोगों को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। रैली में शामिल पुलिस कर्मियों ने पर्चे और पम्पलेट वितरित कर महिलाओं को उनके अधिकारों और कानून द्वारा दी गई सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि महिला सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, आत्मनिर्भरता और समानता जैसे विषयों को केंद्र में रखकर रैली का आयोजन किया गया। सशस्त्र महिला पुलिस कर्मियों का यह अनोखा प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। राहगीर रैली को देखने के लिए रुकते रहे और महिला पुलिस कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना और उन्हें यह विश्वास दिलाना है कि वे किसी भी परिस्थिति में असहाय नहीं हैं। सीओ ने बताया कि कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इस तरह की गतिविधियां लगातार चलाई जाएंगी ताकि समाज के हर वर्ग तक इसका संदेश पहुंचे। रैली में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने कहा कि उनका मकसद महिलाओं को यह बताना है कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी विपरीत परिस्थिति में बिना झिझक पुलिस व प्रशासन से मदद मांगें। इस रैली ने न केवल शहरवासियों का ध्यान खींचा बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत संदेश भी दिया।

## जीएसटी के नये स्लैब से मिली जनता को राहत

सीतापुर। जीएसटी के नए स्लैब में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा दी गई विशेष छूट से जहां देश की जनता को बड़ी राहत मिली है। वहीं यह छूट आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान भी लाई है उक्त उद्बोधन जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा के एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार गरीब कल्याण के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है ऐसे में जीएसटी का यह नया स्लैब निश्चित तौर से देश की आम जनता के लिए एक वरदान साबित होगा। जीएसटी के संबंध में उन्होंने कुछ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया की दूध पनीर पेंसिल नोटबुक के साथ 33 जीवन रक्षक दवाइयां ऐसी है जिन्हें इस कर में शून्य कर दिया गया है साथ ही साथ दवाइयां मक्खन और घी चीनी पैकेज नमकीन पर 12: के स्थान पर 5: जीएसटी दे होगा जो की एक बड़ी छूट है शैंपू टूथपेस्ट और चॉकलेट पर 18 परसेंट के स्थान पर 5: जीएसटी दे होगा जिससे आम आदमी को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मूल मंत्र को लेकर कार्य कर रही है इसी के तहत वह निरंतर अपने कार्यों एवं योजनाओं से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास का कार्य कर रही है इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के जीएसटी से संबंधित सभी सवालों का जवाब भी दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, विष्णु मौर्य, अतुल गुप्ता, नगर पालिका सीतापुर अध्यक्ष प्रतिनिधि नमिंद्र अवस्थी उपस्थित रहे।

## आकांक्षी से महत्वाकांक्षी विकासखंड की ओर बढ़ता ब्लॉक पूरेडलई



बाराबंकी। ब्लाक पूरेडलई आज आकांक्षात्मक ब्लॉकों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग द्वारा व भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित ‟आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम‟ के अंतर्गत पूरेडलई ने जन-प्रथम शासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास जैसे मानवीय सूचकांकों में शानदार प्रदर्शन किया है। विकासखंड में नीति आयोग के 40 इंडिकेटर पर सराहनीय कार्य करने के लिए जून 2025 की डेल्टा रैंकिंग में विकासखंड पूरेडलई को 500 आकांक्षी विकासखंडों में तृतीय स्थान मिला है। इससे पूर्व विकासखंड को जून 2024 में अच्छे प्रदर्शन के लिऐ डेढ़ करोड़ रुपए का भी पुरस्कार दिया जा चुका है। जिससे ब्लॉक पूरेडलई उत्तर प्रदेश में सभी ब्लॉकों के लिऐ प्रेरणास्त्रोत बनाता जा रहा है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पूरेडलई ब्लॉक की यह ऐतिहासिक सफलता जिला और ब्लॉक प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख मानकों पर केंद्रित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से पूरेडलई ब्लॉक ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। खंड विकास अधिकारी शिवजीत ने कहा कि पूरेडलई ब्लॉक ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, विद्यालयों में नामांकन व उपस्थिति बढ़ाने, पोषण स्तर को बेहतर करने, स्वच्छता मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य, और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण आजीविका में वृद्धि जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है जिससे यह रैंक हासिल हुई है।

# किसी भी स्थिति में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं: सांसद



उन्नाव, (वीओएल)। महिला सुरक्षा सम्मान स्वालंबन में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का आयोजन निराला प्रेक्षागृह में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष जिला पंचायत शकुन सिंह तथा विधायक व सदस्य विधान परिषद की उपस्थिति में महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कार्यक्रम एवं

● मिशन शक्ति कार्यक्रम में डीएम एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद, विधायक, जिलाधिकारी गौरांग राठी व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेधावी छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान हेतु कार्यरत समाज सेविकाओं, जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला उद्यमियों, महिला शिक्षिकाओं तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में प्रधानमंत्री ने महिलाओं का नेतृत्व देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने सिद्ध कर दिया है महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कम नहीं है वह हर एक स्तर पर पुरुषों के साथ बराबरी कर सकती हैं। कहा सरकार महिलाओं की सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के लिए लगातार प्रयासरत है महिला सशक्तिकरण के तहत सरकार महिलाओं को हर एक क्षेत्र में सशक्त कर रही है ताकि वह निर्भीक होकर कार्य कर सके। सरकार महिलाओं की सुरक्षा सम्मान का ध्यान रख रही है यह सराहनीय कदम है। जिससे भारत 2047 तक विकसित बनने में अहम भूमिका निभाएगा साथ ही भारत विश्व गुरु भी बनेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं, शिक्षिकाओं के साथ संवाद कर संबोधित करते हुए कहा की महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कम ना समझे सरकार आपके लिए अनेज कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है। महिला सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के लिए सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम किये जा रहे हैं महिलाओं को पूरी तरह से सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला परक योजनाओं के साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर आदि की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कार्यकम में सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष जिला पंचायत शकुन सिंह, पंकज गुप्ता विधायक सदर, श्वेता भानू मिश्रा अध्यक्षा, अनुराग अवस्थी जिलाध्यक्ष भा०ज०पा०, आनन्द अवस्थी जिला उपाध्यक्ष भा०ज०पा०, संजीव त्रिवेदी प्रतिनिधि, प्रभारी मंत्री अर्चना मिश्रा, अरूण सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी समिति, गौरांग राठी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, कृति राज मुख्य विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पं. दीन दयाल हम सब कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत : अचिन

सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा मंडल मानपुर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नि. वर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षक-स्नातक विधान परिषद सदस्य और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं के साथ रणनीति बनाई। साथ ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये.... बैठक मे अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी हम सभी कार्यकताओं के प्रेरणा श्रोत हैं उनके मार्ग पर ही चल कर आज भाजपा एक समृद्ध वृक्ष के रूप मे आगे बढ़ रही है..उन्होंने कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के मार्गदर्शन मे जो शिक्षा कार्यकर्त्ताओ को मिली उसी के कारण भाजपा का चुनावी प्रबंधन देश में सबसे मजबूत है और सभी सीटों पर विजय सुनिश्चित करना ही लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और स्नातक विधान परिषद का चुनाव प्रबंधन और संपर्क का चुनाव है, इसलिए हर कार्यकर्ता को अपनी पूरी क्षमता से कार्य करना होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता की योग्यता के अनुसार जिम्मेदारी तय की जाएगी। श्री मेहरोत्रा ने कहा पंडित दीन दयाल जी के मार्ग पर चल कर ही यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश को विश्व गुरु बनाने के संकल्प को लेकर कार्य कर रहे है.....बैठक के पश्चात एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया.... वही सीतापुर शहर नगर मंडल 1 शक्ति केन्द्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर नि. जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये साथ ही इसी बूथ पर एक पेड़ माँ के नाम और स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता की गयी। इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष श्री अरविन्द वर्मा जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री अनुज शुक्ला जी, मानपुर संघ के अध्यक्ष चाचा श्री अतुल गुप्ता जी,मंडल महामंत्री श्री कुंवर गणेश शुक्ला जी, श्री सौरभ शुक्ला जी, श्री राजेंद्र यादव जी, श्री महानरायण वर्मा जी, दिपील अरोड़ा, संजय यादव, अंकुल तिवारी, सुबोध शुक्ला, मृदुल मिश्रा, उत्तम पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## वैक्स म्यूजियम में दिखेगा रामायण का प्रसंग

अयोध्या। धार्मिक नगरी अयोध्या के पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर 10 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा रामायण वैक्स म्यूजियम अब अपने अंतिम चरण में है।

करीब 10 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में निर्मित इस भव्य म्यूजियम का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 8 यह 15 अक्टूबर को करेंगे।

निर्माण कार्य जोरों पर है और 2 अक्टूबर तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।वही म्यूजियम कंपनी के एमडी और प्रसिद्ध वैक्स मूर्तिकार सुनील कांडालोर ने बताया कि म्यूजियम में 50 वैक्स मॉडल तैयार किए गए है। इनमें से 40 मॉडल रामायण से जुड़े प्रमुख प्रसंगों को दशाएंगे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी का वैक्स स्टैच्यू भी लगाया जाएगा।

# सीएचसी में हुआ नारी सशक्तीकरण मेगा कैम्प का आयोजन



सीतापुर। महोली नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नोडल अधिकारी डॉ इमरान अली के निर्देशन में अधीक्षक दीपांशु शुक्ला एवं समस्त अस्पताल स्टाफ के द्वारा नारी सशक्तिकरण मेगा कैम्प का आयोजन कराया गया।

क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले इस विशाल कैम्प के साथ, सरकार की महती निशुल्क जांच केन्द्र योजना का उद्घाटन हुआ। सरकार की मंशानुरूप ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट के शुरू होने से एक ही छत के नीचे क्षेत्र के लोगों को सभी जांच सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी तो समय पर गंभीर बीमार मरीजों की जान बचाई जा सकेगी। कार्यक्रम में विधायक शशांक त्रिवेदी ने कुसैला गांव की सत्तर वर्ष की मीना देवी, सरस्वती व सुखरानी को आयुष्मान कार्ड दिए और सोनम इंद्रजीत विकास, राधेश्याम को पोषक पोटली प्रदान की। गुरुवार को जिले के टीकाकरण प्रतिरक्षा अधिकारी डा इमरान अली के निर्देशन में डा मोहित पाल डा अब्बास डा जया शर्मा आशुतोष रस्तोगी,शशि भान सिंह,बीपीसीएम सुधीर शुक्ला अखिलेश शुक्ल,डा दीपक तिवारी, डा विनायक अवस्थी एवं समस्त अस्पताल स्टाफ के सहयोग और मनोज मिश्र के संचालन में आयोजित विशाल कैम्प में सैकड़ों की तादात में नारी शक्ति भागेदारी रही। जिसमें डा इमरान अली ने कहा सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में विशेष रूप से छोटे बच्चों बच्चियों और महिलाओं में एनीमिया की जांच कराई जा रही है। सभी को सम्बोधित करते हुए उन्होंने गला घोंटू बीमारी में 93 वैक्सीनेशन पूरा होने का दावा किया। विधायक शशांक त्रिवेदी ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के साथ अपना उद्बोधन दिया। पीड़ित महिलाओं को स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। मौजूद सभी लोगों से पूरी ताकत के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। कैंप में छहेलिया हम्योपैथिक केंद्र के डॉ अजय प्रताप सिंह तथा बड़ागांव आयुर्वेदिक औषधि केंद्र के डॉ रामचंद्र ने लोगों का इलाज कर कार्यक्रम को सफल बनाया। सीएससी अधीक्षक दीपांशु शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त कर दवाएं लेकर कैंप का उपयोग करने की अपील की। हमारे सेउता प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र रेउसा मे मिशन शक्ति के तहत बृहस्पतिवार को महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से रेउसा के हनुमान मंदिर पर पर मिशन शक्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन था। सरकार द्वारा चलाए गए टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया जैसे कन्या धन योजना, उज्ज्वला योजना, वृद्धा पेंशन योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, रानी लक्ष्मीबाई योजना और घरेलू हिंसा के बारे में भी जागरूक किया गया मिशन शक्ती कार्यक्रम मे थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी ,उपनिरीक्षक श्री राजेश निषाद . महिला कांस्टेबल सुषमा शर्मा,महिला कांस्टेबल शिल्पा विश्वकर्मा तथा बड़ी संख्या मे महिलाएं ,बालिकाएं तथा स्कूल की छात्राये शामिल रही।

## एसडीएम बिसवा ने चौथे दिन खत्म करवाया अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन

सीतापुर। बिसवां तहसील में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में अनियमितताओं को लेकर चार दिन से चल रहा क्रमिक अनशन गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे बिसवा उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने मौके पर पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देते हुए खत्म करवा दिया। मिली जानकारी अनुसार बिसवा तहसील परिसर में सोमवार से शुरू हुआ अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जो जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में अनियमितताओं को लेकर चल रहा था आज चैथे दिन बिसवा उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कार्यवाही का आश्वासन देकर खत्म करवा दिया इसमें अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को चार सूत्रीय मांग पत्र देकर शासन की मंशा अनुरूप जन मिलन कार्यक्रम करने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को रजिस्टर में दर्ज कर आवेदक को नंबर देने तथा नियमानुसार जारी करने की मांग की गई है इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी त्रिपाठी ब्रजेश नारायण गुप्ता आर पी सिंह दिनेश श्रीवास्तव संतोष कठेरिया आदि मौजूद रहे।

## नवरात्र पर सांसद व विधायक ने माता चंद्रिका देवी में दर्शन पूजन किया



पाटन, उन्नाव। शारदीय नवरात्रि के चैथे दिन माता कुष्मांडा के चैथे स्वरूप के दर्शन के लिए सांसद साक्षी महाराज, क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल बक्सर के चंडिका धाम पहुंचकर मां चंडिका अंबिका की विधि विधान से पूंजा अर्चना कर अपने व समाज के कल्याण के लिए आशीर्वाद की कामना की। तत्पश्चात मां पतित पावनी गंगा की पूंजा अर्चना व आरती कर मंदिर की सफाई का कार्य किया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंदिर परिसर में मौजूद सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने इस अवसर पर सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर अपने कर्तव्य का बोध कराया। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत उन्होंने कई स्थानों में पहुंचकर प्रतिष्ठानों का उद्घाटन भी किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के त्याग बलिदान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला मां अंबिका व चंडिका के दर्शन के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, सूरज सिंह चैहान शिव बीर सिंह वीरू, मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार बाबा, राम प्रसाद लोधी, प्रधान प्रतिनिधि राम बदन सहित प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह थाना अध्यक्ष बारा सगवर धर्मेंद्र नाथ मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डी. एस. एन. महाविद्यालय की एनएसएस और एनसीसी की छात्राओं को पुरुस्कार दिए



उन्नाव। छत्रपति शाहू जी महाराज वि.वि में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ जिसमे श्रेष्ठ कार्य करने वाले स्वयं सेवकों को कर्मवीर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें हमारे महाविद्यालय की छात्रा रिया गौतम को तृतीय स्थान मिला।

श्रेष्ठ कार्य करने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को स्वामी विवेकानंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें डी. एस. एन. कालेज, उन्नाव की इकाई को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ महाविद्यालय की ओर से डा. रचना त्रिवेदी इकाई प्रभारी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इसी क्रम में निराला प्रेक्षागृह सभागार में मिशन शक्ति 5.0 में पूरे देश में 27 छात्राओं में से उत्तर प्रदेश की 6 छात्राएं चयनित हुई ये 6 छात्राएं डी. एस. एन. कॉलेज उन्नाव की है जिनके नाम दीक्षा अवस्थी, मनीषा यादव, तन्वी तिवारी, प्रतीक्षा अवस्थी, अंशिका शर्मा प्राची द्विवेदी को भव्य समारोह में जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

मिशन शक्ति की प्रभारी डॉ. गीता श्रीवास्तव जी ने सम्मानित छात्राओं को बधाई दी और भाविष्य में शासन द्वारा निर्धारित दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए मिशन शक्ति 5.0 को सफल बनाने पर जोर दिया। ले. (डॉ.) विपिन सिंह एन.सी.सी. एएनओ ने बताया ये सभी छात्राएं (एस०सी०सी. की कैडेट भी है इन्होने एन. सी. सी. में कैम्प, ट्रेनिंग शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में भी महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव जी समस्त सम्मानित छात्राओं को बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए प्रदान की।

संक्षेप

## जिम में महिला और युवती में हुई जमकर मारपीट

ललितपुर। जिम करने गयीं महिला व युवती में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मामला कोतवाली तक जा पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। आजादपुरा द्वितीय में रहने वाली रजनी कुशवाहा पत्नी राकेश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार को सुबह करीब 8.30 बजे इलाइट स्थित जिम गयी हुयी थी। यहां नेहरूनगर निवासी साक्षी नामदेव व चण्डी मंदिर के पास रहने वाले वरूण नामदेव दोनों आये और उसके साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने अभद्रता करते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि दोनों ने उसे जमीन पर घसीट कर मारा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रजनी की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से नेहरू नगर निवासी साक्षी नामदेव पुत्री धीरेन्द्र नामदेव ने बताया कि वह द ब्रदर जिम गयी हुयी थी, जहां राकेश कुशवाहा और उसकी पत्नी व दोस्त ने उसे मारपीट की नीयत से घेर लिया और गालियांदेते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि राकेश ने उसके मुंह पर जूता रखने का प्रयास किया और बाल पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

बांदा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के चलते पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना तिंदवारी की मिशन शक्ति टीम ने आदर्श ज्ञान भारती कॉलेज में छात्राओं के साथ शक्ति संवाद आयोजित किया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग की और उन्हे रूचि के अनुसार अनेक कैरियर विकल्पों की जानकारी दी गयीं। छात्राओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इसी प्रकार पैलानी थाना की मिशन शक्ति टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय चैकी पुरवा में बच्चों को सरल भाषा में बताया कि किस प्रकार का स्पर्श उनके लिए सुरक्षित, गुड टच है और कौन सा असहज, गलत, बैड टच है। यदि कोई उन्हे गलत तरीके से छूता है तो डरने की बजाय तत्काल माता-पिता, शिक्षक और पुलिस को इसकी जानकारी दें। टीम ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 के बारे में भी जानकारी दी। ताकि जरूरत पड़ने पर वह सहायता ले सकें।

# स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में फार्मासिस्ट की भूमिका महत्वपूर्णः डॉ. सौरभ



ललितपुर। विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में मान्यवर कांशीराम जिला अस्पताल ललितपुर से फार्मासिस्ट पद पर कार्यरत एस० के० सचान एवं सी० पी० सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज डायरेक्टर डॉ० सौरभ यादव, महिला

- विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० सूफिया मैडम, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० महेश कुमार झा, नर्सिंग प्राचार्या डॉ० आंचल यादव, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ० वंदना यज्ञिक, पब्लिक स्कूल प्राचार्य इं० विनय रावत, डी०एल०एड० विभागाध्यक्ष डॉ० राम लखन यादव, बी० एड० विभागाध्यक्ष डॉ० रत्ना यज्ञिक ,कृषि विभागाध्यक्ष डॉ० भजन लाल साहू, हिन्दी मीडियम पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य रक्षपाल सिंह एवं फामेर्सी विभागाध्यक्ष डॉ० विनोद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। विशिष्ट वक्ता डॉ० सूफिया मैडम ने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस हम सभी को यह स्मरण कराता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में फार्मासिस्ट की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। दवा की सही जानकारी, रोगियों की सुरक्षा, और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना हमारा परम कर्तव्य है। प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० महेश कुमार झा ने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि फार्मासिस्ट न केवल रोगियों के उपचार में सहयोगी हैं, बल्कि एक स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष डॉ० विनोद यादव ने भाषण में फार्मासिस्ट की भूमिका को स्वास्थ्य सेवा में विश्वसनीय साथी बताते हुए उनके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ जैसे द्द पोस्टर प्रजेंटेशन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, संगोष्ठी तथा सामुदायिक जनजागरूकता रैली आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की अहम भूमिका को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया। विशेष व्याख्यान में विशेषज्ञ वक्ताओं ने फार्मासिस्ट रोगी सुरक्षा और दवा प्रबंधन का आधार, विषय पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में असि० प्रो० पुष्पेंद्र गौतम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए आगामी वर्षों में भी इस प्रकार की शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों के आयोजन का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में फामेर्सी विभाग के प्राध्यापक असि०प्रो० पुष्पेंद्र गौतम, असि०प्रो० सरस्वती कुर्मी असि०प्रो०, करन, असि०प्रो० अरविन्द अहिरवार, असि०प्रो० नीतेश विश्वकर्मा, असि०प्रो० अश्विनी प्रजापति, सुरभि झा असि०प्रो० मानसी यादव असि०प्रो० नेहा सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र शिवम राठौर एवं नंदिनी विश्वकर्मा ने किया।

# स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवन शैली हैः राज्यमंत्री



ललितपुर। उत्तर प्रदेश शासन के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री म मनोहर लाल पंथ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद ललितपुर के विकास खंड बिरधा स्थित ग्राम रजवारा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए, एक साथ, एक घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान के आह्वान के अनुपालन में

- ग्राम रजवारा में हुआ सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता शपथ और पौधरोपण

संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः से ही ग्रामीणों का उत्साहपूर्ण जमावड़ा रहा। गाँव के वरिष्ठ नागरिक, महिलाएँ, युवक-युवतियाँ एवं स्कूली बच्चे सभी श्रमदान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। सामूहिक प्रयासों से तालाब के घाट, श्री राम जानकी मंदिर परिसर एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई।

इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवन जीने की शैली है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह आंदोलन आज जनांदोलन का रूप ले चुका है। गाँव-गाँव में हो रहे श्रमदान और वृक्षारोपण से स्वच्छ और स्वस्थ समाज की नींव मजबूत होगी। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को अपने गाँव की पहचान से जोड़ते हुए कहा कि वे निरंतर इस प्रकार की गतिविधियाँ करते रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। श्रमदान के दौरान ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि वे केवल आयोजन तक ही नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में भी स्वच्छता को आदत बनाएंगे। विशेष अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने स्वच्छता की शपथ ली, जिसमें सभी ने यह वचन दिया कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे, अपने परिवार को स्वच्छ रखेंगे और अपने गाँव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएंगे। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया बल्कि गाँव को हरियाली से आच्छादित करने की दिशा में भी सार्थक पहल हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला कंसल्टेंट, खंड प्रेरक द्द स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ग्राम प्रधान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने श्रमदान में भाग लेकर ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया।

# परमिटशुदा 17 वाहन ही बांदा-बबेरू मार्ग पर चलेंगेःआयुक्त



बांदा। संभागीय परिवहन प्राधिकरण की आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें परमिट प्रति हस्ताक्षर न कराने वाले वाहन स्वामियों को एक माह का अंतिम अवसर दिया गया लेकिन इस दौरान परमिट प्रति हस्ताक्षर न कराने वाले परमिट धारकों के परमिट निरस्त किए जाएंगे। मंडल के अनेक राष्ट्रीय मार्गों पर स्वीकृत नयी स्थायी सवारी गाड़ी अनुज्ञा पत्र प्रार्थना पत्रों से परमिट प्राप्त न करने वाले प्रार्थना पत्रों को निरस्त करने का निर्णय हुआ। बांदा, बबेरू, कमासिन, राजापुर मार्ग, राजापुर से लालता रोड तक रास्ते में वृद्धि करने का निर्णय लेते हुए बढ़े हुए मार्ग पर परमिट पर प्रष्ठांकन करने का निर्णय हुआ। ओवरलोड भारी वाहनों के प्रति मोटरयान अधिनियम की कार्रवाई के तहत हल्के वाहनों पर 60 दिन के अंदर 5 हजार रुपये तथा भारी वाहनों पर 10 हजार रुपये सहमति धनराशि जमा कराने के लिए नोटिस देने के निर्देश दिए गये। सहमति राशि जमा न करने वाले मामलों को प्राधिकरण की अगली बैठक में रखने का निर्णय, अराष्ट्रीयकृत मार्गों पर राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के संचालन के बारे में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए गये कि बांदा बबेरू मार्ग पर 17 वाहनों के परमिट जारी किए गये हैं वही वाहन चलाए जाएं। यदि दूसरी बस चलाने की जरूरत है तो नये परमिट के लिए आवेदन किया जाए। चरखारी से उरई वाया राठ मार्ग पर जारी समय सारणी पर विवाद के बारे में एआरटीओ हमीरपुर से सर्वे कराकर प्राधिकरण की अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये। बैठक में डीएम जे0 रीभा, उप परिवहन आयुक्त, कानपुर परिक्षेत्र, संभागीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार, उदयवीर सिंह प्रवर्तन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, एआरटीओ प्रशासन, प्रवर्तन आदि उपस्थित रहे।

# पं. दीन दयाल के सिद्धांत हमेशा रहेंगे वंदनीयः सदर विधायक

जिला संवाददाता



बांदा। भाजपा ने भारतीय जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिले के सभी 1350 बूथों में श्रद्धांजलि अर्पित की। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरहण्ड स्टेशन स्थित आवास के बूथ 242 तथा महुआ मण्डल के बूथ 310 व गिरवां में कार्यकताओं के साथ पंडित दीन दयाल की जयंती मनाई और पुष्पांजलि अर्पित की। सदर विधायक ने कहा कि अंत्योदय की उनकी अवधारणा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत निर्माण के संकल्प की सिद्धि में अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हित में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले पंडित दीन दयाल के अचार-विचार एवं उनके उत्कृष्ट सिद्धांत हम सभी के लिए सदैव वंदनीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि दीन दयाल केवल आर्थिक समीक्षक ही नहीं बल्कि आर्थिक चिंतक भी थे। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने पार्टी कार्यालय पीली कोठी में दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि वह लगातार 17 साल तक भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे, भारतीय जनसंघ के चलाये गए कश्मीर आंदोलन के तीन प्रसिद्ध नारे थे एक देश में दो विधान, दो प्रधान तथा एक देश में दो निशान नहीं चलेंगे। वह 1967 में जनसंघ के अध्यक्ष बने तथा 10 फरवरी को मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मण्डल के बूथ 192 में कार्यकताओं के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बाँदा के दक्षिणी व उत्तरी मण्डल में भी दीनदयाल की जयंती मनाई गई।

## महिला बंदियों से अधिकारियों का संवाद

बांदा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत शुक्रवार को मंडल कारागार में जिला न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी जे0 रिभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने महिला बंदियों से शक्ति संवाद किया। इसका उद्देश्य महिला बंदियों को सुरक्षा, अधिकारों और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना था। इस दौरान बंदियों को शासन की संचालित अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, निःशुल्क विधिक सहायता, आपात कालीन पुलिस एवं स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास प्रशिक्षण शामिल हैं। यह भी बताया गया कि रिहाई के पश्चात वह किन सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं और महिला संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में वह किस तरह सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अलावा बंदियों को आत्मरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं परिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। महिला बंदियों ने भी अपने विचार साझा किए। अधिकारियों ने उनकी बात सुनने के बाद शासन की महिला बंदियों के सशक्तीकरण के लिए चलाई जा रही अनेकों कल्याणकारी योजनाएं इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य आत्मनिर्भरता के लिए कौशल प्रशिक्षण, मनो-सामाजिक परामर्श, विधिक सहायता एवं पुनर्वास कार्यक्रम मुख्य रूप से शामिल हैं।

## नो हेलमेट, नो फ्यूल, विक्रेताओं के साथ डीएसओ की बैठक

बांदा। शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए 1 से 30 सितम्बर तक द्द्नो हेलमेट, नो फ्यूलह्ल के चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पेट्रोलियम एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ जिला पूर्ति अधिकारी ने बैठक की। पेट्रोल पम्प संघ अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से शासन के निदेशों का अनुपालन कराये जाने के लिए सहयोग की अपेक्षा जताई। पेट्रोल पम्प के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से अपने पेट्रोल पम्प परिसर में द्द्नो हेलमेट, नो पेट्रोलह्ल आपका जीवन है अनमोलह्ल सम्बन्धी बैनर अवश्य लगाने और ईंधन लेने वाले वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने तथा प्रतिष्ठान को हमेशा सी०सी०टी०वी० कैमरें की निगाह में रखनें के निर्देश दिए ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन कर नियमानुसार आवश्यक निर्णय लिया जा सके। पेट्रोल पम्प संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने शासन के निदेशों का अनुपालन कराने के लिए आश्वासन दिया। बैठक में प्रभाकर सिंह चन्देल, अध्यक्ष पेट्रोलियम एसोसिएशन, अभिषेक गुप्ता, मुदित्त अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी एवं आसिफ अली मौजूद रहे।

# जल स्रोतों को स्वच्छ और पुनर्जीवित करना हम सभी का कर्तव्यः गौतम सिंह



ललितपुर। स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में श्री हजारिया महादेव मंदिर तालबेहट स्थित मानसरोवर तालाब पर एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। आयोजन जिला गंगा समिति ने परमार्थ समाज सेवी संस्था के सहयोग से किया गया, जिसमें जल सहेलियों और जीजीआईसी की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसका मुख्य उद्देश्य तालाब के

- मानसरोवर तालाब पर चला स्वच्छोत्सव अभियान

घाटों और तटों को कूड़े-कचरे से मुक्त करना तथा जनजागरूकता फैलाना था। शुरूआत दीप प्रज्वलन के उपरांत पौधरोपण से हुई। मुख्य अतिथि डीएफओ गौतम सिंह ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना सिर्फ गंगा नदी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य सभी जल स्रोतों को स्वच्छ और पुनर्जीवित करना है।

जल सहेलियों के सक्रिय सहयोग से यह अभियान और भी सार्थक बन पड़ा है। अध्यक्षता कर रहे नपं अध्यक्ष पुनीत सिंह ने कहा कि नगर पंचायत स्वच्छता के हर कार्य में क्षेत्रवासियों के लिए सदैव तत्पर रहेगा। संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान में तालाब की स्वच्छता के लिए जो युवा कार्य कर रहे है वह सराहना के पात्र है। सिद्धगोपाल सिंह ने बताया कि जल सहेलियों द्वारा समूचे बुंदेलखंड में निरंतर जल संरक्षण व नदी पुनर्जीवन पर कार्य किये जा रहा है। अनुपम लिटोरिया ने तालाब के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी साझा की। अंत में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने आभार जताते हुये कहा कि इस स्वच्छता अभियान ने मानसरोवर तालाब की सफाई के साथ समुदाय के बीच स्वच्छता के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार भी किया है। इस दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी, वन दरोगा, वन रक्षक, प्रकृति रक्षक आदि मौजूद रहे।

## पोषण पोटली से स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं टीवी मरीज

ललितपुर। जिलाधिकारी अमनदीप डुली व एसपी मो.मुश्ताक की संयुक्त मौजूदगी में टी.बी.मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। सीएमओ ने बताया कि निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को पोशण पोटली वितरित करके उनका स्वास्थ्य सुधार किया जा सकता है।

आम जनमानस भी निरूक्षय मित्र बनके राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदार बन सकते हैं। क्षय रोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत टी.बी. के नये रोगियों को खोजना, व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता उत्पन्न करना। टी.बी. रोगियों की मृत्यु दर कम करना, टी.बी. रोग से पीडित व्यक्तियों में डिफेंशिएटेड टी.बी.केयर अप्रोच पद्वति को लागू करके मृत्यु की सम्भावना को कम करना आदि पर विषेश बल दिया जा रहा है।

जोखिम वाली जनसंख्या की टी.बी. स्क्रीनिंग सफल बनाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तियों एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। क्षय रोग से ग्रसित मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान सीएमओ, जिला क्षय रोग अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी, उप जिला क्षय रोग अधिकारी, परामर्षी चिकित्सक, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट, जिला संक्रामक रोग नियंत्रण अधिकारी, सौरभ जैन, आदर्श श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, सीएमओ कार्यालय एवं जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपा मुखिया ने मृतक लक्ष्मीनारायण राठौर के परिजनों का साझा किया दर्द

ललितपुर। बीते दिनों पुत्र के जेल जाने से मानसिक रूप से परेशान शहर के व्यापारी लक्ष्मी नारायण राठौर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना का समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पीडीए के जन नायक कन्नौज सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संज्ञान लिया है, उन्होंने इस ह्रदय विदारक घटना पर दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भेजी है।

बताते चलें कि विगत दिनों शहर के एक मुहर व्यापारी शिवम् राठौर पर

- आज सपा का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार को सौंपेंगा आर्थिक सहायता

एक कम्पनी की फर्जी मुहर बनाने के आरोप में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस घटना से क्षुब्ध होकर पिता लक्ष्मीनारायण राठौर ने मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले स्थित एक होटल में रूम लिया था, जहां से वह जमानत के लिए उन्हें इलाहाबाद निकलना था।

इसी बीच रात में उन्होंने होटल में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर इलाईट चैराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया था, इस सारे घटनाक्रम की पर पल की जानकारी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव सपा मुखिया अखिलेश यादव को देते रहे।

उन्होंने घटना पर गहरा दुःख जताया है और पीड़ित परिवार के लिए सांत्वना के तौर पर एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता पहुंचाई है।

शुक्रवार को आज समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचेगा और सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा भेजी सहायता राशि का चेक सौंपेगा। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने दी है।

## सहकारी समिति अध्यक्ष पर बिना दस्तावेज मांगी सौ बोरी सरकारी उर्वरक

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम सिलगन में रहने वाले नरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व.राजेन्द्र सिंह ने सीजेएम के समक्ष शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके मकान में उर्वरक की गोदाम है और उसका पुत्र दैलवारा सहकारी साधन समिति का सचिव है। बताया कि 15 जून 2025 को शाम करीब 6

- अध्यक्ष व उसके पुत्रों पर अज्ञात लोगों के साथ घर में घुसकर मारपीट का आरोप
- न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बजे वह अपने घर में था, तभी गांव के ऊदल सिंह बुन्देला पुत्र जगभान सिंह जो कि समिति अध्यक्ष हैं अपने साथ साहब सिंह व राजा साहब पुत्रगण जसरथसिंह दो अज्ञात साथियों के साथ उसके घर में घुस आये और 100 बोरी डीएपी की मांग करने लगे।

जब उन्होंने सुबह 10 बजे आने और किसानों की नकलें, आधार कार्ड के साथ लाने की बात कही तो यह सुनकर ऊदल सिंह आवेश में आकर कहने लगे कि वह दैलवारा साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं और उनसे कागजात मांग रहे हो। कहा कि खाद बिक्री और समिति के कार्य सभी के लिए कमीशन देने की बात कहने लगे। यदि यह नहीं किया तो समिति का कोई कार्य नहीं होने देंगे। जब पीड़ित पक्ष ने उनसे अनुनय-विनय की तो उक्त लोगों ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी। मौके पर समिति कर्मचारी विक्रम सिंह पुत्र रूप सिंह व गांव के रामस्वरूप पुत्र छोटेलाल समेत कई लोग आ पहुंचे, जिन्होंने उसे बचाया। आरोप है कि उक्त लोगों के हमले से दरबाजे पर लगा टीनशैड भी गिर गया।

इस घटना की सूचना उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। 9 जुलाई 2025 को एसपी को जरिए रजिस्टर्ड डाक से भी शिकायत की, लेकिन कार्यवाही न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर अब कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 333, 324 (4), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अच्छी सड़कों पर भी नपा डाल रही निर्माण सामग्री

ललितपुर। राजकीय इण्टर कॉलेज व पी.एन. इण्टर कॉलेज की सीसी सड़क पर काम रोके जाने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि जीआईसी-पी.एन. इण्टर कॉलेजों के सामने सीसी सड़क पर निर्माण के लिए मटेरियल डाल दिया गया है, जबकि यह सड़क खराब नहीं है कि नया निर्माण किया जाना आवश्यक हो। उन्होंने बताया कि सड़क पर दो या तीन गड्ढे ही हैं, जिनकी मरम्मत की जा सकती है। लेकिन नई सड़क डालकर फिजूल खर्ची की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस प्रकरण को संज्ञान लेकर डाली जा रही सड़क को तत्काल रोक लगाये जाने की मांग उठायी है। इसके अलावा अवन्ती बाई प्रतिमा से लेकर रिमझिम गार्डन तक सीमेंट ब्लॉक नहर किनारे लगाये जाने, जिसके बगल में मिट्टी की फिलिंग नहीं है लगाये जाने की मांग उठायी है। नागरिक विकास मोर्चा ने मिली जानकारी का हवाला देते हुये बताया कि उक्त कार्य का टेण्डर भी अभी तक नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में इस कार्य को श्रमदान घोषित किये जाने की मांग की गयी है।

- जीआईसी-पी.एन. इण्टर कॉलेज रोड पर सीसी निर्माण फिजूल खर्ची

## वन स्टॉप सेंटर व हब फॉर एंपावरमेंट की टीम ने महिलाओं से संबंधति जानकारी दी




बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निदेशों के अनुपालन में बुधवार को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र यादव के निर्देशन में वन स्टॉप सेंटर की टीम व हब फॉर एंपावरमेंट की टीम द्वारा जिला अस्पताल बिजनौर में महिलाओं और बच्चों से संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जनसंख्या अनुपात, जन्म मृत्यु दर लिंग अनुपात, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, संस्थागत प्रसव, साक्षरता दर तथा महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा एवं सकारात्मक परिवर्तन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसी के साथ जन जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत सभी महिलाओं व बालिकाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उनसे लाभान्वित होने का आह्वान किया गया।

## विद्यालय की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत बैंक का भ्रमण कराया



बिजनौर। उच्च प्राथमिक विद्यालय जहानाबाद विकास खण्ड हल्दौर की छात्राओं को पंजाब नैशनल बैंक दारानगर गंज का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने इस दौरान उत्साह पूर्वक खाता खोलना व खाते का संचालन करना सीखा। इस मौके पर खाते में पैसे कैसे डालें, कैसे निकालें, चेक के द्वारा पैसे कैसे निकाले जाते बच्चों को सिखाया गया तथा चेक का नमूना भी दिखाया गया। पासबुक में मशीन द्वारा एंट्री कैसे की जाती है बच्चों को बताया। प्रबंधक महोदय ने बताया 18 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों के खाते उनके अभीभावकों के साथ संचालित किए जाते हैं। बैंक में महिला अधिकारी को देखकर छात्राएं बहुत खुश हुई छात्रा निशात ने महिला अधिकारी से इस पद पर पहुंचने के राज जाने। महिला अधिकारी सभी बच्चियों को बहुत ही विनम्रता पूर्वक बताया कि किसी पद पर पहुंचने के लिए उच्च शिक्षा हासिल करनी होती है जिसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होती है किसी पद पर पहुंचना कोई मुश्किल नहीं है यदि लक्ष्य निर्धारित कर जी तोड़ मेहनत की जाय। इस अवसर पर अध्यापिका रश्मि चैधरी, प्रियंका डा0 अतीक दानिश व मौ0 शफीक आदि मौजूद रहे।

# विकसित राष्ट्र का संकल्प

सरकार विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास कर रही है। जीएसटी सुधार भी इसका एक अहम घटक है। क्योंकि टैक्स रिफॉर्म आर्थिक प्रगति के लिए जरूरी है और सरकार ने हाल के सालों कई स्तरों पर सुधारों को लागू किया है जिसमें टैक्स भी एक क्षेत्र है। लेकिन सिर्फ जीएसटी सुधारों से ही बात नहीं बनेगी बल्कि इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन तमाम चीजों का देश में उत्पादन सुनिश्चित करना होगा जिनके लिए हम चीन या अमरीका जैसे देशों पर निर्भर है। बेशक जीएसटी सुधार एक अच्छा फैसला है, लेकिन ऐसी रियायतों के जरिए ही भारत 2047 में विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। उसके लिए आर्थिक विकास दर कमोबेश 8-10 फीसदी होना अनिवार्य है। फिलहाल तो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां 6.5 से 6.9 फीसदी के आकलन कर रही हैं। जाहिर है लक्ष्य से हम अभी बहुत दूर हैं। जीएसटी के अलावा, कानून, श्रम, भूमि, न्याय आदि कई क्षेत्रों में सुधार अनिवार्य और अपेक्षित हैं। भूमि की उपलब्धता और समानता का सुधार भी बेहद जरूरी है। किसान को सिर्फ ट्रैक्टर, थ्रेशर, सिंचाई मशीन ही नहीं चाहिए, बल्कि आर्थिक तौर पर समानता भी चाहिए। कमोबेश उसे फसलों की वांछित कीमत भी चााहिए। वह कर्ज के काले यथार्थ से बाहर निकल सके। किसान सम्मान राशि तो ऊंट के मुंह में जीरा है। किसान की फसलें बेहतर दाम पर बिक सकें, सरकार को यह बंदोबस्त करना ही होगा। अन्यथा विकसित भारत एक नारा, एक सपना बनकर रह जाएगा। आम आदमी इस दृष्टि से भी अपनी स्थितियों का आकलन करे। यह भी सचाई है कि आज भी 81 करोड़ से अधिक भारतीय मुफ्त के अनाज के भरोसे हैं। आज भी सरकारी आंकड़ो को मानें तो 15-20 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। आज भी करीब 85 फीसदी किसान औसत स्तर पर हैं। उनके पास या तो 2-4 हेक्टेयर भूमि है अथवा वे दूसरे की जमीन पर खेती करने को विवश हैं। देश की जीडीपी में कृषि का योगदान बढ़ना चाहिए। याद रहे कि कोरोना महामारी के दौरान भी कृषि की विकास दर 3 फीसदी से ज्यादा थी। देश का नागरिक कार, घर तभी खरीदने की सोच सकता है, जब उसके पास अतिरिक्त संसाधन होंगे। अभी तो आम आदमी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है। देश के मात्र 4 फीसदी लोगों की औसत आय 50,000 रुपये महीने या इससे अधिक है। बहरहाल जीएसटी सुधार आम आदमी के लिए बड़ी राहत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भरता के साथ-साथ स्वदेशी का भी आह्वान किया है। स्वदेशी आरएसएस का सैद्धांतिक मुद्दा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच उसका सहयोगी संगठन है। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान भी स्वदेशी के नारे खूब गूंजते थे, लेकिन तब भी उन आर्थिक सुधारों को स्वीकार कर उनकी निरंतरता बरकरार रखनी पड़ी, जिनका सूत्रपात पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और उनके वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया था। भारत ने भूमंडलीकरण और उदारीकरण को स्वीकार करते हुए शेष विश्व के लिए दरवाजे खोले थे, नतीजतन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में प्रवेश बढ़ाना शुरू किया था। उस दौर के बाद ही भारत की अर्थव्यवस्था में विस्तार हुआ और आज हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमे यह स्वीकार करना पड़ेगा कि स्वदेशी के जरिए ही 146 करोड़ से अधिक की आबादी की जरूरतों को पूरा नहीं किया जा सकता। भारत मैन्यूफैक्चरिंग और आपूर्ति का गढ़ नहीं है। विश्व-बाजार में भारतीय ब्रॉन्ड का कौनसा मोबाइल फोन धड़ाधड़ बिक रहा है। भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित ब्रॉड भी विकसित करना होगा और इसके लिए कारपोरेट जगत हो आगे आना पड़ेगा। आज एप्पल, सेमसंग, गूगल जैसे प्रतिष्ठित ब्रॉड अपने-अपने देशों की प्रौद्योगिकी की क्षमता को भी बयां कर रहे हैं। इसलिए भारत को स्वदेशी को बढ़ावा देने के साथ ही वैश्विक स्तर पर भी अपनी आर्थिक और प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमता को आगे बढ़ाना होगा। हम सभी संभावनाओं का अनुकूलतम उपयोग करके ही भारत को विकसित राष्ट्र की पंक्ति में ला सकते हैं।



**विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए आर्थिक सुधारों की दिशा में और ठोस कदम उठाने होंगे।**

## विचार

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

-महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

-शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

-श्रीराम शर्मा आचार्य.

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

-योगवशिष्ठ.

# मिग-21: अलविदा आसमान के सूरमा



संजय श्रीवास्तव

**1965 का युद्ध हो या 1971 की लड़ाई या फिर कारगिल जंग। यही नहीं 2019 के सर्जिकल स्ट्राइक में भी आसमान के इस सूरमा का कौशल सबने देखा है। आकाश के शूरवीर मिग-21 की सेवाएं भुलाई नहीं जा सकतीं। आज देश के पहले ख्यात सुपरसोनिक मिग-21 को अलविदा कहने के अवसर पर उसकी सुदीर्घ शानदार सेवाओं का स्मरण करना लाजिमी है।**

देश का ऐतिहासिक लड़ाकू विमान मिग-21 रिटायर हो गया। हवाई बेड़े में इसकी जगह लेने के लिए अन्य अत्यंत सक्षम और अत्याधुनिक विमान आएंगे। मगर देश के इस पहले सुपरसोनिक जेट की अतुलनीय ऐतिहासिक सेवाओं को भारतीय वायुसेना और देशवासी हमेशा याद रखेंगे। मिग-21 मात्र एक लड़ाकू विमान नहीं बल्कि लंबे समय तक भारत की वायु-शक्ति और संप्रभुता का ऐसा प्रतीक रहा, जिसके साथ जुड़ी अमिट शौर्य गाथाएं, युद्धकालीन उपलब्धियां भारतीय सैन्य इतिहास में दर्ज हैं। कई बार चर्चा के बाद आखिरकार इसका रिटायर होना भारतीय वायुसेना के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण परिघटना है। जिस विमान ने वायुसेना को अपनी तकनीकी कुशलता के दम पर अजेय बनाया, वही आज तकनीकी बदलावों और समय की मांग के आगे जमीन पर है। मिग-21 के रिटायरमेंट से कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न भी उभरे हैं। उम्मीद है कि रिटायरमेंट के साथ-साथ इनके उत्तर भी साफ-साफ मिल जाएंगे। जैसे अब इनकी जगह कौन लेगा, स्वदेशी या विदेशी विमान? क्या तेजस तैनाती के लिए तैयार है या इसमें अभी समय लगेगा? तेजस मिग के मुकाबले कितना सक्षम और कार्यकुशल है? यदि मिग-21 नई सामरिक चुनौतियों के लायक नहीं रहे और इन्हें रिटायर करना हमारी मजबूरी थी, तो इसके रिटायरमेंट में तीन साल की देरी क्यों हुई? रिटायरमेंट की वजहें तो स्पष्ट हैं, पर इस सवाल के अलग-अलग उत्तर हो सकते हैं कि इसके रिटायर होने का भारतीय वायुसेना पर क्या प्रभाव होगा?

मिग-21 को 2020 तक चरणबद्ध तरीके से हटाने का कार्यक्रम बनाया गया था, फिर इसे 2022 तक टाल दिया गया। आज तीन वर्ष के इस विलंब के पीछे कुछ वाजिब वजहें हैं। भारतीय वायुसेना के पास निर्धारित संख्या में लड़ाकू स्क्वाड्रन पहले भी नहीं थे और आज भी नहीं हैं। फिलहाल राफेल जैसे विमानों की आपूर्ति से कुछ कमी दूर हुई है और स्वदेशी तेजस के आगमन से संभावना बढ़ी है। तीन साल पहले मिग-21 की जगह लेने वाले विमानों की आपूर्ति अत्यंत धीमी थी। स्वदेशी तेजस विमान का उत्पादन अभी पर्याप्त स्तर पर नहीं पहुंच पाया था। अमेरिकी इंजन का मसला हल न होने से इसकी अनिश्चितता चरम पर थी और राफेल विमानों की आपूर्ति भी पूरी नहीं हुई थी। सो, नये विमानों की कमी ने इस प्रक्रिया में विलंब कराया। उधर, इसी दौरान सुरक्षा माहौल भी बिगड़ा। चीन और पाकिस्तान दोनों एक से अधिक मोर्चों पर चुनौतियां बढ़ा रहे थे। ऐसे में अचानक मिग-21 को हटाना रणनीतिक जोखिम हो सकता था। इसके अलावा 2019 में बालाकोट और तत्पश्चात भारत-पाक तनाव ने मिग-21 की उपस्थिति को कुछ और समय तक बनाए रखने की मजबूरी पैदा की। मिग को कुछ साल और सेवा में रखना उचित नहीं था।

**1965, 1971 और कारगिल के हीरो को याद रखेगा देश**

सच तो यह है कि 'उड़ता ताबूत' के नाम से कुख्यात हो चुका मिग-21 का ढांचा और इंजन तकनीकी दृष्टि से बहुत पुराने पड़ चुके थे। 1963 में हमने मिग-21 को सोवियत संघ से खरीदा था। उस समय भारतीय वायुसेना के पास आधुनिक सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों की भारी कमी थी। मिग-21 ने इस कमी को पूरा किया था। लेकिन 1960-70 के दशक की डिजाइन और तकनीक आज अप्रासंगिक है। इसकी गति और चपल कलाबाजी कभी क्रांतिकारी थी, परंतु आज के आधुनिक मल्टी-रोल विमानों के सामने यह सीमित हो गई है। हमने इसमें कई अपग्रेडेशन किए, इसे तकनीकी तौर पर उन्नत बनाया, पर सुधार की एक सीमा है। एवियोनिक्स और हथियार प्रणालियों में सुधार के बावजूद यह बहुत नहीं टिक सकता था। आज की हाइपरसोनिक मिसाइलों, ड्रोन स्वार्म और रडार जामिंग जैसी चुनौतियों से निपटने में इसे सक्षम बनाना संभव नहीं था। इसलिए इसे रिटायर करना तकनीकी आवश्यकता और सामरिक मजबूरी दोनों थी। मिग-21 की विदाई का असर भारतीय वायुसेना पर सकारात्मक होगा, परंतु यह भी सत्य है कि शुरूआती दौर में चुनौतियां सामने आयेंगी। साफ है कि इसके जाने के बाद भारतीय वायुसेना की तकनीकी रूप से कमजोर, पुराने विमानों पर निर्भरता खत्म होगी। यह तथ्य दृष्टिगत है कि वायुसेना में जहां आवश्यकता 42 से अधिक स्क्वाड्रन की है, वहीं वर्तमान में हमारे पास केवल लगभग 31-32 स्क्वाड्रन ही हैं। मिग-21 के हटने से यह संख्या और घटेगी, वायुसेना की स्क्वाड्रन संख्या में तात्कालिक तौर पर प्रभावी कमी आएगी जिसकी भरपाई में समय लगेगा, क्योंकि नई पीढ़ी के विमानों की पर्याप्त उपलब्धता में विलंब है।

मिग-21 की जगह जल्द से जल्द भरे, इसके लिए सरकार द्वारा स्वदेशी और विदेशी विमानों की दोहरी रणनीति कितनी कारगर होगी, इसका उत्तर समय के गर्भ में है। जहां तक बात हल्के लड़ाकू स्वदेशी विमान तेजस की है, तो चौथी पीढ़ी के इस विमान में तमाम खूबियां हैं। तेजस पूरी तरह डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर सिस्टम और आधुनिक सेंसरों से लैस है। विविध प्रकार की मिसाइलें और बम ले जाने वाला तेजस मिग-21 के पुराने एनालॉग सिस्टम की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित और सक्षम है। तेजस के साथ दुर्घटनाओं की आशंका मिग-21 के मुकाबले बहुत कम है। तेजस यदि मिग-21 का स्थान लेगा तो यह भारतीय वायुसेना को तकनीकी दृष्टि से नए युग में ले जा सकता है। फिलहाल आधुनिक रडार, हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें, डिजिटल कॉकपिट और बेहतर युद्धक क्षमता वाले इस विमान को मिग-21 का पूर्ण विकल्प बनने में अभी समय लगेगा। वर्तमान में तेजस की 40 एमके-1 इकाइयां भारतीय वायुसेना में हैं और 83 नए तेजस एमके-1ए का ऑर्डर दिया गया है। इसमें एईएसए रडार, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और बेहतर हथियार क्षमता होगी, पर ये अगले वर्ष से मिलने शुरू हो पाएंगे या नहीं, इसमें संदेह है। इसके साथ ही भविष्य का तेजस एमके-2 और स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना को दीर्घकालिक समाधान देंगे। लेकिन प्रश्न वही है- तात्कालिक उपलब्धता का। यह नहीं भूलना चाहिए कि जिन सामरिक चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं, उनके निवारण के लिए हमें शीघ्रातिशीघ्र अपनी स्क्वाड्रनों की संख्या पूरी करनी होगी, वह भी सक्षम विमानों से। ऐसे में विदेशी विमानों की ओर भी देखा जाएगा। फ्रांस से प्राप्त 36 राफेल विमान पहले से सेवा में हैं। ये मल्टी-रोल और अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों से लैस हैं। सरकार भविष्य में 114 मल्टी-रोल लड़ाकू विमान (एमआरएफए) खरीदने की योजना बना रही है, जिनमें एफ-21, ग्रीपेन और राफेल-एम जैसे विकल्प शामिल हैं। मिग की विदाई के बाद अब समय है कि भारतीय वायुसेना भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप नए विमानों का शीघ्र समावेश करे। तेजस, राफेल और आने वाले एमआरएफए तथा एएमसीए विमानों से यह कमी पूरी होगी जरूर, लेकिन इनकी तैनाती की गति तेज करनी होगी।

मिग-21 ने भारतीय आसमान की रक्षा में छह दशकों तक जिस समर्पण और शौर्य का परिचय दिया, वह अद्वितीय है। इसने भारत को पहली बार सुपरसोनिक क्षमता दी, युद्धों में निर्णायक जीत दिलाई और आधुनिक वायुसेना बनने की राह दिखाई। परंतु तकनीक का नियम है कि हर प्रणाली की एक आयु होती है। मिग-21 ने अपनी आयु से कहीं अधिक सेवा दी। मिग-21 को अलविदा कहते समय गर्व और भावुकता दोनों साथ हैं। भारतीय वायुसेना के इतिहास में मिग-21 सदैव अमर रहेगा।



## सोशल मीडिया

सरकार डॉक्टर और मरीज का अनुपात बताये, मतलब वर्तमान में कितने मरीजों के लिए कितने डॉक्टर हैं, स्वास्थ्य और चिकित्सा की उपेक्षा देश के मानव संसाधन की उपेक्षा है। -अखिलेश यादव.



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नयी दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत व्यापारियों, दुकानदारों से जीएसटी सुधारों पर चर्चा की और उन्हें शुभ कामनाएं दी। जेपी नड्डा.



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री के जना कृष्णमूर्ति जी की पुण्य तिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, उनका तपस्वी जीवन सदैव स्मरण रहेगा। केशव प्र. मौ.



# आत्म साक्षात्कार

## अंतर्दृष्टि

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

# व्यक्तित्व निर्माण के तिकड़म

## व्यंग्यलोक

आपको खुशी होगी या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूँ। हमारे यहाँ कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनायें हैं। वर्तमान में कमेटियाँ मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गयी हैं। लोकतन्त्र में इससे बढ़िया अपने को बचाने का लोकतान्त्रिक ढंग दूसरा नहीं है। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मै सदस्य बना हूं। वह भी गालियाँ सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पायेगी। पर भाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐसे गैरे, नत्थू खैरे को तो नहीं लिया जाता या आपको तो नहीं लिया गया। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही। कमेटियों की कार्य शैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता। इस प्रकार एक अनन्त सिलसिला निष्क्रियता का जारी रहता है तथा सदस्य जलपान तथा आवागमन भत्ता लेने के कुछ भी नहीं कर पाते। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है? पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किये हैं, किये भी हैं या नहीं अथवा टालू मिक्चर मिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी उल्लेखनीय तो नहीं है लेकिन भाई है तो कमेटी? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गयी है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना। इधर आपने सफाई कराई कि मिसेज धारकर आयेंगी और फलों के छिलके गलियारे में फैला जायेंगी। फिर खाने के लिए महाभोज होगा- कुत्ता, सुअर, गाय और साँडों का। आपसी खींचतान, लड़ाई-झगड़ा समाप्त होने से पहले ही माथुर साहब अपना एंटिक काठ-कबाड़ डाल जायेंगे। इस प्रकार विकास समिति द्वारा गठित सफाई समिति मुँहबाये देखती रहती है।

**पूरन सरमा.**

# कला में संवेदनशीलता के प्रतीक रणवीर सिंह बिष्ट



27वीं पुण्यतिथि पर विशेष

भूपेन्द्र कुमार आस्थाना

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 1911 से स्थापित कला महाविद्यालय का अपना गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। इस महाविद्यालय से एक से एक दिग्गज कलाकारों ने शिक्षा ली और देश विदेशों में अपनी कला का परचम लहराया और आजभी लहरा रहे हैं। आशा है कि यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। इसी महाविद्यालय के एक छात्र, शिक्षक, प्राचार्य और एक कलाकार रहे पदमश्री रणवीर सिंह बिष्ट जी। भारतीय आधुनिक कला जगत में पद्मश्री रणवीर सिंह बिष्ट का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है।



पद्मश्री रणवीर सिंह बिष्ट (4.10.1928 - 25.09.1998)

वे ऐसे चित्रकार थे जिन्होंने चित्रकला को केवल दृश्य-सौंदर्य या सजावट तक सीमित न रखकर उसे मानवीय पीड़ा, सामाजिक यथार्थ और आध्यात्मिक गहराई के माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया। उनकी कला में संवेदनशीलता और प्रतीकात्मकता का अनूठा संगम दिखाई देता है, जो दर्शक को केवल देखने नहीं, बल्कि सोचने, महसूस करने और आत्मचिंतन की ओर ले जाने का अनुभव कराता है। बिष्ट का व्यक्तित्व उतना ही गहन, अनुशासित और विचारशील था जितनी उनकी कला, और यही कारण है कि उन्हें आधुनिक भारतीय कला के प्रमुख स्तंभों में गिना जाता है। कलाकार स्मृति शृंखला के अंतर्गत मैं आज रणवीर सिंह बिष्ट की 27वीं पुण्य तिथि पर याद करते हुए अपनी भावनाओं को साझा कर रहा हूँ।

रणवीर सिंह बिष्ट का जन्म उत्तराखंड के लैंसडाउन में 4 अक्टूबर 1928 को हुआ। उनका बाल्यकाल प्राकृतिक सुंदरता और पहाड़ी संस्कृति के बीच बीता, जिसने उनके भीतर लोक-जीवन और मानव-संवेदना की गहरी समझ पैदा की। इस सांस्कृतिक पृष्ठभूमि ने उनकी कला में स्थायी आत्मीयता और जीवन के प्रति संवेदनशील दृष्टि का आधार तैयार किया। आगे चलकर उन्होंने लखनऊ के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स से फाइन आर्ट्स में पाँच वर्षीय डिप्लोमा (1954) पूरा किया। अकादमिक शिक्षा ने उन्हें तकनीकी दृढ़ता, अनुशासन और शास्त्रीय प्रशिक्षण दिया, जबकि पहाड़ों की स्मृतियाँ उनके कार्यों में जीवन्तता और भावनात्मक गहराई के स्रोत बनीं। इस प्रकार उनके व्यक्तित्व और कला में लोक-तत्व और अकादमिक दृष्टि का अद्भुत मेल दिखाई देता है। 1960 के दशक में बिष्ट की बौद्धिक और कलात्मक संवेदनशीलता लखनऊ कॉफी हाउस संस्कृति के वातावरण में विकसित हुई। वे न केवल एक शिक्षित और तकनीकी दृष्टि से सक्षम कलाकार थे, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी जागरूक थे। उनकी कला में भीतर की बेचैनी, समाज की असमानताओं और मानव जीवन की जटिलताओं के प्रति उनकी गहरी समझ दिखाई देती थी। उनका छोटा और मजबूत कद उनके दृढ़ इच्छाशक्ति और कला तथा सामाजिक मुद्दों पर अडिग विश्वास का प्रतीक था। रणवीर सिंह बिष्ट की कला-दृष्टि संवेदनशील और प्रतीकात्मक रही। उनके चित्रों में मानव आकृतियाँ केवल भौतिक रूप में नहीं, बल्कि मनुष्य की आंतरिक अवस्थाओं, संघर्षों और अस्तित्वगत संकटों की अभिव्यक्ति के रूप में उभरती हैं। उनकी रेखाएँ गहरी, सारगर्भित और सांकेतिक होती थीं, जो कथ्य को प्रभावशाली रूप से आकार देती थीं। रंगों के प्रयोग में उनका दृष्टिकोण अत्यंत संवेदनशील था। नीले, भूरे, लाल और हरे रंगों का चयन उन्होंने केवल सौंदर्य के लिए नहीं, बल्कि भावनाओं, रहस्य, संघर्ष, पीड़ा और शांति जैसी अवस्थाओं को चित्रित करने के लिए किया। उनके लिए रंग भावनाओं की भाषा थी, जो सीधे दर्शक के मन से संवाद करती थी। 1968 से 1989 तक लखनऊ कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स के 10वें प्राचार्य के रूप में बिष्ट ने कला-शिक्षा में नई दृष्टि दी। वे विद्यार्थियों को यह सिखाते थे कि कला का मूल आधार केवल तकनीक नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और आत्मानुभूति है। उनके शिष्य उन्हें आज भी संवेदनशील गुरु और मार्गदर्शक के रूप में याद करते हैं। समीक्षकों की दृष्टि से बिष्ट की कला में भारतीयता और आधुनिकता का विलक्षण संगम दिखाई देता है। ब्लू और निलावर्नी श्रृंखलाएँ शांति, ध्यान और ब्रह्मांडीय सामंजस्य का प्रतीक हैं, जबकि लस्ट और अनवांटेड श्रृंखलाएँ समाज की पीड़ा व टूटन को उद्घाटित करती हैं।

(लेखक चित्रकार व समीक्षक हैं)

## आप की बात

### नक्सलवाद का सफाया

गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने की घोषणा कर दी है। इस दिशा में गंभीर आपरेशन भी चल रहे हैं। नक्सली मारे जा रहे हैं और बड़ी संख्या में आत्म समर्पण भी कर रहे हैं। लेकिन नक्सली के साथ आतंकियों को भी खत्म करना जरूरी है। क्योंकि आतंकवाद देश के लिए एक गंभीर समस्या है। इससे देश को ब हुत ही अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए आतंकवाद पर कठोर प्रहार होना बहुत जरूरी है। आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है। इसके लिए जितने भी प्रयास करने हों, सरकार को करना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद पर प्रहार की छूट होनी चाहिए। पिछले महीने जिस तरह कई दिनों तक मुठभेड़ चली उसमें कई जवान शहीद हुई, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को छोड़ा नहीं। बस ऐसे ही संकल्प की जरूरत है। तभी आतंकवाद खत्म होगा। यह देश आतंकवाद को खत्म करने के अपने महाअभियान पर लगातार आगे बढ़ेगा और एक दिन जम्मू-कश्मीर से आतंक- वाद का पूरी तरह सफाया होगा और भारत को तोड़ने के उनके मंसूबे भी ध्वस्त होंगे। दरअसल बीते कुछ समय से आतंकवाद से निपटने के लिए देश ने अपनी रणनीति बदली है। एक दशक पहले तक आतंकवादियों पर एक्शन सेना तब लेती थी जब उन्होंने कोई हमला किया हो। लेकिन अब सेना और सुरक्षा बल यह इंतजार नहीं करते हैं कि आतंकवादी कोई हमला करें तब उनको जवाब दिया जाये। अब सेना रिएक्टिव के बजाय प्रोएक्टिव एक्शन लेती है। ऐसे में जहां भी पता चलता है कि यहां आतंकी मौजूद हैं या छिपे हुए हैं तो वहां सर्च ऑपरेशन लांच करती है। हालांकि आतंकियों को सरेंडर का मौका देती है, लेकिन ऐसा अगर नहीं करते हैं तो प्रायः मुठभेड़ में आतंकी मारे जाते हैं या पकड़ लिये जाते हैं। लेकिन इस सर्च ऑपरेशन में कई बार हमारे जवानों की शहादत भी होती है। यह बहुत ही दुखद है। लेकिन मुठभेड़ में इस तरह की शहादत होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पहले भी कई सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने छिपकर फायरिंग की जिससे जवानों की शहादत हुई है। इसलिए सेना को सर्च ऑपरेशन, जंगलों और घरों में तलाशी अभियान के दौरान जवानों की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा उपकरणों के साथ एसओपी भी लागू करनी चाहिए ताकि हमारे जवान आतंकियों को खोज भी निकालें और सुरक्षित भी रहें। जब सुरक्षा बल बिना किसी नुकसान के आतंकवादियों को पकड़ने या न्यूट्रलाइज करने में सफल होते हैं, तो वह पूरे राष्ट्र के लिए हर्ष का विषय होता है। लेकिन जवानों की शहादत पर देश गमगीन होता है। कश्मीर में जिन हालातों में सेना पाकिस्तान परस्त आतंकियों के खिलाफ लड़ रही है उसमें शहादत की घटनाएं भी हो जाती है।

**राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संसाधनों का वितरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है।

**आशुतोष वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## विधायक के प्रयास से मिलीं पांच सड़कें

सोहावल-अयोध्या। बीकापुर विधानसभा सोहावल विकास खंड क्षेत्र के विकास के लिए बहु प्रतीक्षित पांच सड़क निर्माण में बीकापुर विधायक डा0 अमित सिंह चैहान का प्रयास रंग लाया।

मंडी परिषद द्वारा महावां छतिरवा अनन्तपुर से गड़रियन का पुरवा, लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग-27 से लखौरी, विविया पुर नेवादा संपर्क मार्ग से श्याम नगर, खिरौनी अचली का पुरवा से झामदास का पुरवा, संपर्क मार्ग डा0 अम्बेडकर गांव बरवा तक, मरम्मत काम की मंडी परिषद से मंजूरी मिली। विधायक डा. चैहान ने बताया कि पिता स्व. पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चैहान की प्रेरणा से बीकापुर विधानसभा सभा की चहुमुखी विकास की योजना कराने का हर संभव प्रयास है। माता पूर्व विधायक शोभा सिंह चैहान से अब तक अपने कार्यकाल मे लगभग सौ से अधिक सड़कों का प्रस्ताव भेजकर निर्माण एवं मरम्मत का काम कराया जा चुका है। शेष, सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त और क्षेत्र का चहुमुखी विकास करने का हमारा सपना है।

# संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में पिरोने का कार्य श्रीराम ने किया: डॉ. बिजेंद्र सिंह

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय श्रीराम शोध पीठ में युवाओं के पथ प्रदर्शक श्रीराम पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि जगदगुरु स्वामी राम प्रसन्नना रामनरेशचार्य एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. अजय प्रताप सिंह

- राम कोई व्यक्ति नहीं राम वृत्ति है: जगदगुरु स्वामी राम प्रसन्ना रामनरेशचार्य
- राम का आदर्श हर युग के लिए प्रासंगिक: प्रो. अजय प्रताप

रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र एवं प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जला कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने प्रभु श्रीराम ने संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। इसी कारण विश्व के 105 से अधिक देशों में राम के जीवन पर आधारित लेख और ग्रंथ मिलते हैं। प्रभु श्री राम को हर रूप में देखा जा सकता है, दुनिया के सामने उन्होंने अपने आदर्शों को प्रस्तुत किया है। कुलपति ने कहा आज के युवा यदि श्री राम जी के कुछ भी आदर्श ग्रहण अपने कर ले तो उन्हें सफलता से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा हमें अपने अंदर मयार्दाओं का सृजन करना होगा और अपने से कमिटमेंट करना होगा कि हम जीवन मे अच्छा कार्य करते रहे।

जिससे स्वयं को आदर्श की कटौती पर खरा उतार सकें। मुख्य वक्ता स्वामी श्री राम प्रसंना रामनरेश आचार्य जी ने कहा कि विश्व में भारत युवाओं का देश है युवाओं को कैसा जीवन जीना है इस पर विमर्श होना चाहिए। युवाओं के पास शक्ति होती है अपने को दिशा देने की युवाओं को विशेष रूप से या ध्यान देना चाहिए। पथभ्रष्ट न हो एक आदर्श पथ प्रदर्शक होने से हम अपनी सही दृष्टि का चुनाव कर सकते हैं। यह सारी बातें प्रभु श्री राम के आदर्शों से हमें देखने को मिलती है। प्रभु राम ने सिखाया की जीवन में एक सच्चा और अच्छा मित्र होना चाहिए, जो हमें गलत सही का ज्ञान दे सके। राम कोई व्यक्ति नहीं राम



वृत्ति है। उन्होंने बताया की प्रभु राम के बाल्याकाल से ही हमें उनके मयार्दाओं का दर्शन होता है। स्वामी जी ने कहा कि युवाओं को अपने भीतर के ज्ञान को तलाशना होगा। अज्ञानता की मिट्टी को हटाएंगे तभी हमें सही ज्ञान का अनुभव होगा। शिक्षा केवल किताबें ज्ञान नहीं होती शिक्षा का उपयोग अच्छी नौकरी या अपना पेट भरना ही नहीं होता प्रभु श्री राम हमें सिखाते हैं की शिक्षा का उपयोग हमें समाज के लिए करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रो अजय प्रताप सिंह ने कहा कि राम को हम जितना भी पढ़ते हैं वह कम है। राम का आदर्श हर युग के लिए प्रासंगिक है, राम को अधिक समझने की जरूरत है। आज के युवा अर्थतंत्र में फंसकर अपनी मनोवृति को बदल लेते हैं। उन्होंने कहा की टेलीविजन चैनल आज के युवाओं को चारित्रिक हनन कर रहा है, हमें राम की मयार्दाओं से सीखना चाहिए कि क्या सही क्या गलत है। आज हम सभी भौतिकता वाद में फंसकर अपनी मयार्दाओं को छोड़कर रहे हैं। माना की जीवन में धन की आवश्यकता होती है, लेकिन धन के लिए अपनी मयार्दाओं का हनन नहीं करना चाहिए।

## सरयू तट पर जगी स्वच्छोत्सव की अलख

**अयोध्या।** गुरुवार को सरयू नदी के तट गुप्तारघाट पर स्वच्छता की अलख जगी। मौका था नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव समारोह का। एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित समारोह में एक हजार से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। एक दिन, एक घंटा स्वच्छता के लिए अभियान के तहत नगर निगम ने श्रमदान के माध्यम से गुप्तारघाट पर विभिन्न स्कूलों के एक हजार से अधिक छात्रों एवं एनसीसी कैडेट के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने छात्रों को प्रति सप्ताह दो घंटा स्वच्छता के नाम समर्पित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों के साथ घाटों की सफाई की और अपने आसपास साफ-सुथरा रखने तथा पौधरोपण के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अगर अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखेंगे तो कई तरह की बीमारियों से बचेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा होगा। इस दौरान जयनारायण सिंह रिंकू, रामशंकर निषाद एवं चंदन सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्रनाथ, भारत कुमार एवं सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य आदि उपस्थित रहे।

## पंडित जी के विचार और आदर्श सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत: रामबाबू द्विवेदी



**रामनगर,बाराबंकी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संकल्प आज सिद्धि की ओर है। पंडित जी के विचार और आदर्श सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। अंत्योदय और एकात्म मानववाद का उनका दर्शन हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और उसकी उन्नति के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए गांव, गरीब और वंचित वर्ग का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। उक्त उद्गार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती एवं सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने रामनगर विधानसभा के बूथ संख्या 361, 362 व 363 सिंहामऊ, भैसुरिया मे आयोजित कार्यक्रम मे पंडित उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किये। इस अवसर पर लालता तिवारी, विपिन दीक्षित, अमित सिंह, रामू मिश्रा, नागेंद्र सिंह, भानु गौतम, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अरुण दीक्षित, विशाल अवस्थी, उमेश चंद्र, रामविजय, रामदयाल, बद्री प्रसाद दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## महिला पुलिसकर्मियों को ड्रोन संचालन का दिया गया प्रशिक्षण

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर पुलिस लाइन मे मिशन शक्ति फेज-05 के तहत महिला पुलिस कर्मियों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे ड्रोन दीदी की संकल्पना के तहत महिला पुलिस कर्मियों को तकनीक का उपयोग करते हुए मंदिरों/धार्मिक स्थलों, पण्डालों के आस-पास अपराधियों पर नजर रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने, संवेदनशील क्षेत्रों और मेलों में अराजकतत्वों पर निगरानी रखने को लेकर प्रशिक्षित किया गया।

## अमृत-टू के तहत नगर में बिछेगी 126 किलोमीटर सीवर लाइन

**अयोध्या।** अमृत-2 योजना के तहत नगर के 21 वार्डों में सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य का उद्घाटन समारोह पूर्वक महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार अयोध्या के विकास के लिए तत्पर है। अमृत योजना के तहत सिविल लाइन बिछाने के दूसरे चरण की का कार्य आज प्रारंभ हो रहा है। इससे नगर स्वच्छता के नए प्रतिमान गढ़ेगा। उन्होंने सरदार भगत सिंह वार्ड की डिफेंस कॉलोनी में नारियल फोड़कर वैदिक रीति-रिवाज से सीवर लाइन बिछाने के कार्य का आरंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 21 माह के भीतर इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मई 2027 तक नगर के 21 वार्डों को सीवर लाइन से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 27928 घरों को कनेक्शन दिया जाएगा। इससे 1.30 लाख आबादी को लाभ मिलेगा। महापौर ने इस मौके पर नगर वासियों से स्वच्छता के मोर्चे पर सहयोग मांगा। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्य की जिम्मेदारी कार्यदाई संस्था जल निगम नगरीय को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि 351.40 करोड़ रुपये 126 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाया जाएगा।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि इसके साथ चार सीवेज पंपिंग स्टेशन का भी निर्माण होगा। कौशलपुरी, सहादतगंज, जनौरा एवं साकेतपुरी में स्थापित किए जाएंगे। इस मौके पर पार्षद संतोष सिंह, महाप्रबंधक जलकर सौरव श्रीवास्तव, जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता रोहित चैरसिया भी मौजूद थे।

## भव्यता और संस्कृति का मिश्रण रहा नवरात्र महोत्सव

**अयोध्या।** झुनझुनवाला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शारदीय नवरात्र पर्व पर एक दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के उप निदेशक डॉ. ओम प्रकाश वर्मा एवं समाजसेवी भागीरथ पचेरीवाला ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यापर्ण कर किया।

- छात्र-छात्राओं द्वारा हुए विविध सांस्कृतिक आयोजन

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला, विकास निदेशक मीनाक्षी मोदी, जेआईएमएस के निदेशक डॉ. गिरिजेश त्रिपाठी, इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक आशुतोष त्रिपाठी, डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सरिता मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत बुके देकर किया। इसके बाद महोत्सव की शुरूआत लैंप लाइटीनिंग, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अन्य आयोजनों की घोषणा से हुई।



नवरात्रि महोत्सव में कार्यक्रम समन्वयक अनुराधा शुक्ला, पूर्णिमा चैधरी, सुमित उपाध्याय के निर्देशन में किये गए। छात्र-छात्राओं द्वारा वैसे तो सभी कार्यक्रम सराहनीय रहे लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से कलबेलिया, गरबा, नवदुर्गा वंदना, धनुची, डांडिया, काली नाटिका, सीता स्वयंवर, हनुमान नाटिका विशेष रहे। इन कार्यक्रमों में बीएससी नर्सिंग की छात्राएं श्वेता सिंह, सृष्टि सिंह, सृष्टि शुक्ला, सुषमा, साक्षी, अनुराधा, सपना, माया, शिवांगी एवं गरबा, नवदुर्गा वंदना में जीएनएम की प्रिया सिंह, आकांक्षा वर्मा, सोनल पांडेय, रागिनी, वर्षा शुक्ला, महिमा यादव, आंचल, सुमन, राधा श्रेया, शिक्षिकाएं आरती जायसवाल, अमीषा पटेल, शकीना बानो, तेजस्विनी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया इसी प्रकार धनुची में जीएनएम की छात्राएं प्रिया सिंह, काजल गौतम, शानू यादव, अंशिका वर्मा, सिया यादव, ज्योति प्रजापति, रेखा मौर्या, नेहा, विजय लक्ष्मी, मनीषा, प्रिया डॉ. पूनम सिंह, संदीप सिंह, डॉ. अरुण गुप्ता, शुभम सिंह, अंशुमान सिंह, डॉ. अविनाश शुक्ल के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया है। काली नाटिका में बीसीए के सौरभ पांडेय, सत्यांश त्रिपाठी, अशोक गुप्ता, पियूष चैरसिया, कन्हैया शिक्षक राघवेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रतिभाग करेंगे। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम हनुमान प्रस्तुति में पॉलिटेक्निक के मानस तिवारी, अनूप तिवारी, अमरजीत, साहिल सिंह, शरद पाण्डेय, हर्षित गौड़, मंदीप यादव, शिवा यादव, विराट त्रिपाठी, सुजल तिवारी, आलोक तिवारी, अंकित यादव, अक्षय पाठक, शिवांश पाण्डेय, शिवांशु मिश्र, संपूर्ण रामायण में क्षमा, विष्णुकांत, राहुल निशांत, काली प्रस्तुति में समर्थ पाण्डेय, आदर्श शुक्ला, सिद्धार्थ सिंह, राज वर्मा, दीपक यादव, आदित्य शर्मा, आदित्य यादव, वैस नवी, काजल की आदि रहे इसी प्रकार राम आएंगे।

## डीएम के जनता दर्शन में हुआ समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनता दर्शन के दौरान दर्ज शिकायतों में शिवराम, सतमोहली को बी0पैक्स लि0-बरैया से 2 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध कराई। तो वहीं बलराज, खिजिरपुर के मामले में ग्राम में जाकर चकबन्दी प्राधिकारियों ने पैमाइश कर कब्जा दिलाया गया। राजकुमारी, पकरियापुर को पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्रता अनुसार आवास हेतु ऑनलाईन सूची में नाम सम्मिलित कर लाभ प्रदान किये जाने को लेकर निर्देशित किया गया। इसके अलावा मथुरा प्रसाद, मानपुर के शिकायती पत्र पर राजस्व, चकबन्दी और पुलिस टीम की उपस्थिति में अवैध निर्माण हटवाया गया। तथा अधिकारियों द्वारा सभी मामलों में फोटोग्राफ और स्थल मेमो संलग्न कर निस्तारण की पुष्टि की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी शिकायत को अनसुना नहीं किया जाएगा। और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी अधिकारी की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

## 1 ओवरलोड व 2 प्राइवेट वाहन का कामर्शियल प्रयोग मिलने पर सीज



**बाराबंकी।** बकाया टैक्स, परमिट, बिना फिटनेस के धड़ल्ले से सड़को पर संचालन करने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। इस दौरान ओवरलोड़ एंव प्राइवेट का कमर्शियल उपयोग मिलने पर वाहनो को सीज किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने आज बृहस्पतिवार को चेकिंग के दौरान 1 ओवरलोड़ व 2 प्राइवेट वाहनो का कमर्शियल उपयोग मिलने पर थाने मे निरुद्ध किया। तथा 1 बस यू0पी 32 डीएन 9160 का चालान किया।

## पर्यटन व महिला सशक्तीकरण को मिली नई दिशा: अंगद सिंह

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए सभागार उत्तर प्रदेश होम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) नीति-2025 पर संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे एमएलसी श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार नीति और नियत दोनों स्पष्ट कर रही है।



जिसके सकारात्मक परिणाम रोजाना दिखाई दे रहे हैं। सीडीओ श्री सुदन ने बताया कि नई नीति से न केवल पर्यटकों को उत्कृष्ट आवासीय सुविधा मिलेगी। बल्कि जिले की अर्थव्यवस्था में भी नई रोजगार संभावनाएं उत्पन्न होंगी। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में पर्यटन क्षेत्र में एक लाख कक्षों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में पर्यटन क्षेत्र में एक लाख कक्षों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है।

इस दौरान महिला एवं बाल विकास से जुड़े प्रमुख संकेतक जैसे लिंगानुपात, बाल विवाह, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं व बच्चों पर होने वाली हिंसा पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को प्रमाणपत्र और उपहार एंव गोद भराई के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की गई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, सहायक पर्यटन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, दो गिरफ्तार

**बहराइच।** थानाध्यक्ष खैरीघाट मय हमराह थाना क्षेत्र मे शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्र मे मामूर थे कि वैवाही चौकी रामपुर धोबीयाँहार के पास जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि एक बाइक पर 03 सवार चोरी का सामान लेकर मुर्तिहा की तरफ जा रहे है, इस सूचना पर थानाध्यक्ष मय हमराह उनका पीछा किया गया तथा जरिये दूरभाष प्रभारी निरीक्षक मुर्तिहा को उक्त के संबध अवगत कराया गया जो उर्रा मोड़ थाना मुर्तिहा के पास मय हमराह मिले और बाइक सवारों का पीछा किया गया, थाना मुर्तिहा के उर्रा से नवगना मार्ग पर हरिबाबू बगिया के पास तीनो बाइक सवार मिले। जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, अपने बचाव में पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई से 01 अभियुक्त को दाहिने पैर मे गोली लगी तथा 02 अन्य को मौके से भागते समय पुलिस टीम द्वारा घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया, नाम पता पूछने पर घायल अभियुक्त का नाम छैलू उर्फ छैलबिहारी पुत्र राधेश्याम चौहान निवासी बंशीबेली मजारा कैरातीपुरवा थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी तथा 02 अन्य गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम 1. अरुण पुत्र बेचन नि0 टीकुरी दा अर्नवा थाना खैरीघाट बहराइच, 2. तुलसी राम पुत्र असर्फी लाल प्रजापति नि0 भंडारीपुरवा दा0 अर्नवा थाना खैरीघाट बहराइच बताया गया। इनके पास चोरी से संबंधित पीले और सफेद धातु के



आभूषण, नगद 17600 रुपए, एक तमंचा 12 बोर और एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, तीन मोबाइल एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। इनके द्वारा मोतीपुर क्षेत्र में कई चोरिया करने की बात प्रकाश में आई है, जिनका विवरण गहराई से पूछताछ से स्पष्ट होगा, प्राथमिक पूछताछ से स्पष्ट हुआ है कि यह चोरों का एक सक्रिय गिरोह है। घायल अभियुक्त छैलू लखीमपुर के थाना ईशानगर का हिस्ट्रीशीटर भी है, इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। घायल अभियुक्त को तत्काल थाना मुर्तिहा पुलिस द्वारा सीएचसी मिहीपुरवा भेजा गया है, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। घटनास्थल पर पुलिस बल उपस्थित है, आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## आईजी अयोध्या ने मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**बाराबंकी।** पुलिस लाइन सभागार मे पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या प्रवीण कुमार ने समस्त थाना परिसर में महिलाओं को समर्पित मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी मे आईजी अयोध्या ने महिला अपराध/उत्पीड़न से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करने के लिए थाने पर महिला केन्द्रित कार्यप्रणाली स्थापित करते हुए थाने में पीड़िता के आगमन से लेकर पुनः मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णतः सशक्त होने तक काउंसलिंग, मार्गदर्शन, सहयोग और संरक्षण सम्बन्धी सेवाएं प्रदान करने हेतु एकल सम्पर्क बिन्दु के रूप में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रावण बाणासुर संवाद सुन रोमांचित हुए दर्शक



**बहराइच।** श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में शहर के बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों ने रावण-बाणासुर संग्राम का शानदार मंचन किया। मिथिला के राजा जनक के आमंत्रण पर राम- लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक के यहां सीता स्वयंवर में पहुंचते हैं। राम, लक्ष्मण के सौंदर्य को देख वहां सभी मोहित हो जाते हैं। इसी बीच लंकापति रावण बिना आमंत्रण सीता स्वयंवर में पहुंचता है।

यह देखकर सभापति बाणासुर रावण का परिचय पूछते हैं। बाणासुर के रावण से परिचय पूछते ही वह क्रोध से तमतमा उठता है और फिर यहीं से रावण और बाणासुर का संवाद शुरू होता है। लंकापति रावण सीता स्वयंवर के लिए आमंत्रण न मिलने पर राजा जनक पर क्रोधित होता है। निमंत्रण न दिए जाने का कारण पूछता है। जनक कहते हैं कि समुंदर पार लंका जाना संभव नहीं था। इसीलिए निमंत्रण नहीं भेज सके। तो रावण और क्रोधित हो जाता है और कहता है कि अगर आप ने समुद्र में एक पत्र भी डाल दिया होता तो समुंद्र में इतना साहस नहीं होता कि हम तक वह न पहुंचा देता। उसके पश्चात सीता स्वयंवर में आये रावण सहित तमाम राजाओं ने धनुष तोड़ने की पूरी कोशिश की, पर वह हिला तक ना सके। राजा जनक की चिंता बढ़ जाती है। अंत में प्रभु श्री राम की बारी आती है और वह शिव के धनुष को उठाकर खंडित कर देते हैं। धनुष टूटते ही समूचा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता है। तत्पश्चात माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले मे वरमाला डाली। पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, जय जय अग्रवाल, कमल शेखर गुप्ता, सन्तोष अग्रवाल, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयान उपाध्याय के व्यक्तित्व आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी विषय पर गोष्ठी आयोजित

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी विषय पर एक संगोष्ठी जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह रहे। मंच का संचालन जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष व मुख्य अतिथि के द्वारा महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष के द्वारा अध्यक्षीय स्वागत भाषण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व पर विचार रखते हुए कहा के पंडित दीनदयाल जी एकात्मक मानववाद के प्रणेता थे उन्होंने ही अंत्योदय की कल्पना की थी। कि देश का विकास तभी संभव होगा जब हमारे देश का गरीब व्यक्ति का उत्थान होगा। मुख्य अतिथि ने बताया कि पंडित दीनदयाल जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के चंद्रभान गांव में हुआ था उनके पिता का



नाम भगवती प्रसाद और माता का नाम रामप्यारी था बचपन में उनके माता-पिता का देहांत हो जाने के कारण उनके मामा ने ही उनका पागल पोषण किया था।

पंडित दीनदयाल जी एक राजनीतिक विचारक होने के साथ-साथ साहित्य कार, अनुवादक ,व पत्रकार भी थे। 1937 में राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़े, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का व्यतित्व बहु आयामी था। पंडित दीनदयाल जी केवल राजनेता ही नहीं बल्कि उच्च कोर्ट के विचारक लेखक व साहित्यकार भी थे। उन्होंने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक ,व दार्शनिक, एवं शैक्षिक ,चिंतन वर्तमान में उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता के समय थे। उन्होंने श्रेष्ठ एवं शक्तिशाली रूप में एक विकसित राष्ट्र की कल्पना की थी। आज के युवा छात्र व शिक्षक दोनों ही उनके ही व्यतित्व से विभिन्न रूप में प्रेरणा ले सकते हैं। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग शिक्षा होती है। जब भी राष्ट्र की चर्चा की जाती है तो उसमें शिक्षा का स्थान सर्वोपरि होता है। विश्व के किसी राष्ट्र का विकास शिक्षा के बिना संभव नही है। किसी राष्ट्र के निवासी किस प्रकार की शिक्षा ग्रहण करते हैं व कैसी सोच रखते हैं व अपने राष्ट्र व संस्कृति के प्रति क्या भावना रखते हैं। यह उस राष्ट्र के उन्नत का सबसे महत्वपूर्ण लक्षण है। पंडित दीनदयाल जी ने राष्ट्र की आज स्थित पर उसकी कल्पना दशकों पहले कर ली थी। उन्होंने ही एकात्म मानववाद व अंत्योदय की कल्पना की थी।

## बच्चों को बतायें घर की थाली का महत्व

**बहराइच।** बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए जंक फूड जंक फूड की और आकर्षित हुए बच्चों को वापस अपने घर की थाली की महत्ता को बताते हुए जंक फूड को अवॉइड करिए और बॉडी का स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क इश्क का विकास होता है इसकी महत्वता को बताते हुए एनालाइज किया और बच्चों के साथ-साथ वहां के टीचर्स और प्रिंसिपल ने भी पूरा सपोर्ट किया और उन्होंने भी अपने स्वास्थ्य की जानकारी लिया और पूरी जानकारी लेते हुए इस कार्य को शांतिपूर्वक और रुचि पूर्वक कार्य करते हुए बच्चों ने और टीचरों ने हां के अन्य स्टाफ लोगों ने भी इसके प्रति अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाई का इस कार्य को बुरी बुरी प्रशंसा किया और छोटे-छोटे घर के घरेलू नुक्से के द्वारा कैसे हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं छोटी-छोटी बातों को भी बड़े-बड़े ध्यान से सुना।

अपने जीवन में दिनचर्या बिजी होते हुए भी उसको अपने जीवन में दूर होकर घरेलू नुक्से पर फोकस करके स्वस्थ रहेंगे और अपने बच्चों को भी स्वस्थ बनाएंगे ऐसा वादा करके कार्यक्रम को शांतिपूर्वक समाप्त किया।

## 113 विवाह और 4 निकाह को कराया गया सम्पन्न



**बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा नवीनगल्ला मण्डी में 14वां सामूहिक विवाह व निकाह समारोह गायत्री परिवार द्वारा देर शाम सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें 113 विवाह एंव 4 निकाह सम्पन्न हुये। विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने फीता काटकर किया। तथा वर वधू को आशीर्वाद देते हुये कहा कि ऐसे समारोह प्रत्येक जनपद में आयोजित होने चाहिए। करीब ढाई घण्टे कार्यक्रम में पुरोहितों द्वारा विधि विधान से विवाह की रस्मे पूरी कराई गई। जिसके पश्चात सभी जोड़ो को भाकियू पदाधिकारियों द्वारा उपहार देकर विदा किया गया।

समारोह मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन, खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चन्द शर्मा, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, काग्रेस सांसद तनुज पुनिया, सदर विधायक सुरेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह आदि ने वर वधू को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संक्षेप

## पं. दीनदयाल को अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जन संघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर भाजपा के कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। इस अवसर पर भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि उनकी जन्म जयंती 25 सितंबर अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह दिन भारतीय समाज में गरीबों और वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पण को दशार्ता है। भाजपा विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का अर्थ है अंतिम व्यक्ति का उदय अर्थात समाज के सबसे गरीब और पिछड़े व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाना है। भाजपा सभासद कैलाश बाजपेई ने कहा कि 1960 और 1970 के दशक में, उन्होंने अपनी विचारधारा के माध्यम से गरीबों के सशक्तिकरण और आर्थिक सुधार पर जोर दिया। इसके अलावा भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता, बाबू तिवारी, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, शिवम गुप्ता, राघवेंद्र सूर्यवंशी, आदि कार्यकर्ताओं ने भी पंडित दीनदयाल जी की जन्म जयंती मनाते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

## पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्राधिकारी अमित सिंह और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के पर्यवेक्षण के तहत बहाई गांव में मिशन शक्ति पुलिस को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महिला पुलिसकर्मियों ने गांव की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उपनिरीक्षक अर्चना यादव ने महिलाओं को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति पुलिस एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ किया है, जिसके तहत प्रदेश के सभी 1,647 पुलिस थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी बढ़ाई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया यह पहल उप्र को महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सशक्त प्रदेश बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ब्लॉक संसाधन केंद्रों में आयोजित हुआ गणित ओलम्पियाड

**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में गणित के प्रति रूचि बढ़ाने व उनकी योग्यता के आधार पर विषय में निपुण करने के आधार पर गरुवार को जिले सभी ब्लॉकों में गणित ओलम्पियाड आयोजित कराया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में हरविद्यालय के दो बच्चों ने प्रतिभाग किया। राही ब्लॉक के बच्चों की प्रतियोगिता बीआरसी परिसर मुंशीगंज में आयोजित कराई गई। अमावां में एआरपी सतीश चौरसिया के नेतृत्व में गणित ओलंपियाड कराया गया। राही के बीइओ बृजलाल वर्मा के निर्देश में मुंशीगंज परिसर में परीक्षा का आयोजन कराया गया। बीआरसी परिसर में आयोजित परीक्षा में 106 इतने बच्चों ने प्रतिभाग किया गया। इसमें से महज दस बच्चों का चयन किया गया है। रोहनिया ब्लॉक में गणित ओलंपियाड की विकास खंड स्तरीय परीक्षा बीआरसी रोहनिया में संपन्न कराई गई।

# अदिति सिंह ने साधन सहकारी समिति के मरम्मत कार्य का किया लोकार्पण

### एम-पैक्स सदस्यता महाभियान-2025 में किसानों से किया संवाद



**रायबरेली।** रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने ग्रामीण विकास को गति देने वाली महत्वपूर्ण पहलों को आगे बढ़ाते हुए विकास खंड अमावा स्थित दुसौती साधन सहकारी समिति के जीर्णोद्धार कार्य का औपचारिक लोकार्पण किया। यह कार्य कायाकल्प योजना के तहत क्षेत्र पंचायत निधि से पूरा किया गया है, जो विधायक अदिति सिंह के अथक प्रयासों और स्थानीय जनता के प्रति उनके समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस लोकार्पण से न केवल समिति की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि आसपास के सैकड़ों किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, किसानों और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विधायक अदिति सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ₹सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनका मजबूत होना ही ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है। कायाकल्प योजना के माध्यम से हमने सदर विधानसभा के सभी विकास खंडों की समितियों का जीर्णोद्धार सुनिश्चित किया है, ताकि किसान भाइयों को समय पर खाद, बीज और ऋण जैसी सुविधाएं बिना किसी रुकावट के मिल सकें।₹ उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि यह प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सहकारिता से समृद्धि' के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है।

लोकार्पण के बाद विधायक सिंह विकास खंड अमावा के दुसौती और विकास खंड राही के बेलाभेला में सहकारी समिति द्वारा आयोजित 'एम-पैक्स सदस्यता महाभियान-2025' की संगोष्ठी में शरीक हुईं। इस महाभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य में बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (एम-पैक्स) की सदस्यता को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और किसानों को सहकारिता की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि उन्हें मात्र 3 प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन ऋण, फसली ऋण (3 लाख तक) और कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जा सकें। संगोष्ठी में विधायक अदिति सिंह ने सहयोगियों, किसानों और ग्रामीण युवाओं से विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा, ₹यह महाभियान सहकारिता को सशक्त बनाकर ग्रामीण विकास की नई दिशा तय करेगा। एम-पैक्स के माध्यम से हम न केवल आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करेंगे, बल्कि सामाजिक समानता और पारदर्शी लेन-देन को भी बढ़ावा देंगे। रायबरेली सदर जैसे क्षेत्रों में जहां कृषि मुख्य जीविका है, वहां यह अभियान क्रांति लाएगा।संगोष्ठी में उपस्थित किसानों ने अपनी समस्याओं को साझा किया, जिनमें खाद-बीज वितरण में पारदर्शिता और ऋण सुविधाओं में सरलीकरण प्रमुख थे। विधायक ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## फार्मेसी संकाय में मनाया गया थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट कार्यक्रम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फैकल्टी ऑफ फामेर्सी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका थीम थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट रखा गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक प्रो. महेश प्रसाद ने किया व मुख्य अतिथि चीफ फार्मासिस्ट, भारतीय रेलवे केशव गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरु आत की। कार्यक्रम के दौरान सभी ने बताया कि आज हम विश्व फार्मासिस्ट दिवस जिसकी इस वर्ष की थीम थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट है, जो फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। फार्मासिस्टों के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने और उनकी सराहना करने का दिन है। फार्मासिस्ट हमारे स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ हैं, जो न केवल दवाएं प्रदान करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य सलाह व मार्गदर्शन भी देते हैं। फार्मासिस्टों का काम बहुत विस्तृत है, जिसमें दवाओं की आपूर्ति, रोगी शिक्षा, और स्वास्थ्य संवर्धन शामिल है। वे हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही संस्थान में इस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने रंगोली, पोस्टर प्रेजेंटेशन, स्लोगन लेखन, फार्मा क्विज, पोएट्री लेखन, मॉडल मेकिंग, आदि में हिस्सा लिया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत बस स्टॉप व गलियों में की गयी सफाई



**बछरावां, रायबरेली।** नगर पंचायत बछरावां में आज सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान बछरावां नगर पंचायत के बस स्टॉप व चंद्रिका नगर, नगर की गलियों में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर को 2 अक्टूबर तक पूरे देश में चलाया जा रहा है इसके तहत संस्थाओं द्वारा भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने आम जनमानस से नगर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने की अपील की जिससे नगर वासियों को किसी कठिनाई का सामना ना उठाना पड़े। अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि हमारे जीवन के लिए स्वच्छता बहुत अधिक महत्वपूर्ण है इससे ही बीमारियों व महामारी से बचा जा सकता है और इसके साथ ही नगर वासियों से अपील की कि यह नगर आपका है सभी नगरवासी नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान करें। इस स्वच्छता अभियान के मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर, वरिष्ठ सभासद कुंवर वीरभान सिंह सहित अन्य सभासद, स्वयंसेवी, नगर पंचायत कर्मी वह नगर के समाजसेवी व्यक्ति मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एनटीपीसी में चला विशेष क्लीनलाइनेस टारगेट यूनिट अभियान

**रायबरेली।** भारत सरकार के निदेर्शानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आज एनटीपीसी ऊँचाहार द्वारा मार्केट क्षेत्र में क्लीनलाइनेस टारगेट यूनिट अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी ऊँचाहार के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक डी. के. साहू, एस. हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा सहित अन्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान सुबह एक घंटे का श्रमदान किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान कई टन कचरा एकत्र कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से बाहर ले जाकर निस्तारित किया गया। विशेष रूप से, अभियान की ह्लबिफोर एवं आफ्टरह्व फोटोग्राफी भी कराई गई। अभियान के उपरांत पूरा क्षेत्र स्वच्छ एवं आकर्षक दिखाई दिया, जिसे देखकर स्थानीय लोगों में हर्ष और संतोष की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। एनटीपीसी ऊँचाहार न केवल विद्युत उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि अपने नैगम सामाजिक दायित्वों के प्रति भी सतत सजग एवं प्रतिबद्ध है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने रायबरेली में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत किया निरीक्षण

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक तरुण गाबा ने पुलिस कार्यालय के किरण बहुद्देशीय हॉल में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों ने भाग लिया।

गोष्ठी के दौरान पुलिस महानिरीक्षक श्री गाबा ने मिशन शक्ति फेज-5 के सुचारु संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मिशन शक्ति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने और विशेष रूप से महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को मिशन शक्ति से संबंधित जानकारी देने के लिए पंपलेट भी वितरित किए, ताकि समाज में महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता को और बढ़ाया जा सके। गोष्ठी के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक ने थाना बछरावां स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र की कार्यप्रणाली, वहाँ उपलब्ध सुविधाओं और प्रभारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मिशन शक्ति केन्द्रों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रभारियों को प्रोत्साहित किया और आवश्यक सुधारों के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ( नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति, सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।

**पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा**

निरीक्षण के बाद तरुण गाबा ने थाना बछरावां क्षेत्र में पैदल गश्त भी की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के माध्यम से उन्होंने स्थानीय लोगों से भी संवाद किया और मिशन शक्ति अभियान के प्रति उनकी जागरूकता को परखा।

## पूर्व विधायक और सांसद पुत्र ने लकी ट्रेडर्स एंड फर्नीचर महल का किया उद्घाटन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के सपाही गांव में स्थित लकी ट्रेडर्स एंड फर्नीचर महल का गुरुवार को भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठान बिरसिंहपुर बगिया गांव सड़क मार्ग पर स्थित है। उद्घाटन कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अरुण वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि उनके साथ संसद सदस्य के पुत्र प्रवीण निषाद ने भी फीता काटकर इस व्यावसायिक प्रतिष्ठान का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के व्यवसायिक प्रतिष्ठान खुलने से क्षेत्र की जनता को बहुत सारी सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। सांसद पुत्र प्रवीण निषाद ने भी प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम है। कार्यक्रम में प्रतिष्ठान के संचालक मोहम्मद इस्माइल, मो. शाहिद ने अतिथियों का स्वागत किया। जिस पर आए हुए अतिथियों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की और व्यवसाय के सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रोहित पाठक, वैभव सिंह, प्रधान गंगाराम वर्मा, मो.इसरायल सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। समारोह में लोगों का उत्साह देखते ही बनता था और क्षेत्रीय जनता ने इस नए प्रतिष्ठान का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## छात्राओं, महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया सतर्क

मुंशीगंज ,अमेठी। महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,परतोष में वृहस्पतिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छात्राओं को प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मुश्किल में छात्राएं हेल्पलाइन नंबर डायल करें, मदद जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090,1930,181 व 112 , 1076 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दें। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्प डेस्क है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल सीमा मौर्या ने छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित कर उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान परतोष चौकी प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह, महिला कांस्टेबल पिंकी पाण्डेय, सीमा मौर्या,डाली तोमर, वंदना यादव,कालेज के प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा, शिक्षक राजेन्द्र मिश्र,सहित समस्त महिला शिक्षिका मौजूद रही।

## मां कालिका धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी ।** सुबह 8 बजे शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन को संग्रामपुर स्थित आदि शक्तिपीठ मां कालिका धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। तड़के चार बजे से ही भक्त कतारबद्ध होकर माता के दर्शन के लिए पहुंचने लगे। मंदिर परिसर में ₹जय माता दी₹ के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। मंदिर प्रबंधन की ओर से आज मां कालिका का विशेष श्रृंगार नींबू से किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भक्तजन माता को नारियल, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं। मां कालिका पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि नवरात्रि का मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन पूजा-अर्चना करने से सभी प्रकार के रोगों और कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि मां कालिका धाम एक सिद्ध पीठ है, जहां भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि मां कालिका के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। अमेठी जिले के अलावा प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लेकर देश-विदेश तक से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। धाम में भक्तों की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा और व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया है।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में डीवीए ने मारी बाजी, खिलाड़ियों ने दिखाया जज्बा

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकदिवसीय जूनियर वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने किया। प्रतियोगिता का संचालन क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर की अगुवाई में संपन्न हुआ।

वॉलीबॉल में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद डीवीए ने फाइनल में केशकुमारी को 2-1 से हराकर खिताब जीता। मैच में श्रद्धा, प्रियाशी, रिया, काजल और कशिश ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, हैंडबॉल में कुल 9 टीमों के बीच मुकाबले हुए। फाइनल में स्टेडियम की टीम ने लिटिल एंजेल को 13-10 से मात दी। वैभव सिंह, कृष्णा, मेहताब और विजय नारायण सेन ने खेल के दौरान बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस में भी खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। बालिका सब-जूनियर वर्ग में मधु ने आफिया बानो को 3-0 से हराया, जबकि जूनियर वर्ग में आसना ने कायनात को 3-1 से मात दी। डबल्स मुकाबलों में अरुणिमा-अंजल और अरिफा-श्रेयसी की जोड़ी विजेता रही।

बालक वर्ग में नैतिक, अमर भीम और दानियाल-अब्दुल की जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि रोजगार और करियर का भी बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से मेहनत और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विजेताओं को उनकी पुरस्कार राशि आरटीजीएस के माध्यम से सीधे खाते में भेजी जाएगी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत




**लालगंज, रायबरेली।** बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे और सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक कैलाश वाजपेई के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता और गणित व वैदिक गणित प्रतियोगिताओं के सफल रहे बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अनूप पांडे ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से जहां बच्चों का जीवन स्वस्थ रहता है वही भविष्य में खेलकूद के सहारे आगे बढ़ने का भी सुंदर चांस मिलता है। कैलाश वाजपेई ने कहा कि स्कूल के बच्चों ने गणित व वैदिक गणित की संकुल प्रतियोगिता में भाग लेकर सराहनीय कार्य किया था। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया है। मेधावी बच्चों को मैडल प्रदान करने के साथ-साथ अन्य सामग्री देकर प्रबंधन वर्ग ने उनका मनोबल बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है। खेलकी प्रतियोगिताएं प्रादेशिक स्तर पर सीतापुर में हुई थी और वैदिक गणित की प्रतियोगिता संकुल स्तर पर लालगंज सरस्वती विद्या मंदिर में हुई थी। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में प्रशांत बाजपेई, कीर्ति सिंह, छवि बाजपेई, अनमोल मिश्रा, आराध्या सिंह , आर्या सिंह, साक्षी सिंह, कुशाग्र, अक्षत, केशव प्रताप सिंह, माही गुप्ता ,अवनी मौर्य ,अक्षित मौर्य, वरुण प्रताप, कृष्णा शुक्ला, रिद्धि विश्वकर्मा, आद्या मिश्रा, रिया यादव, संस्कृति , आदित्य राज, आराधना मिश्रा, अक्षय द्विवेदी शामिल रहे। इस मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता को कराने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर सुशील शुक्ला, राघवेंद्र सूर्यवंशी, कौशलेंद्र कंचन, मनोज अवस्थी, बाबू तिवारी सहित प्रधानाचार्य सुरेश पाठक ,रमेश मिश्रा ,जगदेव प्रसाद ,रामशरण अग्निहोत्री, रमेश बाजपेई, रामनारायण ,सुरेश ,अशोक कुमार ,दिवाकर सिंह, शालिनी, दिव्यांशी, शिवांकरी, आर्या, शिवांगी ,लक्ष्मी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य ने किया आरेडिका व फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य ( उत्पादन इकाई ) सीताराम सिंकू ने दौरा किया। श्री सिंकू ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री सिंकू ने फर्निशिंगशॉप के प्रांगण में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत राष्ट्रव्यापी श्रमदान की थीम एक दिन एक घण्टा एक साथ को गति देने के लिए आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।अपर सदस्य ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया और इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों से मशीन की कार्यप्रणाली के संबंध में बातचीत की। उन्होने आरेडिका में निर्मित होने वाले पहले वन्देभारत के रेक को देखा तथा इसके निर्माण को गति देने के लिए कहा। आगे इसी क्रम में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को बढाने एवं प्लाण्ट की अवसंरचना के विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया। उन्होने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के संबंध में कहा कि यह भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण उत्पादन इकाई है। इसका संचालन निरन्तर होता रहे इसके लिए भारतीय रेलवे कृत संकल्पित है। इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राकेश राज पुरोहित, पीएफए बीएल मीना, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, सहित फोर्ज्ड व्हील प्लांट के सीडवल्यूएम मनोज कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गोष्ठी संपन्न

**गौरीगंज, अमेठी।** राष्ट्रचिंतक, एकात्म मानववाद के युगद्रष्टा और भारतीय राजनीति के नैतिक आलोक स्तंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के पावन अवसर पर आज गौरीगंज स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में एक भावपूर्ण, विचारोत्तेजक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे वरिष्ठ विचारक व भाजपा नेता सीता शरण त्रिपाठी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन भारतीय मनीषा की उस धारा से उपजा है,जो व्यक्ति को न केवल शरीर, मन और बुद्धि के धरातल पर समझती है,बल्कि आत्मा के स्तर तक उसका आलोक करती है। 'एकात्म मानववाद' केवल एक विचार नहीं,यह भारत की आत्मा की पुकार है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सुधांशु शुक्ला जी ने कहा कि ₹दीनदयाल जी के विचारों में वह तत्व छिपा है, जो राजनीति को सेवा



का पर्याय बनाता है। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए तपस्या था, और उनके सिद्धांत आज भी हर कार्यकर्ता के पथ को आलोकित करते हैं।

गोष्ठी में उपस्थित और आमजनों ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कृतज्ञ श्रद्धांजलि दी। उनके जीवन-दर्शन,भारतीय संस्कृति की आत्मा से जुड़ी विचारधारा और स्वावलंबी भारत की संकल्पना पर सारगर्भित विमर्श हुआ। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, वैचारिक गहराई और राष्ट्रभक्ति की भावना से आप्लावित रहा। वक्ताओं के शब्दों में दीनदयाल जी की आत्मा की पुकार सुनाई दी एक ऐसा भारत जो आत्मनिर्भर हो, समरस हो, और सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण हो। यह गोष्ठी न केवल स्मरण का अवसर थी,अपितु आत्ममंथन और नव संकल्प की चेतना का उद्गम भी सिद्ध हुई।प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी का संचालन भवानी दत्त दीक्षित ने किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, जिला महामंत्री केशव सिंह, विषुव मिश्रा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, जिला मंत्री अतुल जिला मंत्री प्रभात शुक्ला,जिला मंत्री मनोज जायसवाल, दिनेश तिवारी ब्राह्मण महासभा, गौरव सिंह,मनोज तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष,अजय दुबे पूर्व मंडल अध्यक्ष, मनोज पासी मंडल अध्यक्ष जामों निमिषा त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष भेंटुआ, अवधेश गौर, राकेश सिंह अमिया,अजय सिंह गौर मंडल अध्यक्ष गौरीगंज,रामगोपाल कौशल मंडल अध्यक्ष मुसाफिरखाना, महेंद्र मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष मुसाफिरखाना, सनी दुबे, उमा रमण सिंह जिलामंत्री, अभिषेक कौशिक जिपं सदस्य, सुर्यनारायण तिवारी, हिन्देश सिंह, रणवीर सिंह मंडल अध्यक्ष, विद्यमान तिवारी,शेखर तिवारी मण्डल अध्यक्ष, सुरेश तिवारी जय शंकर त्रिवेदी मुन्ना सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय युवा कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**कूरेभार, सुलतानपुर ।** भारतीय युवा कांग्रेस ने गुरुवार को कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने युवाओं की बेरोजगारी, शिक्षा, विकास कार्यों की अनियमितता तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। धरना प्रदर्शन के बाद युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानस तिवारी ने 10 सूत्रीय मांग पत्र पढ़कर बीडीओ को सुनाया और ज्ञापन सौंपा। इन बिंदुओं में ड्रोन की अफवाह से उपजी भ्रांतियां, अपूर्ण विकास कार्य, शौचालय निर्माण में गड़बड़ी, पात्र गरीबों को राशनकार्ड न मिलना, ग्राम सभाओं में हो रही लापरवाही, युवाओं के लिए रोजगार सृजन की कमी जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। युवा कांग्रेस की इस पहल को जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने पूरी तरह समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव की समस्याओं को उठाकर आम जनता की लड़ाई लड़ते रहेंगे। बीडीओ ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं के समाधान का हर संभव आश्वासन दिया। धरना स्थल पर माहौल जोशीला रहा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जनता बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है और जिम्मेदार विभाग समाधान में असफल हो रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, बरुण मिश्रा, तेज बहादुर पाठक, राजेश तिवारी, राधेश्याम पांडेय, नफीस पठान, आमिर पठान, प्रदीप सिंह, अभिषेक पांडेय, स्लालुद्दीन, राहुल तिवारी, श्याम बहादुर यादव, रणजीत सिंह सलूजा, अतुल यादव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## सड़क दुघर्टनाओं में दो युवकों की मौत

**मथुरा।** जनपद के दो थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुघर्टनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हाईवे अंतर्गत गांव तंतूरा निवासी 39 वर्षीय आकाश पुत्र रामनिवास की गांव के पास हुई सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। वहीं थाना छाता अंतर्गत गांव खानपुर निवासी 45 वर्षीय हवीव पुत्र महमूद की गत सांय सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस में मृतकों का पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम गृह भेजा है।

## फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कूरेभार, सुलतानपुर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025,नुक्कड़ नाटक व रैली के माध्यम से दिया गया जागरूकता संदेश स्पेक्ट्रम हाई फामेर्सी कॉलेज के छात्रों ने की सहभागिता कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्पेक्ट्रम हाई फामेर्सी कॉलेज, जमौली कूरेभार के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें छात्रों ने आमजन को स्वास्थ्य और दवाओं के सही उपयोग के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने बताया कि फार्मासिस्ट समाज के स्वास्थ्य तंत्र की अहम कड़ी हैं और दवाओं के सुरक्षित उपयोग में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

## विवाहिता ने लगायी फांसी

**मथुरा।** छाता कोतवाली क्षेत्र के नगला बिरजा गांव में एक महिला ने आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगला बिरजा गांव में कुल्लामल पेट्रोल पंप के पास स्थित कॉलोनी में 25 वर्षीय शारदा पत्नि पदम ने घर में फंसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसने अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। छाता थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कमलेश सिंह ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संस्कृति विवि में मना आयुर्वेद दिवस




- **आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल की टीम ने गांव-गांव जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये**

**मथुरा।** संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल द्वारा सात दिवसीय आयोजनों के साथ 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस दौरान बॉडी पेंटिंग, डिबेट. प्रकृति व्याख्या, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन, आयुर्वेद आहार, क्विज, रील मेकिंग, मिनी एक्सपो का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल की टीम ने गांव-गांव जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। 10वें आयुर्वेद दिवस पर विवि के संतोष मैमोरियल हाल में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन आयुर्वेदिक फामोकोपियर कमेटी आयुष मंत्रालय प्रो.डा. विनोद कुमार जोशी द्रव्यगुन के अंतर्गत औषदीय पौधों से तैयार होने वाली औषधियों उनके रोपण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ठ अतिथि प्रो. डा. सीएसआर प्रभु ने योग और उसके महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर छात्र अभिनव और उनके साथियों ने कालांतर आयुर्वेद पर सशक्त नाट्य प्रस्तुति दी। इसी प्रकार बीएएमएस के प्रथम वर्ष के छात्रों ने आधारणीय वेगों पर प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी। छात्रा कीर्ति, छात्र देवांश और अदिति ने मानसिक शांति और स्वास्थ्य पर संभाषणों से विद्यार्थियों को जागरूक किया। छात्रा मुस्कान और उनके साथियों ने राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. मोहनन ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालनन छात्रा अपूर्वा, धर्मिता और खुशी ने किया। आयुर्वेद दिवस को लेकर किए गए सभी कार्यक्रमों के संयोजन में संयोजन डा. एकता कपूर, डा. प्रशांत और डा. सुरभि का विशेष योगदान रहा। सांस्कृतिक और स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत 10वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रमों के उपलक्ष्य में संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयुर्वेदिक आहार निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में आयुर्वेदिक पोषण, संतुलित आहार और पारंपरिक आयुर्वेदिक आहार पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत व्यंजनों का मूल्यांकन प्राचार्य आदरणीय डॉ. एम. मोहनन और डीन (होटल प्रबंधन विभाग) रतीश शर्मा ने किया। यह आयोजन स्वस्थवृत विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिनके मुख्य आयोजक डॉ. शिप्रा पांडेय, डॉ. अशिम और डॉ. आकांक्षा हीर थे। शरीर रचना विभाग द्वारा एक अनूठी बॉडी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य आयुर्वेद और मानव शारीरिक संरचना (एनाटॉमी) के बीच संबंध को उजागर करना था। इस प्रतियोगिता में 20 समूहों ने भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से शरीर विज्ञान (एनाटॉमी) और आयुर्वेद के महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाया। प्रतियोगिता में शरीर रचना विभाग से डॉ. सुरभि और डॉ. अनिता ने सभी छात्रों को आयुर्वेद और शारीरिक संरचना के महत्व को लोगों तक पहुँचाने के लिए अपने विचार साझा किए।

## पटवध पुल के निर्माण का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह ने गुरूवार को घाघर सेतु पर 18 करोड़ से पटवध पुल का किये गये निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने पटवध पुल की तकनीकी को बारीकी देखे, तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि पुल निर्माण में अभी कार्य कराया जाना है, जिस पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द अधूरे कार्य को पूरा करने के निर्देश दियें, कहा कि निर्मित पुल के अवशेष कार्य को पूरा कराते हुए भारी वाहनों के आवागमन को जल्द से जल्द चालू कराया जाये, पुल के अवशेष फिनिसिंग कार्य को गुणवत्तायुक्त सामग्री का प्रयोग कर पूरा किया जाये, जिससे भारी वाहनों का संचालन सफलता पूर्वक किया जा सकें। श्री सिंह ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था व ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि पुल के अवशेष कार्य को माह जनवरी, 2026 तक हर हाल में पूरा करा दिया जाये, जिससे जल्द से जल्द पुल से भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चालू किया जा सके। पुल से आने-जाने वाले रोड का भी निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि निमार्णाधीन सड़क को भी निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत पूरा कराया जाये।

## छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चला कर दिया स्वच्छता का संदेश



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र छात्राओं ने कालेज प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा दिवस पर स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं स्वच्छता के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई करके बीमारियों से बचने के अनेक उपाय बताए। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने कहा कि हमें अपने वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। यदि वातावरण स्वच्छ रहेगा,तो हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छता रखना प्रत्येक नागरिकता का कर्तव्य है, क्योंकि स्वच्छता और स्वस्थता एक ही सिक्के के दो पहलू है। स्वच्छता ही हमें अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करती है। इसलिए हमें स्वच्छता को अपना उद्देश्य बनाकर समाज एवं राष्ट्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर गोकुल चंद्र गौतम आलोक उपाध्याय अजय कुमार सुरेश पचौरी शीर ध्वज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## राम सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस

**टूंडला।** राम सिंह कॉलेज ऑफ फामेर्सी नगला सिकंदर फिरोजाबाद में वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताऐं जैरो रंगोली क्यूज स्पीच काफ्ट व वेस्ट मटेरियल का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में विद्याथीयों ने भाग लिया। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक डॉ०डी०पी० सिंह और प्रधानाचार्य डॉ० बी०पी० सिंह ने स्वास्थ्य और फार्मासिस्ट के बारे में बच्चो को बताया। फामेर्सी की एच०ओ०डी० प्रो० शिल्पा श्रीवास्तव प्रो० आदित्य दुवे, शालिनी सिंह हुतेन्द्र थापक अंजली गुप्ता, अर्चना वैभव कटारा लक्ष्मी राजपूत आदि सभी कालेज स्टाफ शामिल रहें।

## भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**टूंडला।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला प्रभारी शीलू सिकरवार के नेतृत्व में 7 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी को सौंपा गया ।जिसमें लेखपालों की मनमानी डीएपी की समस्या टूंडला ब्लॉक की विकास कार्यों की समस्या आवारा पशुओं की समस्या राशन कार्ड में यूनिट कटने की समस्या किसानों की खतौनी में अंश गलत होने की आदि समस्याओ से अवगत कराया गया। उप जिलाधिकारी ने किसानों की सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उपेंद्रपाल सिंह प्रदेश कार्यालय प्रभारी,सूरज सिंह तहसील अध्यक्ष टूंडला,जय प्रकाश कुशवाहा,बच्चू ठाकुर,बंधन ठाकुर अर्पित सिसोदिया,हिमांशु प्रजापति विपिन सिसोदिया अंशु ठाकुर मोहित यादव विक्रम यादव शंकर लाल आदि किसान यूनियन पदाधिकारी किसान उपस्थित रहे।

## कई दिनों से बंद पड़े राया का रेलवे फाटक खुलने से कस्बे में मना जश्न

**मथुरा।** क्षेत्रीय विधायक के अथक प्रयास से आज शाम को राया कस्बे का कटरा बाजार फाटक आम जनमानस के लिए खोल दिया गया। फटक खुलने की खुशी में लोगो ने आतिशबाजी चलाकर मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया। दो दिन पूर्व कटरा बाजार फाटक बंद प्रकरण को लेकर क्षेत्रीय भाजपा विधायक पूरन प्रकाश नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश व अन्य व्यापारीयो ने दिल्ली जाकर केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर फाटक बंद होने के दौरान लोगो को आने वाली समस्याओं से अगवत कराया। मामले को संज्ञान में लेकर केंद्रीय मंत्री ने रेलवे के अधिकारियों को रेलवे फाटक खुलवाने के आदेश दिये। आदेश पाकर गुरुवार को रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे ट्रैक को दुरुस्त कर आमजन मानस के लिए खोल दिया।

## आशा कार्यकत्रियों की रैली को डीएम ने दिखायी हरी झंडी

**अमेठी।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत आज एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम संजय चौहान ने मुख्य चिकित्सा कार्यालय अमेठी परिसर से आशा कार्यकत्रियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान आशा कार्यकत्रियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े संदेश दिए। स्लोगनों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे– महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, एवं आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# मंत्री के भतीजे नरदेव को दूसरी बार दी जान से मारने की धमकी

- **सत्तारूढ पार्टी के जिलाध्यक्ष के आवास पर हुई फायरिंग**
- **घटनास्थल पर पहुंचे एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र यादव**

जिला संवाददाता (vol)



**कोसीकलां।** सत्तारूढ पार्टी के जिलाध्यक्ष के आवास नरसी विलेज में एक नामजद व उसके अज्ञात साथियों ने कई राउन्ड फायरिंग की और फरार हो गए। पूरा मामला जिलाध्यक्ष के आवास के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गया। बताते हैं कि नामजद ने केबिनेट मंत्री के भतीजे नरदेव को भी दूसरी बार फोन पर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर जिलाध्यक्ष की तहरीर पर नामजद एवं अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी की तलाष शुरू कर दी है। एसपी देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि पुलिस टीम गठित कर दी गई है जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी होगी। सीसी टीवी फुटैज खंगाले जा रहे है।

बताते चलें कि केबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मीनारायण के भतीजे नरदेव चैधरी के युवाओं के चहेते बन चुके है। नरदेव चैधरी चैधरी के बढते जनाधार को विरोधी पचा नहीं पा रहे हैं। जनहित के कार्यो में हमेष अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे नरदेव चैधरी को दूसरी बार नामजद ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी है। नरदेव चैधरी ने बताया कि बुधवार की देर रात करीब 10 बजे वह भाजपा जिलाध्यक्ष नरदेव चैधरी के पास बैठे गुरूवार को मथुरा वृंदावन आ रहीं महामहिम राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बारे में चर्चा करने गए थे। उन्होने बताया कि इसी दौरान नामजद लोकेष अपने अज्ञात साथियो के साथ जिलाध्यक्ष के आवास के बाहर आकर रूके और ताबडतोड तीन चार राउंड फायरिंग कर कालोनी मे दहषत फैला दी। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इसी दौरान नरदेव चैधरी के मोबाइल की घंटी बजी और फोन पर बोलने वाले व्यक्ति ने उनसे कहा कि यदि तुम जिलाध्यक्ष के हिमायती बने तो तुम्हे जान से मार दिया जाएगा। बताते चलें कि नरदेव चैधरी को नामजद ने दूसरी बार यह धमकी दी है। नामजद अभी अभी जेल से रिहा होकर आया है। पूरा मामला जिलाध्यक्ष के आवास के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया। सूचना पर पुलिस प्रषासन में हडकंप मच गया और आनन फानन में थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र यादव और एसओजी प्रभारी अशोक यादव ने भी घटनास्थल पर पहुंच मौका मुआयना कर थाना पुलिस को दिषा निर्देष दिए। थाना पुलिस ने जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय की तहरीर पर नामजद सहित आधा दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को अपने कब्जे में ले आरोपियों की धरपकड के लिए तेज तर्रार पुलिस कर्मियों की टीमें गठित की हैं। टीमें मामले में जगह जगह दबिष दे रही है।

# मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी



**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत बीडीएम डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद से एम.ए की पूर्व छात्रा कुमारी प्रिंसी को एक दिन के लिए थाना प्रभारी शिकोहाबाद बनाया गया। थाना प्रभारी बन छात्रा प्रिंसी ने थाने की समस्त कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में जानाकरी प्राप्त की तत्पश्चात थाने पर शिकायतें लेकर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित को समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया। साथ ही थाना प्रभारी कुमारी प्रिंसी ने कस्बा शिकोहाबाद का भ्रमण कर वाहन चैकिंग अभियान एवं बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहनों चालकों को हिदायत दी। कस्बा शिकोहाबाद का भ्रमण करते हुए जाम की समस्याओं को देखा,उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि दुकानों के बाहर खड़े रहने वाले वाहनों को यहां से हटवाया जाए, इसके अलावा दुकानदारों को भी अनाउंसमेंट करवाकर सख्त निर्देश दिए कि वह अपनी दुकानों के बाहर बेवजह वाहनों को न खड़ा करवाएं साथ ही साथ जनता से भी अपील की इसमें अपना भी सहयोग प्रदान करें, इसके अलावा ठेलों को लगाने के लिए एक सुनिश्चित स्थान दिलाया जाए,जहां इनका बाजार लग सके। इससे शहर में जाम की समस्या से निजात मिलेगा। साथ ही उन्होंने नाबालिग ई रिक्शा चालकों को पकड़कर उनके परिजनों को बुलवाकर ई रिक्शा स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए,थाना प्रभारी ने थाना कार्यालय ऑफिस का भ्रमण किया सीसीटीएनएस विवेचना कम्प्यूटर कक्ष, माला खाना साइबर हैल्प डैस्क कार्यालय, महिला हैल्पडैस्क महिला सुरक्षा केन्द्र मेंस एवं बैरक आदि का किया निरीक्षण किया,और थाने की कार्य प्रणाली को समझा ।एक दिन की थानेदार बनीं छात्रा प्रिंसी कुमारी के पिता प्रवेश कुमार पेशे से किसान एवं मां कुंती देवी गृहणी हैं ।प्रिंसी के कुल दो भाई दो बहन जिसमें से वह तीसरे नम्बर पर आती है। प्रिंसी प्रोफेसर बनना चाहती हैं ।इसके लिए प्रयासरत हैं।

# जयंती पर याद किये गये पं. दीनदयाल उपाध्याय



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में डैंपियर नगर स्थित दीनदयाल पार्क में जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महानगर कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।महानगर में बूथ स्तर तक जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए, जहाँ कार्यकताओं ने पंडित उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे, हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए ।पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि पंडित जी मजहब और संप्रदाय के आधार पर विभाजन को स्वीकार नहीं करते थे और उन्हें भारतीय संस्कृति का खंडन मानते थे। वरिष्ठ हिंदूवादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने पंडित उपाध्याय को प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के प्रतीक के रूप में याद किया। महानगर अध्यक्ष हरि शंकर राजू यादव ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि पंडित उपाध्याय का मानना था कि हिंदु कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति है। इस अवसर पर बाल संरक्षक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा मदन मोहन श्रीवास्तव संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा विजय शर्मा रामकिशन पाठक नितिन चतुर्वेदी अंकुर अग्रवाल पार्षद हनुमान गुर्जर तरुण सैनी पार्षद विकास दिवाकर नितिन शर्मा संजय हरियाणा पवन हिंडोल अमित पाठक ललित अग्रवाल दीपक गोला लक्ष्मन पाल हरीश अग्रवाल ललित गौतम नितिन कौशिक अशोक यादव नट्टू पंडित अनिल गोला विवेक शर्मा गिरीश कमल रामदास चतुर्वेदी कृष्ण मोहन शर्मा अमित अग्रवाल कृष्णमणि सूबेदार आदि मौजूद थे।

## हिंदी पखवाड़ा में मथुरा रिफाइनरी ने संविदा कर्मियों के लिए रखी गीत गायन प्रतियोगिता



**मथुरा।** कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल के निदेर्शानुसार एवं अपने संविदा कर्मियों के लिए सदैव सजग रिफाइनरी प्रबंधन के मार्गदर्शन में मथुरा रिफाइनरी ने संविदा कर्मियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें संविदा कर्मियों ने अपने सुमधुर स्वर में गीत गाए और सभी को मंत्रमुघ कर दिया। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इस रोचक प्रतियोगिता में रिफाइनरी में कार्यरत संविदा कर्मियों ने देशभक्ति गीत, भजन व लोकगीत सुनाकर सभी को प्रभावित किया और सुर ताल के प्रति अपनी प्रतिभा को दिखाया ।इस कार्यक्रम में लगभग 50 साथियों ने हिस्सा लिया और इतने ही साथियों ने अपने सह कर्मियों का हौसला बढ़ाया। सभी संविदा कर्मियों ने इस कार्यक्रम को सराहना को और प्रबंधन से भविष्य में भी ऐसे कार्यराम आयोजित करवाने की अपील की।

# पशु चिकित्सा विज्ञान विवि ने मनायी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 109वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, धर्मपाल सिंह, पशुधन मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली को नमन करते हुए, पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया तथा उनके द्वारा अंत्योदय के द्वारा समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचने वाले महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि प्रस्तुत की । उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। अतः हमें पशुपालन को बढ़ावा देते हुए, पशुपालकों को नवीन तकनीकी गांव-गांव तक पहुंच कर उन्हें पशुपालन हेतु प्रेरित करना चाहिए । जिससे हमारे प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा में सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, कमल कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म दीनदयाल धाम, नागला चंद्रभान, फरह, मथुरा में हुआ था। पंडित जी ने हाई स्कूल में जीरो सहयोग प्रारम्भ किया।

उन्होंने अन्त्योदय विचारधारा के द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का विचार दिया। उन्होंने बताया की पंडित जी देश को एकात्मक मानववाद विचारधारा दी । वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे तथा एक मजबूत और सशक्त भारत का निर्माण चाहते थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मित्र ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को याद करते हुए, विश्वविद्यालय का इतिहास एवं कार्यशैली प्रस्तुत किया । उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय नाम, ऐसे महान व्यक्तित्व के नाम पर रखा जाना, हमें गर्व की अनुभूति कराता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय के 46 छात्रों-छात्राओं, कर्मचारियों तथा संकाय सदस्यों द्वारा रक्तदान किया। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, क्षेत्र प्रचारक, राष्ट्रीय सेवक संघ सहित विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने किया पं.दीनदयाल को याद



**टूंडला।** अंत्योदय के प्रणेता भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे, युग पुरुष महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकताओं द्वारा नगर टूंडला में सभी बूथों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्पर्जन और दीप प्रज्वलित कर मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि उनके द्वारा जनहित व राष्ट्रहित सर्वोपरि था उन्होंने लोकतंत्र की अवधारणा को सरलता से स्वीकार किया उन्होंने अपना जीवन लोकतंत्र को शक्तिशाली और जनता की बातों को आगे रखने में त्याग दिया। उन्हें देश सच्चे देशभक्त के रूप में याद करता है। इसी श्रृंखला में बूथ 146 पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,बूथ 148 पर विधायक प्रेमपाल धनगर ने अपने अपने बूथों पर कार्यकताओं के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनको कोटि कोटि नमन किया इसी श्रृंखला में बूथ 162 पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन ने बूथ अध्यक्ष दिलीप गौड़ ओर सेक्टर संयोजक रामतीरथ चक के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करके उनको कोटि कोटि नमन किया, जयंती कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह विधायक प्रेमपाल धनगर संयोजक शिव शंकर शर्मा मंडल प्रभारी वीरेंद्र सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता रामतीरथ चक सुशील चक विकास वाल्मीकि सुनील पाठक गुड्डा दीक्षित और समस्त भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने स्वच्छता अभियान चलाकर मनायी पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती

**टूंडला।** विधानसभा टूंडला के बूथ नम्बर 60 नगला जाट पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने शिव मंदिर पर ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया और पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बूथ समिति की बैठक हुई जिसमें उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान पर बेठे व्यक्ति को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिये काम किया उनके द्वारा भारतीय संस्कृति एवं संस्कृति राष्ट्र बाद के काम किए गए, उनके द्वारा समरसता के लिए छुआ छूत समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया उनका जीवन राष्टवाद राष्ट्रीयता के लिए समर्पित रहा, उन्होंने गांव गरीब,किसान मजदूर नौजवानों के उत्थान के साथ हिन्दुत्व के लिए कार्य किए,पंडित जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के साथ राष्ट्र धर्म पत्रिका प्रकाशित किया गया था इस अवसर पर शिव शंकर शर्मा अजीत कुमार ब्रजवीर चौहान धर्मेंद्र सिंह लोकेश शर्मा सर्वेश चौधरी महेंद्र सिंह राम प्रकाश सर्वेश कुमार ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज को किया गया लंदन में सम्मानित

मुंबई। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लंदन के ऐतिहासिक हाउस ऑफ लॉर्ड्स में इंडो-यूरोपीय बिजनेस फोरम द्वारा आयोजित विजनरी भारत इन्वेस्टमेंट समिट 2025 में प्रतिष्ठित इनोवेशन इन डायग्नोस्टिक डिवाइसिस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह ऐतिहासिक संध्या कार्यक्रम वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, निवेशकों और उद्यमियों को एकत्रित कर भारत, यूनाइटेड किंगडम, यूरोप और विश्व के अन्य हिस्सों के बीच साझेदारी और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड पहली भारतीय मेडिकल डायग्नोस्टिक कंपनी बन गई है जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार कंपनी के मेडटेक, डायग्नोस्टिक्स और बायोकेमिस्ट्री नवाचार में किए गए योगदान को मान्यता देता है। इंडो-यूरोपीय बिजनेस फोरम लंदन में यह सम्मान केवल एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि हमारे उद्देश्य की पुनः पुष्टि भी है। हमारी प्रतिबद्धता विज्ञान, विस्तार और सामाजिक प्रभाव को एक साथ जोड़ने की है।

## एमवे इंडिया ने लॉन्च किया नेक्स्ट-जेन स्किनकेयर

बंगलुरु। त्वचा पर बुढ़ापे की समस्याओं, प्रदूषण के असर, असमान रंगत और खुरदुरी त्वचा जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इसी को देखते हुए, एमवे इंडिया, जो स्वास्थ्य और वेलनेस की अग्रणी कंपनी है, ने दो नए स्किनकेयर प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन डिफाइंग सीरम और आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन करेक्टिंग सीरम। ये सीरम त्वचा पर बुढ़ापे के शुरूआती लक्षणों और कारकों को कम करते हैं। ये नए सीरम, आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन की हाइड्रेटिंग, बैलेंसिंग, और रिन्यूइंग एवं फि र्मिंग रेंज पर आधारित हैं, जिन्हें अलग-अलग उम्र में बदलती स्किनकेयर जरूरतों को ध्यान में रखकर खास तौर पर तैयार किया गया था।

## इंडिगो एसबीआई कार्ड लॉन्च

बंगलुरु। एसबीआई कार्ड और भारत की सबसे पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो ने आज इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत इंडिगो एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रीमियम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को दो अलग-अलग वेरिएंट, यानी इंडिगो एसबीआई कार्ड और इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट में लॉन्च किया गया है, ताकि अक्सर यात्रा करने वालों को शानदार रिवाड्र्स के साथ फायदेमंद अनुभव मिल सके। इस कार्ड के ग्राहकों को इंडिगो के इकोसिस्टम में उपलब्ध सभी सेवाओं के साथ-साथ होटल और ट्रैवल बुकिंग सहित दूसरी श्रेणियों में किए गए सभी खर्चों पर रिवॉड्र्स मिलेंगे।

## पॉकेट एफएम ने लॉन्च किया एआई टूल

बंगलुरु। पॉकेट एफएम के नए प्रोडक्ट एआई क्रिएटर टूल की मदद से लेखक केवल एक दिन में अपनी कहानियों को ऑडियो शो में बदल सकते हैं। अपलोड होने के बाद ये कहानियां पॉकेट एफएम पर दुनिया भर के लाखों श्रोताओं तक पहुंचेंगी, जिससे लेखक तुरंत इनसे कमाई शुरू कर सकते हैं। पॉकेट एफएम से पहले, लिखना सिर्फ मेरा एक शौक था जिसे मैं काम के बाद करता था, और मुझे सच में उम्मीद नहीं थी कि यह मेरी जिंदगी बदल सकता है। मेरे पास संपादकों को रखने के लिए पैसे नहीं थे और न ही पब्लिशर्स तक पहुंच बनाने का नेटवर्क। अब, अचानक मेरे पास अपनी जेब में एक प्रोडक्शन टीम थी, और मेरे शब्द कुछ ही घंटों में ऑडियो सीरीज बन सकते थे। जब मैंने देखा कि पॉकेट एफएम पर लाखों श्रोता मेरी कहानी के साथ जुड़ रहे हैं, और फिर यह एहसास हुआ कि मैं इससे वास्तव में कमाई भी कर सकता हूं।

## एक्शन टेसा ने किया कारीगरों को सम्मानित

बदांयू। इंजीनियर्ड वुड पैनल उत्पादों के सबसे बड़े निमार्ता और इस क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एक्शन टेसा ने लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस मनाया। इस अवसर पर कंपनी ने फर्नीचर उद्योग में काम करने वाले कारीगरों को सम्मानित किया ताकि इन कारीगरों को अलग पहचान मिल सके। कारपेंटर फर्नीचर उद्योग की रीढ़ हैं क्योंकि उनके हाथ हर सपने को आकार देते हैं। टेसा सलाम और डब्ल्यूपीपीटी जैसी पहलों के साथ, हम न केवल आज उन्हें सम्मानित कर रहे हैं, बल्कि एक उज्जवल भविष्य की नींव भी रख रहे हैं। यह तो बस शुरूआत है और हम आने वाले वर्षों में कारपेंटर और उनके परिवारों के लिए और भी बेहतर अवसर पैदा करने के लिए तत्पर हैं एक्शन टेसा के लिए, डब्ल्यूपीपीटी एक कोर्स से कहीं बढ़कर है। यह कोर्स एक सार्थक पहल है जो फर्नीचर उद्योग से जुड़े कारीगरों के बच्चों को प्रशिक्षित करके कुशल बनाता है।

# सेंसेक्स में 556 अंकों की गिरावट



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क से जुड़ी चिंताओं के कारण सेंसेक्स 556 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 166 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.95 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.74 अंक गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 166.05 अंक यानी 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 अंक पर आ गया। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार पांचवां सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 1,854.28 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 532.75 अंक यानी दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, पावरग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस में गिरावट का रुख रहा। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। निफ्टी 25,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे फिसल गया जो इसमें गिरावट के रुख को दर्शाता है। कई वैश्विक एवं घरेलू चुनौतियों ने निवेशकों का विश्वास डगमगाया हुआ है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी, रुपये में रिकॉर्ड कमजोरी और एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि से जुड़ी चिंताओं ने मिलकर धारणा को खराब किया है। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,425.75 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। भारतीय बाजारों में लगातार पांचवें सत्र में गिरावट रही। निवेशकों ने एफआईआई की सतत निकासी और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच मुनाफावसूली की। इससे दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर पर असर पड़ सकता है। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.75 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,709 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,474 शेयर चढ़कर बंद हुए और 136 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे चढ़कर 88.68 पर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार करते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती और कमजोर घरेलू बाजारों के बीच रिजर्व बैंक के संभवतः हस्तक्षेप के कारण रुपये में मजबूती आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि एच1बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, निर्यातकों द्वारा डॉलर की बिकवाली और रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप की खबरों ने रुपये में तेज गिरावट पर रोक लगा दी। इसके अलावा, निवेशक, वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के भारत के आईटी सेवा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंतित रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.65 पर खुला और कारोबार के दौरान 88.60 के उच्चतम स्तर और 88.70 के निम्नतम स्तर पर रहा। घरेलू मुद्रा अंततः 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की गिरावट के साथ 88.75 के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि अमेरिकी डॉलर में सुधार और रूस तथा यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक तनाव से वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण रुपया कमजोर बना रहेगा। अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि का मुद्दा और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, रुपये पर और दबाव डाल सकती हैं। हालांकि, निर्यातकों द्वारा डॉलर की बिकवाली से निचले स्तरों पर रुपये को सहारा मिल सकता है। व्यापारी दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद, साप्ताहिक बेरोजगारी दावों और अमेरिका से टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। डॉलरारुपये की हाजिर कीमत 88.40 से 89.10 के बीच रहने की संभावना है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.80 पर रहा।

# एनएसई पर पंजीकृत निवेशकों की संख्या 12 करोड़ के पार पहुंची

नयी दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मंच पर पंजीकृत निवेशकों की संख्या 23 सितंबर को 12 करोड़ के पार पहुंच गयी। बीते आठ माह में ही एक करोड़ नए निवेशक इस मंच से जुड़े हैं।

एक्सचेंज ने बृहस्पतिवार को कहा कि उससे जुड़े हर चार निवेशकों में से एक महिला है। इस साल जनवरी में एनएसई ने 11 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। एनएसई ने एक बयान में कहा कि पंजीकृत निवेशक आधार 14 साल बाद एक करोड़ पर पहुंचा था। अगले एक करोड़ जोड़ने में करीब सात साल लगे। इसके बाद एक करोड़ जोड़ने में साढ़े तीन साल लगे और अगले एक करोड़ निवेशक सिर्फ एक साल से कुछ अधिक समय में जुड़ गए। एनएसई के गठन के 25 वर्ष होने पर मार्च, 2021 तक निवेशकों का आधार चार करोड़ पर था। लेकिन इसके बाद हर छह-सात महीने में एक-एक करोड़ निवेशक जुड़ते गए। इसके पीछे डिजिटलीकरण, वित्तीय-प्रौद्योगिकी तक बढ़ती पहुंच, मध्यम वर्ग का विस्तार और नीतिगत सहयोगी कदम अहम कारण रहे हैं। 23 सितंबर तक एनएसई में कुल 23.5 करोड़ निवेशक खाते पंजीकृत थे। इनमें से 12 करोड़ विशिष्ट निवेशक हैं। इनकी औसत आयु 33 साल है जो पांच साल पहले 38 साल थी।

# चांदी एक हजार रुपये चढ़कर 1.40 लाख प्रति किलो के रिकॉर्ड पर

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1000 रुपये की तेजी के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 630 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबार में यह 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 700 रुपये



घटकर 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 21.40 डॉलर या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 3,757.54 डॉलर प्रति औंस हो गया। हाजिर चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर 45.03 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह 14 साल के उच्चतम स्तर के करीब है।

# कोयला मंत्रालय रोड शो करेगा आयोजित

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को एक रोड शो आयोजित करेगा। यह उद्योग जगत के लोगों, निवेशकों तथा नीति निर्माताओं को विचारों का आदान-प्रदान करने, निवेश के अवसरों का पता लगाने और कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए सहयोगी रणनीतियों की पहचान करने के वास्ते एक मंच प्रदान करेगा।

भारत ने 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण का लक्ष्य रखा है। कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कोयला मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह रोड शो मंत्रालय द्वारा हाल ही में शुरू की गई वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 13वें दौर के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे कंपनियों को विभिन्न उद्देश्यों के लिए

## एसबीआई ने चलाया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



लखनऊ। एसबीआई ने स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम के उपलक्ष्य में लखनऊ के लाप्लास में एक घंटे का योगदान देने के लिए राष्ट्रव्यापी श्रमदान गतिविधि एक दिन एक घंटा एक साथ का आयोजन किया। इस अवसर पर लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे ने कहा कि यह वार्षिक अभियान पूरे समाज में लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। लखनऊ मण्डल की सभी शाखाओं में स्वच्छता कार्यक्रम 17 सितंबर से चल रहा है और 02 अक्टूबरतक चलेगा।

# देश को नवीकरणीय ऊर्जा का वैश्विक केंद्र बनायेंगे: जोशी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को हरित ऊर्जा के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स द्वारा आयोजित विश्व हाइड्रोजन इंडिया सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित किया। जोशी ने कहा कि भारत ने गैर-जीवाश्म संसाधनों से 50 प्रतिशत स्थापित बिजली क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। नवीकरणीय ऊर्जा में इस अभूतपूर्व वृद्धि ने हमारे अगले लक्ष्य के लिए मंच तैयार कर दिया है जिससे भारत हरित ऊर्जा के उत्पादन, उपयोग एवं निर्यात का वैश्विक केंद्र बन जाएगा। मंत्री ने कहा कि भारत की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन स्थापित क्षमता लगभग 250 गीगावाट है। हरित हाइड्रोजन के बारे में जोशी ने कहा कि सरकार का हरित हाइड्रोजन कार्यक्रम अविश्वसनीय गति से विचार (विजन) से क्रियान्वयन की ओर बढ़ रहा है। इस दृष्टिकोण को समर्थन देने के लिए एक स्थिर, भरोसेमंद और लाभदायक निवेश माहौल तैयार किया जा रहा है। सरकार ने 2023 में वित्त वर्ष 2029-30 तक 50 लाख टन उत्पादन के लिए 19,744 करोड़ रुपये के शुरुआती व्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया था। पुनरुत्थान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर हाइड्रोजन की मांग 2060 तक वर्तमान स्तर से 3.5 गुना तक बढ़ सकती है।

## सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 ने ग्रैंड फिनाले के लिए 20 फाइनलिस्ट टीमों की घोषणा की

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज अपनी अखिल-भारतीय इनोवेशन प्रतियोगिता सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के चौथे संस्करण की शीर्ष 20 फाइनलिस्ट टीमों की घोषणा की। फाइनलिस्टों में ग्रामीण भारत, टियर 2 और टियर 3 शहरों के 12 राज्यों के प्रतिभाशाली युवा शामिल हैं, जो इस कार्यक्रम के उस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं जिसमें युवा चेंजमेकर्स को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने समुदायों की विभिन्न समस्याओं को तकनीक के माध्यम से हल करें। इस साल, एक 14 वर्षीय प्रतिभागी फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया, एक पूरी तरह से लड़कियों की टीम फाइनल राउंड में पहुंची, और पूर्वोत्तर भारत से दो टीमें शीर्ष 20 में शामिल हुईं। ये टीमें नए आविष्कारों पर काम कर रही हैं, जैसे कि एआई आधारित समाधान जो दृष्टिबाधित लोगों को अकेले शतरंज खेलने में मदद करता है, ड्रोन जो प्रदूषण का डेटा इकट्ठा करते हैं और वॉक्सेल मैप बनाते हैं।

## फैबइंडिया ने लॉन्च किया नवरात्र कलेक्शन

बंगलुरु। फेस्टिव सीजन के आगमन पर फैबइंडिया ने अपना नया नवरात्रि कलेक्शन लॉन्च किया है। यह कलेक्शन पारंपरिक कला-कौशल और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मेल है, जिसमें अपेरल, एक्सेसरीज और होम डेकॉर का खास चयन शामिल है। इसमें रस्ट, पीले और नारंगी जैसे वाइब्रेंट शेड्स शामिल हैं। जो नवरात्रि की ऊर्जा और उमंग के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। फेस्टिव अपैरलस हर मौके के लिए परफेक्ट इस कलेक्शन में महिलाओं के लिए खूबसूरत साड़ियों और कुर्तों से लेकर पुरुषों के लिए स्टाइलिश बंदगला और ट्राउजर, और बच्चों के लिए आरामदायक एथनिक वियर शामिल हैं। यह ऑउटफिट्स आपकी हर छोटे-बड़े उत्सव और पारिवारिक मौके पर कम्फर्ट और स्टाइल दोनों का संतुलन पेश करते हैं।

# आयकर विभाग ने ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ायी

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तिथि एक महीना बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी।

बड़ी कंपनियों, ट्रस्ट और व्यापारियों को अपना वार्षिक ऑडिट जमा करने के लिए पहले 30 सितंबर तक की समय सीमा रखी गई थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि आयकर रिटर्न का ई-फाइलिंग पोर्टल सुचारू रूप से काम कर रहा है और 23 सितंबर तक 7.57 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। सीबीडीटी के मुताबिक, 24 सितंबर तक करीब 4.02 लाख कर ऑडिट रिपोर्ट अपलोड की जा चुकी हैं। इनमें से 60,000 से अधिक ऑडिट रिपोर्ट बुधवार को ही अपलोड की गईं। आयकर विभाग ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट संगठनों समेत विभिन्न पेशेवर संस्थाओं ने समय पर ऑडिट रिपोर्ट पूरा करने में आ रही समस्याओं को रेखांकित किया था। देश के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से सामान्य कारोबारी एवं पेशेवर गतिविधियां प्रभावित होना प्रमुख कारण रहा है। इस मुद्दे पर कुछ उच्च न्यायालयों में भी सुनवाई हुई है।

## ग्रैंड शॉप्सी मेला 2025 ने छोटे शहरों में खरीदारी बढ़ी

बेंगलुरु। शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट ने अपने ग्रैंड शॉप्सी मेला के साथ उत्सव का माहौल बनाया, और त्योहारी खरीदारी में जबरदस्त उछाल देखा गया। 70% से अधिक ऐप इंस्टॉल और ऑर्डर्स टियर 3 और 4+ शहरों से आए, जिसने भारत में किफायती और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की बढ़ती मांग को दशार्या। विशेष रूप से मिलेनियल्स और जेन जी ने घरेलू सामान, मेंस फैशन और फुटवेयर की मांग को बढ़ाया। शॉप्सी ने बिक्री अवधि के दौरान 44% की बढ़ोतरी दोबारा खरीदने वाले ग्राहकों में दर्ज की। ग्रैंड शॉप्सी मेला के साथ, हमारा लक्ष्य ग्राहकों और विक्रेताओं को त्योहारी सीजन तक जल्दी पहुंच प्रदान करना था। इस साल की प्रतिक्रिया ने शॉप्सी के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, जो पैसे की कीमत, क्वॉथलिटी सेलेक्शलन और स्थानीय विक्रेताओं के लिए डिजिटल पहुंच बढ़ाने पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाता है।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति ने

घटना नहीं हुई। राष्ट्रपति इसके बाद निधिवन पहुंचीं। निधिवन में ही राधारानी की सुंदर प्रतिमा उनके भक्त स्वामी हरिदास जी को प्राप्त हुई थी। इसी वन में उनकी समाधि भी स्थित है। राष्ट्रपति ने दोनों स्थलों के दर्शन किये और श्रृंगार सामग्री भेंट की। उन्होंने निधिवन में करीब 500 मीटर पैदल चलकर राधारानी की प्राकट्य स्थली की परिक्रमा भी की। बाद में राष्ट्रपति ने परिक्रमा मार्ग पर संत सुदामा दास महाराज की भजन कुटी का लोकार्पण किया। सुदामा कुटी से निकलने से पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी स्वर्गीय माता की स्मृति में पौधारोपण भी किया। इसके बाद राष्ट्रपति वृन्दावन में ही एक होटल में दोपहर का भोजन एवं कुछ समय विश्राम करके मथुरा में तिलकद्वार के निकट आर्यनगर (अंतापाड़ा) स्थित श्रीकुब्जा-कृष्ण मंदिर के दर्शन करने गयीं। इस दौरान प्रोटोकॉल के तहत सरकार की ओर से गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, आगरा मण्डल में जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी राष्ट्रपति के साथ रहे। राष्ट्रपति के दौरे के समय पूरे जनपद में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किये गये।

### ट्रेन से

कि अग्नि-प्राइम मिसाइल अत्याधुनिक संचार प्रणालियों और सुरक्षा तंत्रों समेत सभी प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से लैस है। इस प्रक्षेपण के समय डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक और सामरिक बल कमान के अधिकारी मौजूद थे। अग्नि-प्राइम के रोड मोबाइल संस्करण को सफल उड़ान परीक्षणों की एक श्रृंखला के बाद सेवाओं में पहले ही शामिल किया जा चुका है। मिसाइल का परीक्षण भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष के साढ़े चार महीने बाद हुआ है।

### जीएसटी पर

आरोप लगाते हुए कहा, देश के आम नागरिकों को कर की मार से निचोड़ा जा रहा था। यह हमारी सरकार है जिसने कर को बड़े पैमाने पर कम किया है, महंगाई कम की है। हमने देश के लोगों की आमदनी और बचत बढ़ाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने तीन अलग-अलग चरणों का अनुभव किया है, जीएसटी से पहले, जीएसटी के बाद और हाल में किये गये जीएसटी सुधार। इनसे आए महत्वपूर्ण बदलावों पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कई करों के कारण व्यावसायिक लागत और घरेलू बजट दोनों का प्रबंधन मुश्किल हो जाता था।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, 2014 से पहले एक हजार रुपये की शर्ट पर लगभग 170 रुपये का कर लगता था। 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद यह घटकर 50 रुपये रह गया। जीएसटी सुधारों के बाद उसी एक हजार की रुपये की शर्ट पर अब केवल 35 रुपये कर के रूप में चुकाने पड़ेंगे। मोदी ने कहा कि 2014 में टूथपेस्ट, शैम्पू, हेयर ऑयल और शेविंग क्रीम जैसी आवश्यक वस्तुओं पर 100 रुपये खर्च करने पर 31 रुपये कर लगता था जिससे उसकी कीमतें 131 रुपये हो जाती थी। 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद उन्हीं 100 रुपये के सामान की कीमत 118 रुपये हो गई जिससे 13 रुपये की प्रत्यक्ष बचत हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि नये जीएसटी सुधारों के साथ यह कीमत और घटकर 105 रुपये हो गई है जिससे 2014 से पहले की दरों की तुलना में कुल 26 रुपये की बचत हुई है। मोदी ने कहा कि 2014 में आवश्यक वस्तुओं पर सालाना एक लाख रुपये खर्च करने वाले परिवार को 20 से 25 हजार रुपये कर के रूप में देने पड़ते थे। अब नई जीएसटी व्यवस्था के तहत वही परिवार सालाना केवल पांच-छह हजार रुपये का भुगतान करेंगे क्योंकि ज्यादातर आवश्यक वस्तुओं पर अब सिर्फ पांच प्रतिशत ही जीएसटी लगता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ट्रैक्टर के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले ट्रैक्टर खरीदने पर 70 हजार रुपये से अधिक का कर लगता था। अब उसकी ट्रैक्टर पर सिर्फ 30 हजार रुपये का कर लगेगा। इससे किसानों को 40 हजार रुपये से ज्यादा की प्रत्यक्ष बचत होगी। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए रोजगार का एक प्रमुख स्रोत यानी तिपहिया वाहन पर पहले 55 हजार रुपये कर लगता था, जो अब घटकर 35,000 रुपये हो गया है। इससे खरीदारों के 20 हजार रुपये की बचत होती है। मोदी ने दोपहिया वाहनों पर करों में कमी का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरें कम होने के कारण स्कूटर अब 2014 की तुलना में आठ हजार रुपये सस्ते हो गये हैं और मोटरसाइकिल नौ हजार रुपये तक सस्ती हुई हैं।

### अंत्योदय को

करने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशी मॉडल व मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के पीएम मोदी के विजन का स्वरूप भी है। यूपीआईटीएस के तीसरे संस्करण में 80 देशों के साढ़े पांच सौ से अधिक बायर्स भी हिस्सा ले रहे हैं। यूपी के सभी 75 जनपदों से 2250 से अधिक एग्जीबिटर्स सहभागी बने हैं। ब्रांड यूपी के उत्सव की चर्चा कर योगी ने कहा कि पिछले आठ-साढ़े आठ वर्ष में आई औद्योगिक क्रांति, परंपरागत उद्यम को फिर से दिया गया जीवनदान यूपी की समृद्ध- सांस्कृतिक विरासत तथा सामाजिक विविधता को ट्रेड शो प्रतिबिंबित कर रहा है। इसके जरिए यूपी को देश व दुनिया के सामने शोकेस करने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म प्राप्त हुआ है।

### पीएम ने

किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बांसवाड़ा के नापला में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यासाउद्घाटन किया। इनमें माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना भी शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और अन्य नेता भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को सस्ती, विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली क्षेत्र को बदलने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी) की माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाण ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी जिसकी लागत लगभग 42,000 करोड़ रुपये है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह परियोजना देश के सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक होगी जो विकसित परमाणु ऊर्जा परिदृश्य में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। परियोजना में एनपीसीआईएल द्वारा डिजाइन और विकसित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ 700 मेगावाट के चार स्वदेशी भारी जल रिएक्टर शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में लगभग 19,210 करोड़ रुपये की हरित ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने फलोदी, जैसलमेर, जालौर, सीकर आदि स्थानों पर सौर परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बीकानेर में भी एक सौर परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने आंध्र प्रदेश के रामागिरी में एक सौर पार्क की आधारशिला भी रखी।

बयान के अनुसार ये परियोजनाएं भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान देंगी, जिससे लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोकते हुए पर्याप्त मात्रा में हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा। मोदी ने इस अवसर पर भारत सरकार की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र (आरईजेड) पहल के तहत 13,180 करोड़ रुपये से अधिक की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसका उद्देश्य 2030 तक आठ राज्यों में 181.5 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करना है।

### दुनिया को

कहां हो, यह एक राजनीतिक बहस का विषय हो सकता है। लेकिन इससे बचा नहीं जा सकता। अगर आप मांग और जनसांख्यिकी को देखें, तो कई देशों में सिर्फ उनकी राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के आधार पर मांग पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा यह एक वास्तविकता है। आप इस वास्तविकता से भाग नहीं सकते। तो हम वैश्विक कार्यबल का एक अधिक स्वीकार्य, समकालीन, कुशल मॉडल कैसे बना सकते हैं, जो एक विकेंद्रित, वैश्विक कार्यस्थल में तैनात किया जा सके? मुझे लगता है कि यह आज एक बहुत बड़ा प्रश्न है जिसका समाधान अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को करना है। जयशंकर ने कहा, हम इस पुनः संरचित होती दुनिया का हिस्सा बनते हुए यह देखेंगे कि देशों के बीच नए और अलग तरह के व्यापारिक समझौते होंगे ऐसे फैसले लिए जाएंगे जो सामान्य परिस्थितियों में शायद नहीं लिए जाते। देश आज नई साझेदारियों और नए क्षेत्रों की तलाश में इच्छुक होंगे और कभी-कभी उन्हें इसकी मजबूरी भी महसूस होगी। उन्होंने कहा, भले ही अनिश्चितताएं और अंदाजा न लगाए जा सकने वाले पहलू मौजूद हों, लेकिन अंततः व्यापार अपना रास्ता खोज ही लेता है। उन्होंने कहा कि आज व्यापार करना पहले से कहीं आसान है भौतिक और डिजिटल दोनों कारणों से, क्योंकि आज इंसानी इतिहास में पहले से कहीं बेहतर सड़कें, नौवहन सुविधाएं और कहीं अधिक सुगम व्यापारिक परिदृश्य मौजूद हैं।

### रामलीला पर रोक

रामलीला महोत्सव द्वारा दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और उच्च न्यायालय से जिला प्रशासन को भविष्य में किसी अन्य स्थल के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश देने को कहा। पीठ ने उच्च न्यायालय से कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख पर अन्य हितधारकों के साथ श्री नगर रामलीला महोत्सव की याचिका पर सुनवाई करे और किसी अन्य स्थल के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करे। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता प्रदीप सिंह राणा को भी फटकार लगाई कि उन्होंने अपनी शिकायत पहले नहीं की और 14 सितंबर को उत्सव शुरू होने के बाद मामला दायर किया। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता से कहा, यह रामलीला 100 साल से आयोजित हो रही है और आप भी इस तथ्य को स्वीकार करते हैं। फिर आपको पहले ही अदालत का दरवाजा खटखटाने और उत्सव रोकने से किसने मना किया? न तो आप छात्र हैं और न ही छात्रों के अभिभावक, फिर उत्सव रोकने में आपकी क्या रुचि है?

### भर्ती प्रक्रिया

समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में परीक्षा गड़बड़ी को लेकर केवल एक शिकायत के आधार पर पूरे राज्य को भ्रमित करने का प्रयास किया गया जबकि सरकार पहले ही नकल माफियाओं के खिलाफ देश का सबसे सख्त कानून लागू कर चुकी है। इस मामले की गहन जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ भर्ती प्रक्रियाओं को पूरा करना है। किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होगा। रिक्त पदों को प्राथमिकता पर भरा जाएगा। धामी ने यह भी जोड़ा कि पिछले चार वर्षों में राज्य के 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है, जबकि राज्य गठन के शुरूआती दो दशकों में यह संख्या मात्र 16 हजार थी। अब सामान्य परिवारों के युवा एक से अधिक परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 100 से ज्यादा नकल माफियाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### सड़क हादसों

हाइवे बुधवार रात दर्दनाक हादसे का गवाह बना। गांव गोटका के पास धान की पुआल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। इसके नीचे दबकर शामली जिले के थाना झिंझाना निवासी 48 वर्षीय सतीश और उसका 21 वर्षीय बेटा गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा रात करीब दो बजे हुआ। सतीश ट्रैक्टर-ट्रॉली में धान की पुआल भरकर हरियाणा से सरधना की ओर जा रहा था। गोटका गांव के सामने पहुंचते ही वाहन का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गया।




# श्रीलंका का मुकाबला भारत से आज

## एशिया कप : भारत के पास श्रीलंका के खिलाफ जितेश शर्मा को फिनिशर के तौर पर आजमाने का आखिरी मौका

एजेंसी

दुबई। मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है। भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिये चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे। बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेने वाले चक्रवर्ती ने कहा , इस स्तर पर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता। एक टीम के रूप में हमें सारे कैच लपकने ही होंगे। हम फाइनल में पहुंच गए हैं और कैच नहीं टपकाये जा सकते। वैसे उन्होंने क्षेत्ररक्षकों का बचाव किया क्योंकि दुबई स्टेडियम की फ्लडलाइट ऊंचे टावर पर नहीं है और फुटबॉल स्टेडियम की लाइट जैसी लगती है।



चक्रवर्ती ने कहा वैसे रिंग आफ फायर (फ्लडलाइट डिजाइन) से बाधा पहुंचती है क्योंकि यह कभी कभी सीधे आंख पर आती है। हमें इसकी आदत डालनी होगी। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में सैमसन को बल्लेबाजी में शीर्ष सात में भी नहीं उतारा गया और अब सवाल उठता है कि अगर वह अक्षर पटेल के पहले भी आने के लायक नहीं हैं तो टीम में क्या कर रहे हैं। चौथे नंबर पर शिवम दुबे को उतारना समझ में आता है क्योंकि कलाई के स्पिनरों को वह बखूबी खेलते हैं लेकिन मध्यक्रम में बायां . दायां संयोजन रखने के लिये यह सही नहीं था। हार्दिक पंड्या को उनसे पहले बायें हाथ के दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा और अक्षर के साथ भेजा गया। फील्डिंग कोच रियान टेन डोइशे ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले कहा था, संजू अभी देख रहा है कि पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कैसे करनी है। ऐसी भी संभावना है कि सैमसन को श्रीलंका के खिलाफ औपचारिकता के मैच में तीसरे नंबर पर उतारा जाये।

## आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे श्रृंखला में श्रेयस अय्यर भारत ए के कप्तान

नयी दिल्ली। श्रेयस अय्यर को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये भारत ए का कप्तान बनाया गया है लेकिन कमर की तकलीफ के कारण वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे। तीस वर्ष के अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते। भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं। एशिया कप सुपर 4 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा , तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह दूसरे (तीन अक्टूबर) और तीसरे मैच (पांच अक्टूर) के लिये भारत ए टीम से जुड़ेंगे।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिये भारतीय टीम का ऐलान करते हुए अगरकर ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम के कप्तान को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई लेकिन भारत ए श्रृंखला से अय्यर को अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। अगरकर ने कहा हम चाहते हैं कि श्रेयस अय्यर खेलें और अच्छा खेलें। ऐसा नहीं है कि वह पहले भारत ए के कप्तान नहीं रहे हैं। उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी की भी शानदार कप्तानी की है और भारत ए की कप्तानी से हमें आंकने का मौका मिलेगा। हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे कप्तानी (अक्टूबर में) पर कोई बात नहीं की है। अय्यर ने लाल गेंद से क्रिकेट से अलग होने के अपने फैसले से बीसीसीआई को अवगत करा दिया है। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने एक बयान में कहा श्रेयस अय्यर ने बीसीसीआई को लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने के अपने फैसले की जानकारी दी है। ब्रिटेन में पीठ की सर्जरी कराने और अच्छी तरह से ठीक होने के बाद हाल ही में लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें बार-बार पीठ में ऐंठन और जकड़न का अनुभव हुआ है। उन्होंने कहा वह इस समय का उपयोग अपनी सहनशक्ति, शरीर की लचीलापन और अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए करना चाहते हैं। उनके इस निर्णय के कारण, ईरानी कप के लिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया।

## ऑस्ट्रेलिया से जीतने के लिए भारत के सामने 243 रनों की चुनौती



लखनऊ । लोकेश राहुल 74 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए जिससे भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया ए के 412 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने हुए दो विकेट पर 169 रन बना लिये। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 16 रन से आगे करते हुए अपनी दूसरी पारी में 185 रन पर आउट हो गयी। भारत ए के गेंदबाजों ने पहली पारी की तुलना में दूसरी पारी में काफी बेहतर गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए की पारी को कम स्कोर पर समेट दिया। भारत ए ने स्टंप्स तक दो विकेट पर 169 रन बना लिए जिससे टीम जीत से अब भी 243 रन दूर है। राहुल ने ड्रेसिंग रूम में लौटने से पहले अगले सप्ताह वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार कर लिया। उनकी पारी में नौ चौके शामिल थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए बैकअप विकेटकीपर के रूप भारत की टेस्ट टीम में शामिल किये गये नारायण जगदीशन ने राहुल के साथ पारी की शुरुआत करते हुए 36 रन बनाए। स्टंप्स के समय सुदर्शन (44) और मानव सुथार (एक रन बनाकर खेल रहे) क्रीज पर थे।

## लावण्या जादोन ने डब्ल्यूपीजीटी के 13वें चरण का खिताब जीता

गुरुग्राम। लावण्या जादोन ने बृहस्पतिवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 13वें चरण का खिताब अपने नाम किया जो उनका पहला खिताब है। लावण्या और जारा आनंद तीन ओवर 219 से बराबरी पर थीं। लावण्या ने दूसरे प्ले-ऑफ होल में जीत हासिल की। लावण्या ने अंतिम राउंड में 74 और जारा ने 75 का कार्ड बनाया। लावण्या को प्ले-ऑफ में जगह बनाने के लिए 18वें होल पर बर्डी की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा ही किया। फिर दूसरे प्ले-ऑफ होल में जीत हासिल की।

### संक्षेप

## विश्व कप : महिला निशानेबाजों प्रोन में क्लीन स्वीप किया

नयी दिल्ली। भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरूआत की। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

## नाइटली मुंबई महिला टीम की मुख्य कोच

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने बृहस्पतिवार को आस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा नाइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच बनाया। नाइटली 1997 और 2005 में आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थी और अब महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दुनिया की शीर्ष लीगों में कोचिंग की है। मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग की सबसे कामयाब टीम है जिसने तीन सत्र में दो बार 2023 और 2025 में खिताब जीते हैं। मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने एक बयान में कहा हम मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा नाइटली का स्वागत करते हैं। महिला क्रिकेट की पुरोधा लीसा ने अपने जुनून, कौशल और जज्बे से उदीयमान क्रिकेटरों को प्रेरित किया है। नाइटली ने कहा मुंबई इंडियंस से जुड़ना फख्र की बात है।

## बीएफआई ने 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने बहरीन में होने वाले तीसरे एशियाई युवा खेलों 2025 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इसकी तैयारी के लिए एनएस एनआईएस पटियाला में 20 अक्टूबर तक ट्रेनिंग शिविर चल रहा है। टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है जिसके स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधे टीम में प्रवेश मिला और रजत पदक विजेताओं को उनके संबंधित वर्गों में रिजर्व के रूप में चुना गया था। चुने हुए मुक्केबाजों में जुलाई 2025 में आयोजित एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं जिसमें भारत ने 43 पदक जीते थे।

## एशिया : भारतीय दल की अगुवाई करेंगे तन्वी व चांगमाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशियाई अंडर-15 चैंपियन तन्वी पात्री और पूर्व खिताब विजेता बॉर्निल चांगमाई 21 से 26 अक्टूबर तक चीन के चेंगदू में होने वाली बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में 36 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। तन्वी और चांगमाई दोनों ही अंडर-17 वर्ग में हिस्सा लेंगे।



भारत ने चेंगदू में पिछले दो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने 2024 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता था। भारतीय दल ने इससे पहले 2023 सत्र में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया था। भारतीय टीम का चयन हाल ही में 13 से 21 सितंबर 2025 तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित योनेक्स-सनराइज अश्विनी गुप्ता स्तारक अखिल भारतीय सब जूनियर (अंडर-15 और अंडर-17) रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछले कई वर्षों से महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की लगातार सफलता हमारे जूनियर विकास कार्यक्रम की ताकत को दर्शाती है। इस टीम में कई होनहार खिलाड़ी हैं जिनमें पदक लाने की क्षमता है। शारयू रंजने अंडर-15 के तीनों वर्गों में भाग लेंगी, जिसमें लड़कियों के युगल में सोयारा शेलार के साथ और मिश्रित युगल में हेमंत श्री सममेतला के साथ जोड़ी बनाएंगी। पुनीत एस और दीपक राज अदिति अंडर-17 मिश्रित युगल में एक-दूसरे के साथ जोड़ी बनाएंगे। ये दोनों क्रमशः लड़कों और लड़कियों के युगल में भी चुनौती पेश करेंगे।

अंडर-15 टीम :

लड़कों का एकल : पुष्कर साई, वज़ीर सिंह, प्रभु ध्यानी, धक्षण एसएल

लड़कियों का एकल : अन्वी राठौर, शैना मणिमुथु, शरयू रंजने, हम्सीनी चंद्रम

लड़कों का युगलः स्वयमद्युति घोषाशौर्य सिंह राणा, विवान बिष्टाचिनमय कृष्णा निम्मागड्डा

लड़कियों का युगलः शरयू रंजनेसोयारा शेलार, विभाव केआरारक्षा एन

मिश्रित युगलः हेमंत श्री सम्मेतलाशरयू रंजने, अर्जुन एनयोनिका ए

अंडर-17 टीमः

लड़कों का एकल : बॉर्निल आकाश चंगमाई, जगशेर सिंह खंगुरा, हार्दिक दिव्यांश, निश्चल चंद

लड़कियों का एकलः तन्वी पटरी, शांतिप्रिया हजारिका, लक्ष्या राजेश, दीक्षा एसआर

लड़कों का युगलः चरण राम थिप्पनाहरि कृष्णा वीरम रेड्डी, पवन एसापुनीत एस

लड़कियों का युगलः दीपक राज अदितिपी वृद्धि, ऐक्या शेट्टीसुहिना

मिश्रित युगल : पुनीत एसाडी अदिति, जंगजीत सिंह काजलाजाननिका आर ।

# वेस्टइंडीज टेस्ट के लिए बुमराह भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

दुबई। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करूण नायर की जगह ली। भारतीय टीम के होटल में यहां 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने संकेत दिये कि नायर और बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अब टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा नहीं हैं।

ज षभ पंत की गैर मौजूदगी में रविंद्र जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उपकप्तान बनाया गया है जबकि 25 वर्ष के कर्नाटक के खब्बू बल्लेबाज पडिक्कल और 23 वर्ष के साई सुदर्शन को भविष्य की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह के बारे में अगरकर ने कहा कि उन्हें अच्छा आराम मिल चुका है और वह दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला खेलेंगे। अगरकर ने कहा बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं। यह टीम दोनों टेस्ट के लिये है और वह दोनों खेलेंगे। इंग्लैंड दौरे के बाद अच्छा ब्रेक मिल चुका है और वह पांचवां टेस्ट नहीं खेले थे। एक महीने या पांच सप्ताह का ब्रेक हो चुका है। नायर के बारे में उन्होंने कहा कि वह मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा सके हैं और इंग्लैंड दौरे पर आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया। उन्होंने कहा हमें लगता है कि इस समय पडिक्कल बेहतर विकल्प हैं। काश हम सभी को 15 या 20 टेस्ट दे पाते लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। अगरकर ने कहा पडिक्कल टेस्ट टीम में रहे हैं। हमने इंग्लैंड में करूण से बेहतर की उम्मीद की थी। पडिक्कल आस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे और इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अर्धशतक लगाया था। पिछले तीन चार साल से टीम के साथ लगातार दौरा कर रहे ईश्वरन को अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला है और अब तो वह टीम से भी बाहर हैं। अगरकर ने कहा कि इस फैसले के पीछे बहुत कुछ पढने की जरूरत नहीं है। भारतीय टीम को हालांकि अगले एक साल विदेश दौरा नहीं करना है लिहाजा ईश्वरन का टेस्ट पदार्पण मुश्किल ही लग रहा है। तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में एन जगदीशन पर विचार हो सकता है।



अगरकर ने कहा विदेश दौरे पर 16 या 17 खिलाड़ी जाते हैं और तीसरा सलामी बल्लेबाज भी उसमे होता है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन खराब नहीं था। ऐसे में हमे तीसरे सलामी बल्लेबाज की जरूरत नहीं है। जरूरत होगी तो उसे भेजा जा सकता है। नियमित उपकप्तान ज षभ पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और चयन के लिये उपलब्ध नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान पंत के पैर में फ्रेक्चर हो गया था। अगरकर ने कहा उम्मीद है कि वह नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला तक उपलब्ध हो जायेगा। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दो टेस्ट कोलकाता और गुवाहाटी में 14 नवंबर से 26 नवंबर के बीच खेले जायेंगे।

इसके बाद तीन वनडे और पांच टी20 मैच होंगे। दक्षिण अफ्रीका का दौरा 19 दिसंबर को आखिरी टी20 के साथ खत्म होगा। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बारे में पूछने पर अगरकर ने कहा कि अभी उन्हें पता नहीं है कि वह कितने फिट हैं। उन्होंने कहा हमें कोई अपडेट नहीं मिली है। उसने ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है। पिछले दो तीन साल में बंगाल के लिये एक मैच और दलीप ट्रॉफी का एक मैच खेला है। वहीं दूसरी ओर भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है एशिया कप में पावरप्ले के दौरान गेंद कठोर रहने से स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही इसके बाद गेंद नरम हो जाती है और क्षेत्ररक्षण की पाबंदियां नहीं रहने से मदद मिलती है।

# पाक ने बांग्लादेश को दिया 136 रन लक्ष्य

एजेंसी

दुबई । पाकिस्तान एशिया कप के 5वें सुपर-4 मैच में बांग्लादेश को 136 रन का टारगेट दिया है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। टीम ने 49 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में मोहम्मद हारिस ने 31, शाहीन शाह अफरीदी ने 19 और मोहम्मद नवाज 25 रन की पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। फहीम अशरफ ने नाबाद 14 रन बनाए।

बांग्लादेश की ओर से तस्कीन अहमद ने 3 विकेट झटके। मेहदी हसन और रिशाद हुसैन को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट मुस्तफिजुर रहमान को मिला। एशिया कप का 5वां सुपर-4 मैच पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। 6.3 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 29/3 है। सलमान अली आगा और तलत हुसैन क्रीज पर हैं। फखर जमान (13 रन) को 7वें ओवर में रिशाद हुसैन ने तंजीम हसन साकिब के हाथों कैच कराया। इससे पहले पावरप्ले में तस्कीन अहमद ने साहिबजादा फरहान (4 रन) और मेहदी हसन ने सईम अयूब (शून्य) को पवेलियन भेजा। सईम अयूब का विकेट सेलिब्रेट करते मेहदी हसन। पाकिस्तान ने लगातार दूसरे ओवर में विकेट गंवाया। दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर सईम अयूब कैच हुए। उन्हें मेहदी हसन ने रिशाद हुसैन के हाथों कैच कराया। सईम अयूब अपना खाता भी नहीं खोल सके। 2 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 5/2 है।



साहिबजादा फरहान का विकेट सेलिब्रेट करते तस्कीन अहमद। पाकिस्तान की टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। यहां साहिबजादा फरहान 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तस्कीन अहमद ने रिशाद हुसैन के हाथों कैच कराया। एक ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 4 रन रहा। टॉस का सिक्का उछालते पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच टी-20 में अब तक कुल 25 मैच खेले गए, जिनमें से पाकिस्तान ने 20 और बांग्लादेश ने 5 मैचों में जीत हासिल की। जुलाई में दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली गई थी, जिसे बांग्लादेश ने 2-0 से अपने नाम किया था। एशिया कप सुपर-4 का पांचवां मैच दुबई में खेला जाएगा।

दुबई में गुरुवार को तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है और ह्यूमिडिटी 56% रहने की उम्मीद है। बारिश की बिल्कुल भी संभावना नहीं है। दुबई स्टेडियम की पिच पर शुरूआत में तेज गेंदबाजों को कुछ सहायता मिलती है और मिडिल ओवरों में स्पिनर भी प्रभावशाली हो सकते हैं।

## राकेश, तोमन के बीच पुरुष एकल का फाइनल, शीतल का भी पदक पक्का

ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)। राकेश कुमार और तोमन कुमार के पुरुष वर्ग तथा शीतल देवी के महिला कंपाउंड वर्ग के फाइनल में पहुंचने से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पैरा तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में कम से कम तीन पदक सुनिश्चित कर लिए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपेक्षाकृत नए खिलाड़ी तोमन ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए पुरुषों के कंपाउंड ओपन व्यक्तिगत वर्ग के स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त राकेश ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के नाथन मैकक्वीन को 147-143 से हराया, जबकि तोमन ने हमवतन श्याम सुंदर स्वामी को रोमांचक मुकाबले में 144-143 से मात दी। श्याम अब शनिवार को कांस्य पदक के लिए एक ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी का सामना करेंगे। भारत के पदकों की संख्या में स्टार पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने भी इजाफा किया। जम्मू-कश्मीर की बिना भुजाओं वाली 18 वर्षीय इस तीरंदाज ने ब्रिटेन की जोडी ग्रिन्हम पर 145-140 की शानदार जीत दर्ज करके महिलाओं के कंपाउंड फ़ाइनल में प्रवेश किया। पैरों और ठोड़ी का उपयोग करके तीर चलाने वाली शीतल के सामने फाइनल में तुर्किए की ओजनूर क्यूर गिर्दी की चुनौती होगी।

## विश्व कप से पहले भारतीय टीम कमजोरियों से पार पाना चाहेगी

एजेंसी

कैनबरा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पांच मैचों के आस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कैनबरा मं पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जायेंगे जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्टूबर को आस्ट्रे[8360]लिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जायेगा।



भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे। इसमें भारत ने लगातार तीन मैच में बेल्जियम को हराया जबकि आस्ट्रेलिया पर भी जीत दर्ज की। नीदरलैंड ने हालांकि उसे शूटआउट में हराया। कोच तुषार खांडेकर ने कहा पिछले दौरे के बाद हमने कुछ पहलुओं पर काम किया है और एक टीम के रूप में प्रदर्शन काफी बेहतर हुआ है। उम्मीद है कि आगामी पांच मैचों में हम दिखा सकेंगे कि हमने क्या सीखा है और कितनी मेहनत की है। वहीं दूसरी ओर ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व ड्रैग-फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह ने भारतीय जूनियर हॉकी टीम से आगामी एफआईएच जूनियर विश्व कप में पोडियम (शीर्ष तीन स्थान) पर जगह बनाने उम्मीद जताते हुए कहा कि टूर्नामेंट में सफलता युवा खिलाड़ियों की खेल से जुड़ी योजनाओं पर निर्भर करेगी। भारत ने इससे पहले 2001 और 2016 में जूनियर विश्व कप जीता है।

जूनियर विश्व के आगामी सत्र का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होगा। जूनियर टीम के कोच और अपने दोस्त पीआर श्रीजेश के अनुरोध पर युवा ड्रैग फ्लिकरों को प्रशिक्षण देने वाले रूपिंदर ने कहा श्रीजेश इस समय टीम के साथ अच्छा काम कर रहे हैं। हम जानते हैं कि खिलाड़ी युवा हैं, उनमें गति और प्रतिभा है, लेकिन महत्वपूर्ण गेम सेंस (मौजूदा परिस्थितियों की समझ) और गेम मैनेजमेंट (खेल योजना) की समझ होना काफी अहम है। उन्हें मिनट-दर-मिनट खेल को प्रबंधित करना सीखने की जरूरत है। जितना ज्यादा वे खेलेंगे, उतना ही उन्हें अनुभव मिलेगा।

उनके पास सब कुछ है, बस उन्हें गेम मैनेजमेंट पर काम करने की जरूरत है। रुपिंदर ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा इस टीम में क्षमता है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे उस दिन कैसा प्रदर्शन करते हैं और अपने गेम को कैसे प्रबंधित करते हैं। श्रीजेश अच्छा काम कर रहे हैं, इसलिए मुझे उम्मीद है कि उनका अनुभव टीम को फायदा पहुंचाएगा।

# भाजपा ने दो प्रमुख ओबीसी चेहरों को आगे किया

## भाजपा ने बिहार के लिए धर्मेंद्र प्रधान, पश्चिम बंगाल के लिए भूपेंद्र यादव को चुनाव प्रभारी बनाया

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दो प्रमुख ओबीसी चेहरों और पार्टी के सबसे अनुभवी चुनाव प्रबंधक केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव को क्रमशः बिहार और बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना प्रभारी नियुक्त किया। अगले वर्ष होने वाले चुनाव सहित तीन राज्यों के लिए कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियां करते हुए भाजपा ने अपने उपाध्यक्षों में से एक बैजयंत जय पांडा को तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के लिए प्रभारी नियुक्त किया है, जहां वह अन्नाद्रमुक की कनिष्ठ सहयोगी है। बिहार विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की उम्मीद है, वहीं पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले साल मार्च-अप्रैल में चुनाव प्रस्तावित हैं।



भाजपा के एक बयान में कहा गया है कि पार्टी की गुजरात इकाई के प्रमुख केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिहार चुनाव के लिए सह-प्रभारी हैं। इसमें कहा गया है कि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी होगे और केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल तमिलनाडु के सह-प्रभारी होगे। प्रधान और यादव दोनों अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं उन्होंने भाजपा के सबसे अनुभवी चुनाव प्रबंधकों में से हैं। मौर्य भी ओबीसी जाति से आते हैं, जबकि देब बंगाली हैं, जो कउन्हें सौंपे गए राज्यों में पार्टी के लिए राजनीतिक रूप से मददगार हो सकते हैं। प्रधान हरियाणा चुनावों के लिए प्रभारी थे, जबकि यादव ने 2024 में होने वाले महाराष्ट्र चुनावों के लिए इसी तरह की भूमिका निभाई और भाजपा ने दोनों राज्यों में आश्चर्यजनक जीत हासिल की। यद्यपि बिहार चुनाव के लिए प्रधान की औपचारिक नियुक्ति चुनाव के बहुत करीब की गई है, फिर भी वे राज्य के मामलों से जुड़े रहे हैं। वह 2010 के बिहार चुनावों में पार्टी के सह-प्रभारी थे, जब भाजपा-जद(यू) गठबंधन ने अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। प्रधान उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिए भी प्रभारी थे, जबकि यादव ने अतीत में बिहार और गुजरात सहित अन्य राज्यों में चुनावों की जिम्मेदारी संभाली थी। भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है, इसलिए चुनाव प्रभारी राज्य के नेताओं के साथ सेतु का काम करते हैं और पार्टी की रणनीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सह-प्रभारी एजेंडा को लागू करने में उनकी सहायता करते हैं। भाजपा जहां बिहार में अपने मुख्य सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) के साथ सत्ता बरकरार रखने पर नजर गड़ाए हुए है, वहीं उसे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाने की उम्मीद है, जहां वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए मुख्य चुनौती बनकर उभरी है, जो अगले चुनाव तक सत्ता में 15 साल पूरे कर लेंगी। तमिलनाडु में भाजपा एक सहयोगी पार्टी की भूमिका में बनी हुई है, जो सत्तारूढ़ द्रमुक से मुकाबला करने के लिए अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में एक मजबूत गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही है। पांडा इस वर्ष दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के चुनाव प्रभारी थे, जब भाजपा 25 वर्षों से अधिक समय के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सत्ता में लौटी थी। अगले वर्ष पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के साथ-साथ केरल, असम और पुडुचेरी में भी विधानसभा चुनाव होंगे।

# भाजपा चाहे जितना ध्यान भटकाने की साजिश करे हम वंचितों को अधिकार दिलाने को संकल्पितः राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार में अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे जितना ध्यान भटकाने की साज़िश कर ले, महागठबंधन अतिपिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग को उनका पूरा हक़ दिलाने के लिए संकल्पित हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि यह अति पिछड़ों की बराबरी और सम्मान की लड़ाई है तथा यही सच्चा सामाजिक न्याय है। राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य प्रमुख नेताओं ने बुधवार को पटना में अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया, "भाजपा चाहे जितने भी झूठ और ध्यान भटकाने की साज़िश करे, हम अतिपिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज को उनका पूरा हक़ दिलाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अतिपिछड़ा समाज को मज़बूत बनाने और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र में ठोस वादे किए गए हैं। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा इन समुदायों की प्रगति का सबसे बड़ा साधन है, इसलिए इस क्षेत्र में उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष संकल्प लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, अब निजी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में भी आरक्षण लागू होगा, निजी स्कूलों की आरक्षित आधी सीटें एससी।एसटीओबीसीाईबीसी बच्चों को मिलेंगी और नियुक्तियों में उपयुक्त नहीं मिला जैसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था ख़त्म होगी। राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि अति पिछड़ों की बराबरी और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि यही सच्चा सामाजिक न्याय और समान विकास की गारंटी है।

## संक्षेप

### मतदाता सूची में कई खामियां मिलीं : आदित्य

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाता सूची में अनियमितताओं का बृहस्पतिवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी को कई खामियां मिली हैं, जिन्हें वह जल्द ही सामने लाएगी। राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही इन अनियमितताओं के बारे में जानकारी देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह ही एक प्रेस वार्ता करेंगे। उन्होंने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में कहा कि विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को मतदाताओं की संख्या में अचानक वृद्धि, मतदाताओं के नाम गायब होने और बूथों पर कुप्रबंधन के बारे में पत्र लिखा था। ठाकरे ने कहा, "हमारी पार्टी को कई खामियां मिली हैं और वह उन्हें जल्द ही सामने लाएगी। उन्होंने कहा कि हम अभी जिस डेटा पर काम कर रहे हैं, उसके साथ एक प्रेस वार्ता करेंगे। हम इसे एक साथ मिला रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राहुल गांधी जैसी पत्रकार वार्ता करेंगे, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल। हम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस साल के अंत में होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले संवाददाता सम्मेलन किया जाएगा, तो ठाकरे ने कहा, मुझे यह जानकारी लीक नहीं करनी चाहिए। हम सर्जिकलस्ट्राइक का समय नहीं बता सकते।

# राष्ट्रपति भूविज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए वैज्ञानिकों को सम्मानित करेंगी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को भूविज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों और उत्कृष्ट योगदान के लिए वैज्ञानिकों और टीमों को सम्मानित करेंगी। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।



राष्ट्रपति मुर्मू यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार, 2024 प्रदान करेंगी। बयान में कहा गया है कि कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी और कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। खनन मंत्रालय द्वारा 1966 में स्थापित, राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं।

# विनाशकारी शस्त्र दौड़ चल रही : जेलेंस्की

संयुक्त राष्ट्र। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने विश्व नेताओं से कहा कि दुनिया में मानव इतिहास की सबसे विनाशकारी शस्त्र दौड़ चल रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को रूस के खिलाफ तुरंत कार्वाई करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूरोप में अपने युद्ध का विस्तार करना चाहते हैं।



संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में जेलेंस्की ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी कमजोर अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं यूक्रेन, गाजा और सूडान में युद्धों को रोकने में विफल रही हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून राष्ट्रों को बचाने के लिए पर्याप्त नहीं है। यूक्रेनी नेता ने कहा, सिर्फ हथियार और दोस्त ही सुरक्षा की गारंटी देते हैं। जेलेंस्की से एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया था और इस दौरान यूक्रेन के प्रयासों के प्रति समर्थन जताया और रूस की आलोचना की थी। ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि उन्हें विश्वास है कि यूक्रेन, रूस के हाथों गंवाए सभी क्षेत्रों को वापस हासिल कर सकता है। यह बयान उनके पहले के रुख से अलग है, जब उन्होंने बार-बार युद्ध समाप्त करने के लिए कीव को रियायतें देने की अपील की थी। जेलेंस्की ने अमेरिका के इस बदले रुख पर कोई टिप्पणी नहीं की और बस इतना कहा कि उनकी ट्रंप तथा कई अन्य मजबूत नेताओं के साथ अच्छी मुलाकात हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुतिन को अब नहीं रोका गया, तो युद्ध और व्यापक होगा। जेलेंस्की ने कहा कि पहले ड्रोन का उपयोग प्रमुख देशों द्वारा किया जाता था लेकिन अब हजारों लोग हैं।

# जल शक्ति मंत्री ने दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा अभियान का नेतृत्व किया

नयी दिल्ली। स्वच्छता अभियान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पवित्र संकल्प बताते हुए जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने बृहस्पतिवार को नागरिकों से स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान में पूरे मन से भाग लेने का आग्रह किया।



जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना तथा स्वयंसेवकों के साथ पाटिल राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा कालिंदी कुंज में आयोजित एक दिन, एक घंटा, एक साथ, श्रमदान का नेतृत्व करने के लिए शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छता का संकल्प भी लिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके सेवा, सादगी और समर्पण के सिद्धांतों को याद करते हुए पाटिल ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नदी संरक्षण महज एक प्रशासनिक जिम्मेदारी से आगे बढ़कर समाज का सामूहिक कर्तव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी का पुनरुद्धार हमारी सांस्कृतिक आस्था और पर्यावरणीय चेतना के अनूठे संगम को दर्शाता है। मंत्री ने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके स्वतंत्रता और स्वच्छता के सिद्धांत आज भी राष्ट्र का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारी नदियों का पुनरुद्धार आवश्यक है। जब संकल्प सामूहिक होता है, तो परिवर्तन निश्चित रूप से ऐतिहासिक बन जाता है। भारत में, स्वच्छता केवल स्वास्थ्य या पर्यावरण का मामला नहीं हैअ यह हमारी सभ्यता और संस्कृति की आत्मा है। पाटिल ने नागरिकों और स्वयंसेवकों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, 139 जिला गंगा समितियां और दो नगर पालिकाएं इस अभियान में शामिल हुईं, जिससे यह रेखांकित हुआ कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की सफाई केवल एक सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक जिले ने रैलियों, जागरूकता शिविरों और स्वच्छता अभियानों के माध्यम से 10,000 प्रतिभागियों को संगठित करने का संकल्प लिया है। दिल्ली में यमुना को पुनर्जीवित करने के लिए बहुआयामी परियोजनाएं पहले से ही चल रही हैं। प्रतिवर्ष गांधी जयंती से पहले मनाया जाने वाला स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वच्छ और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर प्रकाश डालता है।

# खरगे और राहुल ने की पर्यवेक्षकों के साथ बैठक

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में जिलाध्यक्षों के चयन के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ बृहस्पतिवार को बैठक की।



पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, राजस्थान के प्रभारी सुखजिन्दर रंधावा और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन एवं प्रदेश अध्यक्ष बोम्मा महेश कुमार गौड़ भी मौजूद थे। बैठक की तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए खरगे ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के एक कथन का उल्लेख किया। उनके अनुसार, नेहरू ने कहा था, कांग्रेस उन करोड़ों मूक इंसानों के साथ नजदीकी संबंध बनाए रखे जिसका वह प्रतिनिधित्व करती है। जब कांग्रेस कार्यकर्ता अपने विचारों तथा जीवन में इन करोड़ों लोगों के साथ घुल मिल जाएंगे तो कांग्रेस समितियां ऐसा पुण्य स्थल बन जाएंगी जो अन्याय से पीड़ित स्त्री-पुरुषों की समस्याओं का समाधान करेंगी। खरगे ने कहा, आज संगठन सृजन अभियान के तहत तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन के लिए बनाए गए आईसीसीसी पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। पार्टी ने बीते 23 सितंबर को छत्तीसगढ़ के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के 17 पर्यवेक्षक बनाए थे, जिनमें सप्तगिरि उलाका, अजय लल्लू, सुबोधकांत सहाय और उमंग सिंगार प्रमुख हैं। कांग्रेस ने तेलंगाना के लिए जिन 30 एआईसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है उनमें विजय इंदर सिंघला, भरत सिंह सोलंकी और सुखदेव भगत शामिल हैं। पार्टी ने तेलंगाना के लिए 22 पर्यवेक्षक बनाए हैं जिनमें सीपी जोशी, शक्ति सिंह गोहिल, श्रीविनवास बी वी और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# 'सैयारा के कारण नहीं चली फिल्म तन्वी द ग्रेट' : अनुपम

**मुंबई।** 'सैयारा' और तन्वी द ग्रेट दोनों ही फिल्में 18 जुलाई 2025 को रिलीज हुईं। एक्टर अनुपम खेर ने हाल ही में कहा कि उनकी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' बॉक्स ऑफिस पर 'सैयारा' के चलते नहीं चल पाई। उन्होंने कहा कि फिल्म न चलने से उन्हें दुख हुआ। इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में

**फिल्म के न चलने से मैं डिप्रेस हो गया, दुख हुआ**

उन्होंने कहा, 'मैंने फिल्म को लिखा और डायरेक्ट किया, लेकिन यह उसी दिन रिलीज हुई जब यशराज की 'सैयारा' आई और मेरी फिल्म पूरी तरह दब गई। इससे मैं डिप्रेस हो गया। मुझे बहुत दुख हुआ। दुख सिर्फ अपने लिए नहीं था, बल्कि उस नई लड़की के लिए भी था जिसे मैंने अपनी एक्टिंग स्कूल से लिया था। साथ ही करीब 200 लोगों ने इस पर काम किया था।



अनुपम खेर ने यह भी बताया कि 'तन्वी द ग्रेट' को सिनेमाघरों में रिलीज करने में भी परेशानी आई है। उन्होंने कहा, 'रिलीज से एक महीने पहले ही फाइनेंसर भाग गया। फिल्म महंगी थी। तब मैंने डॉक्टर, वकील जैसे दोस्तों को फोन किया। उन्होंने पैसे दिए। हमने इसका वर्ल्ड प्रीमियर कान फिल्म फेस्टिवल में किया। न्यूयॉर्क में भी दिखाया जहां रॉबर्ट डी नीरो ने इंटरवल तक फिल्म देखी और कहा कि ठीक है। हमने फिल्म राष्ट्रपति जी को भी दिखाई। 'तन्वी द ग्रेट' में अनुपम खेर और आयन ग्लेन ने अहम रोल निभाए हैं। वहीं, शुभांगी दत्त ने तन्वी का किरदार निभाया। अनुपम ने आगे कहा, 'सब कुछ ठीक था, लेकिन दर्शक लव स्टोरी देखना चाहते थे।

लंबे समय से ऐसी फिल्म नहीं आई थी। यहां सिस्टम यह है कि चाहे आप 400 थिएटर में रिलीज करें, लेकिन अगर दूसरी फिल्म हिट हो जाए तो आपकी फिल्म हटा दी जाती है। यह असफलता मेरे लिए बहुत दिल तोड़ने वाली थी। जब उनसे पूछा गया कि कौन-सी हिट फिल्म ने सबसे ज्यादा चौंकाया तो उन्होंने कहा, 'सैयारा। शायद आदित्य चोपड़ा भी हैरान हुए होंगे। सब हैरान थे, लेकिन शुक्र है कि आदित्य चोपड़ा और यश चोपड़ा मेरे परिवार जैसे हैं।

### दुलकर सलमान- पृथ्वीराज के घर कस्टम विभाग का छापा

मुंबई। दुलकर सलमान मशहूर अभिनेता मामूट्टी के बेटे हैं। वहीं पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म एक्टर और डायरेक्टर सुकुमारन के बेटे हैं। कोच्चि में एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन और दुलकर सलमान के घरों में मंगलवार को कस्टम डिपार्टमेंट ने छापा मारा। यह कार्रवाई ऑपरेशन 'नुमखोर' के तहत की गई है। दरअसल, कस्टम डिपार्टमेंट ने मंगलवार को कई जगह रेड की। यह रेड राज्य भर में कई कलाकारों और उद्योगपतियों के घरों और परिसरों में की गई। यह कार्रवाई भूटान से कथित रूप से 100 से ज्यादा प्रीमियम वाहन अवैध रूप से इम्पोर्ट करने के मामले में की जा रही है। कस्टम अधिकारियों के अनुसार, भूटान से सेकंड-हैंड रवश कार बिना टैक्स के भारत में लाई गईं और केरल में कारोबारियों और फिल्म इंडस्ट्री के लोगों को बेची गईं।

# एआर रहमान को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली राहत

मुंबई। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को म्यूजिक कंपोजर ए.आर. रहमान के खिलाफ सिंगल-जज द्वारा दिए गए अस्थायी रोक के आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश 2023 की तमिल फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन 2' के गाने 'वीरा राजा वीरा' के कॉपीराइट उल्लंघन मामले में दिया गया था। बार और बेंच के अनुसार, रहमान ने इस आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की थी। डिवीजन बेंच के जस्टिस सी. हरि शंकर और ओम प्रकाश शुक्ला ने अपील पर आदेश पारित किया। कोर्ट ने कहा, हमने अपील को स्वीकार किया है। हमने सिंगल-जज के आदेश को रद्द किया है। यह आदेश केवल प्रिंसिपल पर आधारित है। दरअसल, साल 2023 में पद्म श्री से सम्मानित भारतीय शास्त्रीय गायक फैयाज वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। उन्होंने इसमें आरोप लगाया था कि फिल्म 'पोन्नियन सेलवन 2' का गीत 'वीरा राजा वीरा' उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा जहीरुद्दीन डागर द्वारा रचित 'शिव स्तुति' की नकल है।

**वीरा राजा वीरा' गाने और शिव स्तुति विवाद से जुड़े मामले पर अस्थायी आदेश रद्द**

# यह सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है : रानी

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने बुधवार को कहा कि 30 साल के करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतना एक भावुक क्षण है और उन्होंने यह सम्मान अपने दिवंगत पिता राम मुखर्जी को समर्पित किया। मंगलवार को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्रदान किया।



आशिमा चिब्बर द्वारा निर्देशित यह फिल्म मार्च 2023 में रिलीज होगी। रानी (47) ने कहा एक अभिनेत्री के रूप में अपने 30 साल के सफर में पहला राष्ट्रीय पुरस्कार पाकर मैं सचमुच अभिभूत हूं। यह सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है, और मैं इसे अपने दिवंगत पिता को समर्पित करना चाहती हूं, जिन्होंने हमेशा मेरे लिए यह सपना देखा था। अभिनेत्री ने एक बयान में कहा आज मुझे उनकी बहुत याद आ रही है

और मैं जानती हूं कि यह उनका आशीर्वाद और मेरी मां की निरंतर शक्ति और प्रेरणा है, जिसने मुझे श्रीमती चटर्जी की भूमिका निभाने में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने प्रशंसकों और मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के कलाकारों और फिल्म से जुड़े सभी लोगों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। यह फिल्म नॉर्वे में रहने वाली एक भारतीय मां देबिका चटर्जी (मुखर्जी) की कहानी है, जो अपने बच्चों से जबरन अलग कर दिए जाने के बाद उनका संरक्षण वापस पाने के लिए प्रशासन से लड़ती है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com